रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-242 मूल्य 3.00 ₹







## क्विक न्यूज

### विकास के मानकों का पुनः मूल्यांकन करना होगा : मुर्मू



**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वर्तमान के मानव केन्द्रित विकास काल खंड में विकास के साथ, साथ विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। संसाधनों के असंतुलित दोहन ने मानवता को ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां विकास के मानकों का पुनः मूल्यांकन करना होगा। मुर्मू ने बुधवार को यहां इन्दिरा वन अकादमी में वर्ष 2022 बैच के परिविक्षाधीन भारतीय वन सेवा अधिकारियों के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह समझना बहुत जरूरी है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 'आप' की डॉक्टर इकाई ने किया प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और 23 दिनों तक उन्हें इंसुलिन नही देने के विरोध में आप कार्यकर्ताओं और पार्टी की डॉक्टर इकाई ने भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया समूह के प्रत्याशी एवं 'आप' के वरिष्ठ नेता कुलदीप कुमार ने इस दौरान कहा कि भाजपा निष्पक्ष चुनाव से भाग रही है इसीलिए बिना सबूत के केजरीवाल को जेल में रखा हुआ है और उनको प्रताड़ित किया जा रहा है।

### शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी

**मुंबई।** इजराइल-ईरान तनाव को लेकर जारी चिंता कम होने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर धातु, कमोडिटीज, हेल्थकेयर और इंडस्ट्रियल्स समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन बढ़त का सिलसिला जारी रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक मजबूत होकर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ।

# संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है : मोदी

## जब हम विकसित भारत की बात करते हैं तो कांग्रेस और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है

पायनियर संवाददाता ‹ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा विरासत-कर संबंधी बयान पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को एक बार फिर आड़े हाथों लिया और आगाह किया है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह नया विरासत कानून लाएगी। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वह भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं और इसलिए अब वह अमेरिका की तरफ रुख कर रहे हैं। मोदी सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के अम्बिकापुर में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आहूत विशाल जनसभा के संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि क्या वह पित्रोदा के बयान से सहमत हैं? कांग्रेस अगर पित्रोदा की राय से इत्तेफाक नहीं रखती है तो उसे अपने घोषणा पत्र से इस मुद्दे को वापस लेना चाहिए। मोदी ने कहा कि पित्रोदा का बयान कांग्रेस का मकसद साफतौर पर जाहिर कर रहा है कि कांग्रेस देश की जनता की निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालना चाहती है और 'देश के संसाधन पर सबसे पहला अधिकार माइनॉरिटी और उसमें भी मुस्लिम लोगों का है' की मंशा को पूरी करते हुए इसका बँटवारा करना चाहती है, जैसा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल में कहा था। मोदी ने कहा कि पित्रोदा ने अमेरिकी कानून भारत में लागू करके देशवासियों की सम्पत्ति हड़पना चाहती है। अब कांग्रेस या तो स्वीकार करे कि उसका मकसद वही है जो पित्रोदा ने कहा है, या फिर देश से माफी मांगकर इस मुद्दे को अपने घोषणापत्र से वापस ले। छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन कांग्रेस की इस बदनीयती को अच्छी तरह भाँप रही है और कांग्रेस दो टूक बता देगी कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग का है। मोदी ने कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस की सरकार माताओं-बहनों के सोना-चांदी का हिसाब करेगी और जाँच करेगी, और फिर वह सम्पत्ति उनको बाँट देगी, जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको बाँटने की बात कह रही है, घुसपैठियों को बाँटने की बात कह रही है। अपनी मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाना देशवासियों को कतई मंजूर नहीं होगा। यह कांग्रेस की 'अर्बन नक्सली सोच' है। परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना आर्थिक साम्राज्य बना लिया है और अब उनकी नजर देशवासियों की सम्पत्ति पर पड़ गई है। देश की सम्पत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है। प्रधानमंत्री मोदी ने पुरानी यादों को जनता-जनार्दन के साथ साझा करते हुए कहा कि भाजपा ने जब उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाया तो अंबिकापुर में लाल किला बनाया था। कांग्रेस के ईको सिस्टम है, जो आए दिन मोदी पर हमला करने के लिए जगह ढूंढते रहते हैं, उस पूरी टोली ने हमला बोल दिया था कि ये लालकिला कैसे बनाया जा सकता है? अभी तो प्रधानमंत्री का चुनाव बाकी है। ये लाल किला का दृश्य बनाकर वहां से सभा होने पर तूफान मचा दिया था। लेकिन सरगुजा और छत्तीसगढ़वासियों की सोच के कारण मोदी लाल किले तक पहुंचा और राष्ट्र को संदेश दिया और अंबिकापुर क्षेत्र की जनता से आशीर्वाद मांगने आया है। मोदी ने कहा कि अभी कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के भ्रष्टाचारी पंजे को हटाने आशीर्वाद मांगा था और आप लोगों ने इसका मान रखा और सरगुजा से भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया।

### लोकसभा चुनाव में भी सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ में कांग्रेस खाता नहीं खुलना चाहिए : साय



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जैसे सरगुजा संभाग में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का खाता नहीं खुला, सुपड़ा साफ हो गया वैसे ही लोकसभा चुनाव में भी सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ में कांग्रेस खाता नहीं खुलना चाहिए। पूरी 11 सीटें जीताकर मोदी को सौंपनी है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है। यह नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। मोदी देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हुए 24 घंटो में 18 घंटे गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं की चिंता करते हुए काम करते हैं। विश्व में देश की 140 करोड़ जनता का जो मान बढ़ा है वो मोदी की ही देन है। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन पर काम कर रहे हैं। साय ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अपराध और भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था 36 वादे जनता से किए पर पूरा एक भी नहीं किया।

## मोदी ने मंगलसूत्र तथा दाम्पत्य की गरिमा को गिराया : कांग्रेस

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगल सूत्र संबंधी बयान को लेकर उनकी कड़ी आलोचना की और कहा कि उन्होंने न सिर्फ मंगल सूत्र का महत्व कम किया बल्कि दाम्पत्य की गरिमा को भी गिराया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी ने कांग्रेस के सत्ता में आने पर महिलाओं के मंगलसूत्र बेचने को लेकर जो बयान दिया है उससे उन्होंने, न दांपत्य के सूत्र की गरिमा रखी और, न मंगलसूत्र का महत्व रखा। उन्होंने कहा मोदी, आपको भले ही सिंदूर और मंगलसूत्र का महत्व नहीं पता लेकिन इस देश के लोग इसका महत्व बखूबी जानते हैं। मंगलसूत्र दांपत्य जीवन का पावन और पवित्र प्रतीक है जो करोड़ों ब्याहताएं पहनती हैं और सारा जीवन उसे निभाती हैं। प्रवक्ता ने कहा मोदी जी, आपने गरीबों का कुछ भला नहीं किया। आपने गरीबों को कोविड में चिलचिलाती धूप में पैदल चलने को मजबूर किया। कोविड में गरीबों को दवाई और ऑक्सीजन के लिए दर-दर भटकाया। गरीबों को हवाई जहाज में बैठने का झूठा सपना दिखाया। मोनोपॉली बनाई और छोटे लघु उद्यम बंद करा दिए। आपने नोटबंदी कर गरीबों को लाइन में खड़ा किया, जहां उनकी मौत हुई। उन्होंने कहा आपने गरीबों के अधिकार छीने। मोदी और भाजपा जातिगत जनगणना के खिलाफ हैं या उसका समर्थन करते हैं। इस सवाल का 'हां' या 'ना' में जवाब देना पड़ेगा। क्यों आप लोगों को प्रतिनिधित्व नहीं देना चाहते। मोदी और भाजपा जातिगत जनगणना के खिलाफ हैं या उसका समर्थन करते हैं।

## बिहार की सेवा ही हमारा धर्म और पूरा बिहार है हमारा परिवार : नीतीश कुमार

वार्ता ‹ पटना
www.dailypioneer.com



जनता दल यूनाइटेड के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की सेवा को ही अपना धर्म और पूरे बिहार को अपना परिवार बताया और वर्ष 2005 से पहले लालू-राबड़ी राज में प्रदेश की बदहाली को याद दिलाते हुए राज्य की जनता से चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रत्याशी को वोट देने की अपील की है। मुख्यमंत्री कुमार ने दूसरे चरण के चुनाव प्रचार की समाप्ति से पहले सोशल नेटवर्किंग साइट पर बिहारवासियों को पत्र लिखकर याद दिलाई कि 2005 से पहले की सरकार ने बिहार को किस हाल में पहुंचा दिया था। उन्होंने कहा कि बिहार का खजाना खाली था। सड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर कोई बात करने वाला नहीं था। घोटाले, अपराध, अपहरण, हत्या, डकैती, नरसंहार, माफिया राज इत्यादि बिहार की पहचान बन चुके थे। उद्योग-धंधे बंद हो गए थे। अपराधियों के डर से व्यापारी कारोबारी बिहार से पलायन कर गए थे। और तो और चिकित्सकों तक का फिरौती के लिए अपहरण हो जाया करता था। कुमार ने आगे कहा, यह कहना ठीक नहीं होगा कि बिहार में व्यवस्था चौपट हो चुकी थी, सच तो यह है कि उस समय बिहार में कोई व्यवस्था ही नहीं थी। बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झेलना पड़ता था। लेकिन, वर्ष 2005 में घना अंधेरा छंटा, उम्मीदों का नया सूरज उगा। बिहार की देवतुल्य जनता ने राज्य में एनडीए की सरकार को मौका दिया और हमने बिहार को अराजकता और अव्यवस्था से बाहर निकालकर, उसे विकास की राह पर ले जाने का संकल्प लिया।

## अनिल टुटेजा 5 दिनों की रिमांड पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को 5 दिनों की रिमांड पर ईडी को सौंप दिया है। अब ईडी पांच दिनों तक शराब घोटाले मामले में उनसे पूछताछ करेगी। जिसके बाद 29 अप्रैल को फिर से अनिल टुटेजा को कोर्ट में पेश किया जाएगा। जानकारी के लिए बता दें कि ईडी ने अनिल टुटेजा को 20 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद ईडी ने रिमांड के लिए 21 अप्रैल को रायपुर कोर्ट में ही पेश किया। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए पूर्व आईएएस को एक दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था। इसके बाद 22 अप्रैल को फिर से ईडी रिमांड को लेकर अनिल टुटेजा को कोर्ट में पेश करने वाली थी। लेकिन, जेल प्रबंधन ने सुरक्षा में पर्याप्त बल नहीं होने का हवाला देते हुए कोर्ट नहीं लाने की असमर्थता जताई थी। जिसके बाद कोर्ट की सुनवाई में पूर्व आईएएस वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए जेल से ही पेश हुए। चूंकि पीएमएलए कोर्ट के स्पेशल जज छुट्टी पर थे।

## एसीबी ने महादेव ऐप मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**रायपुर।** चर्चित महादेव एप मामले में फरार दो बड़े आरोपियों को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल वकटे को टीम ने दिल्ली व रितेश यादव को गोवा से पकड़ा है। अगस्त 2023 में चंद्रभूषण वर्मा की गिरफ्तारी के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। जानकारी के मुताबिक, एसीबी मुख्यालय में दोनों आरोपी पर 120 बी, 34, 420, 467, 467, 471 भादंवि व धारा 7,11 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 के तहत अपराध दर्ज है। एसीबी की टीम लगातार दोनों आरोपियों की पता तलाशी कर रही थी। इसी बीच एसीबी की टीम को राहुल वकटे के दिल्ली व रितेश के गोंवा में छुपे होने की सूचना मिली। टीम ने बीना कोई देरी किए दोनों आरोपियों को लोकेट किया। दोनों पिछले आठ माह से वहां छुपे हुए थे। दोनों से पूछताछ में पता चला कि राहुल वकटे हवाला के जरिये ही पैसे प्राप्त कर चन्द्रभूषण वर्मा सतीश वर्मा तक पहुंचाता था। दूसरा आरोपी रितेश यादव पुणे में महादेव एप सट्टा का पैनल संचालन करता था। जांच में ये भी पता चला है कि राहुल वकटे के नाम से 3 रजिसटर्ड फर्म भी है, जिसमें बड़ी मात्रा में आरोपियों द्वारा कैश जमा करवाया जाता था। एसीबी की टीम ने हवाला के 43 लाख रूपए फ्रीज कराया गया है। मालूम हो कि रितेश यादव पुणे में महादेव सटटा ऐप का संचालन कर रहा था। इस मामले में पुणे पुलिस के सहयोग से रेड कार्रवाई की गई थी। टीम ने इस दौरान आठ आरोपियो को पकड़ा था।

### देश नरेंद्र मोदी को इस अपराध के लिए कभी माफ नहीं करेगा

## मोदी ने अमीरों के 16 लाख करोड़ का कर्ज माफकर गरीबों का हक मारा : राहुल गांधी

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड रुपए का कर्ज़ माफ कर गरीबों का हक़ छीना है। गांधी ने यहां जारी एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने अरबपति मित्रों का 1,60,00,00,00,00,000 मतलब 16 लाख करोड़ रुपया कर्ज़ा माफ किया है। उनका कहना था कि इतनी रकम का कर्ज माफकर मोदी ने देश के करोड़ों गरीबों के हक़ को छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा 'इतने पैसों से 16 करोड़ युवाओं को एक लाख रुपये साल की नौकरी मिल सकती थी और 16 करोड़ महिलाओं को एक लाख रुपये साल देकर उनके परिवारों की जिंदगी बदली जा सकती थी तथा 10 करोड़ किसान परिवारों का कर्ज़ माफ कर अनगिनत आत्महत्याएं रोकी जा सकती थी। गांधी ने कहा कि इतनी रकम से पूरे देश को 20 वर्षों तक मात्र 400 रू में गैस सिलेंडर दिया जा सकता था और तीन साल तक भारतीय सेना का पूरा खर्च उठाया जा सकता था। इसके साथ ही दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज के हर युवा की ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई मुफ्त की जा सकती थी। उन्होंने कहा जो पैसा 'हिंदुस्तानियों' के दर्द की दवा बन सकता था, उसे 'अडानियों' की हवा बनाने में खर्च कर दिया गया। देश नरेंद्र मोदी को इस अपराध के लिए कभी माफ नहीं करेगा। अब हाथ बदलेगा हालात कांग्रेस हर हिंदुस्तानी की प्रगति के लिए सरकार चलाएगी।

### जाति जनगणना राजनीति नहीं मेरे जीवन का मिशन है

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि जाति जनगणना उनके लिए कोई राजनीति नहीं बल्कि उनके जीवन का मिशन है और केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर इसे अनिवार्य रूप से कराया जायेगा। गांधी ने यहां जवाहर भवन में सामाजिक न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनकी भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, जबसे मैंने जाति जनगणना विचार रखा है, सभी तथाकथित देशभक्त डरे हुए हैं। जाति जनगणना मेरे लिए राजनीति नहीं है, बल्कि यह मेरे जीवन का मिशन है। जैसे ही कांग्रेस सरकार केंद्र में सत्ता में आएगी, हम तुरंत इसे करायेंगे और यह मेरी गारंटी है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को उनका हक नहीं मिल रहा है। मीडिया के प्रबंधन स्तर या निजी अस्पतालों और बड़ी कंपनियों में और यहां तक कि न्यायपालिका में भी दलितों, आदिवासियों या ओबीसी की शायद ही कोई उपस्थिति है। उन्होंने कहा 'मुझे जाति में नहीं बल्कि 'न्याय' में दिलचस्पी है। भारत में 90 फीसदी लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। हमने कहा कि हमें यह पता लगाने की जरुरत है कि कितना अन्याय हो रहा है और यह केवल जाति जनगणना के जरिए ही संभव है। गांधी ने सवालिया लहजे में कहा, क्या आपको घायल होने पर एक्स-रे की ज़रूरत नहीं है। जनगणना वही एक्स-रे होगी। जैसे ही मैंने एक्स-रे शब्द का इस्तेमाल किया, प्रधानमंत्री और मीडिया के एक खास वर्ग ने मुझ पर देश को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने मीडिया को यह बताने के लिए भी भाजपा की आलोचना की कि वह गंभीर नहीं हैं और उन्हें राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन ने खटखटाया उच्चतम न्यायालय का दरवाजा

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तारी के बाद करीब तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्च न्यायालय के आदेश पारित करने में देरी का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया।इस पर पीठ ने कहा कि शीघ्र सुनवाई के मामले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ कोई विचार कर सकते हैं। सिब्बल ने पीठ के समक्ष 'विशेष उल्लेख' के दौरान कहा कि इस मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय ने 27 और 28 फरवरी को की थी, लेकिन अभी तक कोई आदेश पारित नहीं किया गया है।पीठ के समक्ष उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पारित कराने में देरी का मतलब यह होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को लोकसभा चुनाव के दौरान जेल में ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय की ओर को आदेश पारित करने में देरी के बाद पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन ने अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत के समक्ष याचिका दायर की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 31 जनवरी 2024 को पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को गिरफ्तार किया था।

## उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम-वीवीपैट पर चुनाव आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट की पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक बढ़ाने की याचिका पर बुधवार को चुनाव आयोग से कई स्पष्टीकरण देने के साथ ही यह भी बताने को कहा कि क्या माइक्रो कंट्रोलर एक बार प्रोग्राम करने योग्य है? न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वी एन भट्टी की पीठ ने चुनाव आयोग से आज दो बजे से पहले ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित कई तथ्य स्पष्ट करने को कहा।पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और अन्य वकील से कहा, हम बस कुछ स्पष्टीकरण चाहते थे। शीर्ष अदालत ने यह जानना चाहा कि क्या कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट में माइक्रो कंट्रोलर स्थापित है। पीठ ने चुनाव आयोग से पूछा, हमें लगा कि नियंत्रण इकाई में मेमोरी स्थापित है। हमें बताया गया कि वीवीपैट में फ्लैश मेमोरी है। क्या माइक्रो कंट्रोलर एक बार प्रोग्राम करने योग्य है। हमें बस इसकी पुष्टि कर दें। शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि चुनाव आयोग के पास कितनी प्रतीक लोडिंग इकाइयां उपलब्ध थीं। पीठ ने ईवीएम के डेटा को बरकरार रखने की समय सीमा भी जानना चाहा। पीठ ने चुनाव आयोग की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भाटी और वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह से पूछा, आपने कहा कि चूंकि चुनाव याचिका दायर करने की सीमा 30 दिन है। इसलिए ईवीएम में डेटा 45 दिनों तक संग्रहित रहता है, लेकिन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 81 के अनुसार, उस सीमा की अवधि 45 दिन है।

# वेदांता एल्युमीनियम ने 'ऑटोएज' कॉन्क्लेव आयोजित कर ऑटो उद्योग के लिए एल्युमीनियम रेंज पेश किया

## कम्पनी ने उद्योग की जरूरतों के अनुसार कई उच्च गुणवत्ता के समाधान दिए

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



वेदांता एल्युमीनियम, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक ने नई दिल्ली में ऑटोमोटिव सेक्टर के लिए 'ऑटोएज 2024' एक इंडस्ट्री कन्लेव का आयोजन किया। आधुनिक परिवहन में एल्युमीनियम का विभिन्न रूपों में बुनियादी महत्व है। यह ऑटोमोटिव के उत्पादन में एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। इस अवसर पर इस सेक्टर के भावी रोडमैप और इसके अंदर बड़े बदलाव में एल्यूमीनियम की भूमिका पर विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कई सत्र आयोजित किए गए। यह प्रतिभागियों के लिए सहयोग के नए क्षेत्रों को जानने का भी बड़ा अवसर था। टॉप ऑटोमोटिव वाहन निर्माताओं और अनिवार्य कम्पोनेंट निर्माताओं ने इसमें भाग लिया। एल्युमीनियम हल्के वजन का धातु है जिसमें कई विशिष्ट गुण हैं जैसे अधिक कम वजन में अधिक मजबूत, उत्कृष्ट विद्युत चालक, जंग से बचने और पुनर्चक्रण की क्षमता शामिल है। इन गुणों की वजह से यह तेजी से बढ़ते ऑटोमोटिव सेक्टर के कई उपयोगों के लिए चुना जाता है। इस सेक्टर से वित्त वर्ष 2031 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 15 प्रतिशत योगदान की उम्मीद है। आंतरिक दहन (आईसी) इंजन वाले एक वाहन में औसत लगभग 180 किलोग्राम एल्यूमीनियम होता है जबकि एक इलेक्ट्रिक वाहन में लगभग 260 किलोग्राम एल्यूमीनियम लगता है। आयोजन के बारे में वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ जॉन स्लेवेन ने कहा कि हम ऑटोमोटिव उद्योग के हमारे ग्राहकों को एक साथ कई लाभ देते हैं। विश्व स्तरीय विशेषज्ञता, अत्याधुनिक तकनीक, उनके अनुकूल एलॉय, व्यापार करने में आसानी, भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला और सबसे महत्वपूर्ण व्यवसाय को सस्टेनेबल बनाने की प्रतिबद्धता। इसके साथ-साथ इनोवेटिव उत्पादों के विकास, अत्याधुनिक तकनीक और स्थानीयकरण के बल पर वे भारतीय ऑटोमोटिव सेक्टर को वैश्विक कम्पनियों से बराबरी की प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देते हैं। यूनो मिंडा के सीनियर जनरल लीड-कॉर्पोरेट मटेरियल्स के गौरव वत्स ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम ने बताया कि ऑटोमोटिव सेक्टर किस तरह विकास के नए दौर के लिए तैयार है। इस बदलाव का अधिक से अधिक लाभ लेने में एल्युमीनियम कई तरीकों से योगदान दे सकता है। परस्पर सहयोग से किए गए प्रयासों से हमेशा बेहतर समाधान मिलते हैं। इसलिए हम वेदांता एल्युमीनियम से हमारी सफल साझेदारी आगे ले जाने के लिए उत्साहित हैं। इससे इनोवेशन और व्यावसायिक विकास की संभावना साकार होगी। वेदांता ने ऑटोमोटिव सेक्टर में इनोवेशन की अहमियत समझते हुए खास इस उद्योग के लिए कई उच्च गुणवत्ता के उत्पाद पेश किए हैं। इनमें सिलेंडर हेड और एलाय व्हील के लिए विशिष्ट प्राथमिक फाउंड्री एलॉय (पीएफए) और क्रैश-प्रतिरोधी एक्सट्रूजन के लिए बिलेट्स, जो जोरदार टक्कर रोकने वाले कार्यों के लिए जरूरी हैं। कंपनी विभिन्न ऑटोमोटिव उपयोगों के लिए सिल्लियां, रोल्ड प्रोडक्ट और वायर रॉड भी तैयार करती है। ये संयुक्त राज्य अमेरिका, स्पेन और इटली सहित अन्य देशों से आई विश्वस्तरीय टेक्नोलॉजी से तैयार किए जाते हैं। ये उच्च स्तरीय उपयोगों के लिए 60 से अधिक देश के ग्राहकों को निर्यात भी किए जाते हैं। यह वेदांता के उत्पादन की गुणवत्ता और बढ़ती मांग का प्रमाण है। वेदांता एल्युमीनियम ने नए उत्पाद तैयार करते हुए हमेशा 'सबसे पहले ग्राहक' पर ध्यान केंद्रित किया है। कम्पनी की ग्राहक तकनीकी सेवा टीम ग्राहकों की खास मांग के अनुसार उनके सहयोग से उत्पाद तैयार करती है। कंपनी का एल्युमीनियम पार्क ओडिशा के झारसुगुड़ा में बन रहा है जहां डाउनस्ट्रीम कम्पनियां अपनी यूनिट लगा कर वेदांता के मेगा एल्युमीनियम स्मेल्टर से तैयार पिघली धातु तत्काल प्राप्त कर सकती हैं। हाल में वेदांता एल्युमीनियम ने दुनिया का सबसे बड़ा ई-सुपरस्टोर वेदांता मेटल बाजार शुरू किया है जहां प्राइमरी एल्यूमीनियम के 750 से अधिक उत्पाद उपलब्ध हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के फीचरों का लाभ लेकर यहां ग्राहकों को शुरू से अंत तक आसानी से खरीदारी का अनुभव दिया जाता है। एस एंड पी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 में वेदांता को दुनिया के सबसे सस्टेनेबल एल्यूमीनियम उत्पादक का दर्जा दिया गया है। वेदांता के झारसुगुड़ा स्थित दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमीनियम स्मेल्टर और कोरबा, छत्तीसगढ़ स्थित भारत एल्यूमीनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) दोनों एल्युमीनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) के कठोर प्रदर्शन मानकों पर मान्यता प्राप्त हैं। इसके अलावा इन्वायरनमेंटल प्रोडक्ट डिक्लेरेशन (ईपीडी) इंटरनेशनल ने कम्पनी के उच्च गुणवत्ता के एल्यूमीनियम उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के सस्टेनेबल उत्पादन का सत्यापन किया है। वेदांता एल्युमीनियम भारत की पहली कम्पनी है जिसे स्मेल्टिंग के लिए आईएटीएफ 16949:2016 की मान्यता प्राप्त है और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के सभी मानकों पर विशाल उत्पाद रेंज के लिए प्रमाणन प्राप्त करने वाली यह पहली कम्पनी है। पहली बार वेदांता ने ही अपनी रेस्टोरा रेंज में कम-कार्बन युक्त 'ग्रीन' एल्यूमीनियम पेश किया था। रेस्टोरा का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा से होता है जिसमें ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन की तीव्रता प्रति टन एल्यूमीनियम के उत्पादन में उत्सर्जित सीओ2 समकक्ष (टीसीओ2ई) से 4 टन कम है - जो एल्यूमीनियम को कम कार्बन युक्त माने जाने की वैश्विक सीमा है। रेस्टोरा अल्ट्रा का निर्माण दुबारा हासिल एल्युमीनियम से किया जाता है। इसलिए इसका कार्बन फुटप्रिंट और भी कम-दरअसल दुनिया में सबसे कम है। ये दोनों पूरी दुनिया के ऑटोमोटिव उद्योग को सस्टेनेबल उत्पाद देने को लेकर कम्पनी की प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। वेदांता लिमिटेड का अहम कारोबार वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्यूमीनियम उत्पादक है। वित्तवर्ष 24 में भारत के कुल एल्यूमीनियम उत्पादन में आधे से अधिक यानी 2.37 मिलियन टन का उत्पादन वेदांता ने किया। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में सबसे आगे है। इनका बुनियादी उद्योगों में महत्वपूर्ण उपयोग है। कम्पनी भारत में अपने विश्वस्तरीय एल्यूमीनियम स्मेल्टर, एल्यूमिना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ 'नए दौर की धातु' एल्यूमीनियम से स्वच्छ भविष्य निर्माण के मिशन पर आगे बढ़ रही है।

# मानसी, रोजिना, काव्यांश, लक्ष चुने गए सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी, शिवाजी स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण










पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, पुरानी बस्ती व प्रोफेसर कॉलोनी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्या द्वय नफीसा रंगवाला व रशीदा फजली ने वर्ष भर में आयोजित स्पर्धाओं के विजेताओं समेत विभिन्न वर्गों के पुरस्कार प्रदान किए। वर्ष भर अपनी सक्रियता, अनुशासन, अध्ययन, रचनात्मकता तथा सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार दिया जाता है जो इस वर्ष मानसी पाण्डे, रोजिना खातून, काव्यांश देवांगन व लक्ष छाजेड़ को दिया गया। इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ अनुशासित विद्यार्थी के लिए महक मेघानी, पूर्विका ठाकुर, कन्हैया यदु व अनघ देशकर को सम्मानित किया गया। वर्ष भर सभी कार्यक्रमों व स्कूल की अन्य व्यवस्था संबंधी गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता से भाग लेने के लिए शिफा जोया, याशिका पृथवानी, अक्ष अग्रवाल व संजोग कुमार को सर्वाधिक सक्रिय विद्यार्थी का पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सदन (बेस्ट हाउस) के लिए प्रभारी शिक्षिकाएं पुष्पा सोनी, ज्योति रवानी, आरती शर्मा, वर्षा साहू, स्वधा श्रीवास्तव, जनकुमारी बंजारे व अनामिका साहू पुरस्कृत किए गए, जबकि इन्ही सदनों के प्रभारी विद्यार्थियों अलिशा परवीन, अंजली घोष, हर्षिता साहू, गार्गी यदु, सत्यम साहू, रौनक अग्रवाल, जय सागर व शौर्य अवधिया को भी उनके सदनों को सर्वश्रेष्ठ सदन के लिए पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए उनके बीच से कुछ विद्यार्थियों को प्रभार दिया जाता है ऐसे विद्यार्थियों में हेड गर्ल महक परवीन, असिस्टेंट हेड गर्ल मेघा सोनकर, जूनियर हेड गर्ल वीणा साहू, हेड बॉय आकाश सोनकर, असिस्टेंट हेड ब्वॉय सागर देवांगन, जूनियर हेड बॉय सनी जाना को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा इस वर्ष में साल भर स्कूल में उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया। विशेष तौर पर दो सगे भाई भाई-बहन आकाश सोनकर व मेघा सोनकर के लिए सबके सामने विशेष प्रशंसा कर तालियों से अभिनंदन किया गया जिन्होंने पिछले 15 वर्षों में अर्थात् नर्सरी से बारहवीं तक में एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली। गत् वर्ष अपनी कक्षाओं में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिकाओं निर्मला बिसेन, पार्वती देवांगन, रूपा साहू, किरण साहू, शिरीन परवीन, नीना शर्मा ने भी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

# प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने ली स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक

## निमाणार्धीन कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अविनाश मिश्रा ने समीक्षा बैठक लेकर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माणाधीन कार्यों का निरंतर पर्यवेक्षण करें एवं जून माह से पहले सभी प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिया जाए। रायपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मुख्य रुप से अंडरग्राउंड केबलिंग, 24*7 जलापूर्ति योजना, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, महाराजबंध, नरैया व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी सहित अन्य प्रोजेक्ट की प्रगति की विस्तार से जानकारी लेकर जून माह की तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्ज्वल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) पी.के. पंचायती, उप-महाप्रबंधक (वित्त) अमित शर्मा, डिप्टी मैनेजर अमित मिश्रा, मैनेजर (जी.आई.एस.) रंजीत रंजन,असिस्टेंट मैनेजर शुभम तिवारी, नेहा पटेल, योगेंद्र साहू सहित स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# विधायक दीपेश साहू ने किया सभा स्थल का निरिक्षण



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अमित शाह 26 अप्रैल को बेमेतरा जिले के प्रवाश पर रहेंगे द्य जहाँ बेमेतरा के बेसिक स्कूल मैदान मे आयोजित चुनावी आमसभा को सम्बोधित करेंगे। और दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्यासी विजय बघेल के पक्ष मे चुनाव प्रचार करेंगे द्य जिसके लिए आज बेमेतरा विधायक दीपेश साहू कार्यक्रम स्थल बेसिक स्कूल मैदान का निरिक्षण कर भाजपा पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम के समुचित व्यवस्था,को लेकर भाजपा पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओ को दिशा निर्देश दिया। इस दौरान लोकसभा सह प्रभारी राजीव अग्रवाल , संजय बघेल, राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र वर्मा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,हर्ष तिवारी, राकेश मोहन, विकास घरडे, अजय तिवारी, नीलू राजपूत, राजीव चौबे, मोंटी साहू, रेवा राम निषाद, राजू देवांगन,विकाश तम्बोली, रोहित साहू सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू व अफसरों को मतदाता पर्ची का किया वितरण

## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर घर-घर तक मतदाता पर्ची का वितरण



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर घर-घर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। आज मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश समेत अन्य अधिकारियों को मतदाता पर्ची का वितरण उनके निवास में किया गया। उन अफसरों को मतदाता पर्ची का वितरण एडीएम निधि साहू व एसडीएम नंदकुमार चौबे ने किया। साथ ही उन्होंने मतदान का आग्रह भी किया।


# जिले के 804 मतदान केन्द्रों के लिए आज सुबह 6 बजे से होगी सामाग्री वितरण

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और 72 कवर्धा के 804 मतदान केन्द्रों के लिए 25 अप्रैल को कृषि उपज मंडी बिलासपुर रोड़ कवर्धा से सुबह 06 बजे समाग्री वितरण शुरू किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज बिलासपुर रोड स्थिति कृषि उपज मंडी में मतदान दल रावागनी स्थल का अवलोकन किया। यहां बताया गया कि मतदान दल रवानगी की तैयारी पूरी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी 01, 02, 03 को निर्धारित समय में उपस्थित होकर सामाग्री प्राप्त करने के निर्देश दिए है। वही दोनां विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए सभी सेक्टर आफिसरों को भी समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति पूर्ण निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए जिले के एक सहायक मतदान केन्द्र मिलाकर 804 मतदान केन्द्रों के लिए 75 सेक्टर आफिसर का बनाया गया है। मतदान सामग्री का वितरण सुव्यवस्थित रूप से करने के लिए जिले के दोनों विधानसभा पंडरिया एवं कवर्धा के लिए 20-20 कुल 40 काउंटर बनाए गए है। इसके लिए काउंटर प्रभारी एवं सहायक 200 कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। मतदान सामग्री स्थल पर महिला मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान रखा गया। कलेक्टर महोबे ने कहा कि मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के समय सावधानीपूर्वक कार्य करना जरूरी है। उन्हांने कहा कि वितरण के समय और समान वापसी के समय सभी चीजों का संग्रहण करें और मिलान जरूर करें। भारत निर्वाचन अयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कबीरधाम जिले में मतदान 26 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से शुरू होगा। जिले के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 411 मतदान केन्द्र के लिए गठित 411 मतदान दल को समाग्री का वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के 393 मतदान केन्द्र के लिए गठित 393 मतदान दल को सामाग्री वितरण किया जाएगा।

# भूपेश बघेल के 5 वर्ष की कार्यकाल से जनता खुशहाल थी, आज उसी के नाम पर वोट मांग रहे है

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



अब हम बात करते है प्रदेश के सबसे बड़े हाईप्रोफाई लोकसभा सीट राजनादगांव की जहां कांग्रेस ने गरीबों एव किसानो की मसीहा कहे जाने वाले एव कका के नाम से मसहूर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को तो भाजपा ने वर्तमान सांसद संतोष पाण्डेय पर पुनः भरोसा जताते हुए राजनांदगांव लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है

अब बात करते हैं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की 5 वर्षो की कार्यकाल की उन्होंने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में पंडरिया विधानसभा के पंडरिया ब्लॉक एव तहसील कुण्डा अंतर्गत ग्रामों में अनेकों विकास कार्य करवाए है जिनका उन्हें सीधा सीधा फायदा मिलता हुआ दिखाई दे रहा। बघेल के कार्यकाल में कुण्डा,इंदौरी को नगर पंचायत की दर्जा कुण्डा को पूर्ण तहसील की दर्जा एव कुण्डा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित मांग महाविद्यालय को भी पूरा किया कुण्डा क्षेत्र में कई उपार्जन केन्द्र की भी सौगात दिए थे मिनी स्टेडियम कोलेगांव में मिला वही पंडरिया को नगरपालिका का दर्जा उन्हीं के कार्यकाल में मिला इसी के चलते प्रत्याशी भूपेश बघेल को क्षेत्र में भरी जनसमर्थन मिलते नजर आ रहे। जहांबघेल चुनाव प्रचार खुद सम्हाले हुए है इसकेभूपेश बघेल के चुनाव प्रचार में अभी तक राष्ट्रीय स्तर नेता प्रचार प्रसार में प्रियंका गांधी आए है क्षेत्र मेंबघेल डोर टू डोर जनसंपर्क कर अपने समर्थन में मतदान करने की अपील कर रहे वहीबघेल के लिए पंडरिया विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी, बैद्यनाथ चंद्राकर लालबहादुर चंद्रवंशी आनंद सिंह महेश चंद्रवंशी राजेश शुक्ला, लालजी चंद्रवंशी ब्लॉक अध्यक्ष कुण्डा उतरा दिवाकर,ब्लॉक अध्यक्ष पंडरिया ,दिनेश कोशरिया,भुनेश्वर निर्मलकर तुकाराम चंद्रवंशी हेमंत अपने-अपने टीम के साथ मोर्चा सम्हाले हुए है लगातार सगन दौड़कर भूपेश बघेल के पक्ष में प्रचार प्रसार कर रहे हैं लगातार मेहनत कर रहे हैं जो कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं से मिलकर भेंट मुलाकात भूपेश बघेल के पक्ष में वोट देने का अपील किया जा रहा है वही कुण्डा,पेंड्री एव देवगढ़िया का प्रभार क्षेत्र छाया विधायक मुंगेली संजीत बनर्जी पूरे दमखम के साथ मोर्चा संभाले हुए अगर एक प्रकार से देखा जाए तो कुल मिलाकर राजनांदगांव लोकसभा मोदी बनाम बघेल नजर आ रहा है।

# भाजपा सरकार में महतारी एवं नारीशक्ति का सम्मान होता है : विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

## बसना-पिथौरा में महतारी सम्मान रैली का आयोजन

पायनियर संवाददाता बसना
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की ओर से पिथौरा व बसना नगर में महतारी सम्मान रैली का आयोजन किया गया। रैली में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल, भाजपा पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में नारीशक्ति ने हाथों में भाजपा झण्डा एवं मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का पोस्टर बैनर लेकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने संकल्पित होकर नगर भ्रमण किए। सर्वप्रथम सुबह 09:00 से 12:00 बजे तक पिथौरा नगर में विधायक जनसंपर्क कार्यालय से महतारी सम्मान रैली का शुभारंभ किया गया तथा नगर भ्रमण करते दोपहर 12:00 बजे रैली का समापन किया गया, वहीं बसना नगर में दोपहर 02:00 बजे नगर मुख्य चौक शहीद वीर नारायण सिंह चौक से रैली की शुरुआत कर नगर भ्रमण करते शाम 05:00 बजे लोकसभा चुनाव कार्यालय में रैली का समापन किया गया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने रैली में शामिल माता बहनों व भाजपा कार्यकर्ताओ एवं नगरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा



परिवार के सदस्य हैं, आप सभी जानते हैं कि नारीशक्ति, मातृशक्ति एवं युवाओं का सम्मान भाजपा पार्टी में ही होता है, मोदी सरकार ने नारी शक्ति के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाएं ताकि देश की विकास में मातृशक्ति का भी महत्वपूर्ण योगदान हो। जब से देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से हमारा भारत हर क्षेत्र में विकास की एक नई गाथा लिख रहा है और आगे भी देशवासियों की आशीर्वाद से भारत विश्व का नंबर एक शक्तिशाली देश का दर्जा प्राप्त करेगा। मोदी के नेतृत्व में देश ने दस साल में जो हासिल किया है, मोदी के आने वाले तीसरे कार्यकाल में भारत दोगुना रफ्तार से विकास करेगा। उन्होंने मातृ शक्ति का अभिनंदन कर नारी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित भाजपा को विजयी बनाने की जनता जनार्दन से अपील की व महिला शक्ति को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आप सभी ने विधानसभा चुनाव में आशीर्वाद देकर अपना विधायक चुने हैं ठीक उसी प्रकार लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी को प्रचंड मतों से जीत दिलाने के लिए कमल फूल छाप पर मतदान करें। साथ ही उन्होंने मोदी लहर से जुड़ने की दिशा में भाजपा में प्रवेश करने वाले पिथौरा निवासी सतपाल सिंह गम्भीर एवं रमणजीत सिंह गम्भीर सहित अन्य सम्मानित सदस्यों का भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह, विधानसभा संयोजक डॉ. एनके अग्रवाल,जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, उपाध्यक्षगण रमेश अग्रवाल जितेन्द्र त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, मण्डल अध्यक्षगण अनिल अग्रवाल माधव साव नरेश सिंघल, हरप्रसाद पटेल, कृष्ण कुमार साहू,विधायक प्रतिनिधिगण अभिमन्यु जायसवाल, विक्की सलुजा, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा,महामंत्री आशीष शर्मा, दुलीकेशन साहू, रीना गर्ग, विधायक जनसंपर्क कार्यालय पिथौरा प्रभारी छबीलाल रात्रे, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल पार्षदगण शीत गुप्ता, महेन्द्र सिंह अरोरा, डेनियल पीटर, सोनू सोनवानी,भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, अभय धृतलहरें, विकास वाधवा, निर्मलदास, कामेश बंजारा, आकाश सिन्हा, मोहित पटेल, राधेश्याम नायक, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# बारदाना 16 से 20 रुपए, कीमत में तेजी की संभावना नहीं

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



चार माह से शांत, बारदाना में अब मांग निकलने की संकेत मिलने लगे हैं। कीमत में तेजी की संभावना इसलिए नहीं है क्योंकि अग्रिम तैयारी, भरपूर मात्रा में की गई है। खरीफ के बाद रबी सत्र की मांग की प्रतीक्षा बहुत जल्द खत्म होने वाली है। बेहतर फसल की संभावना को ध्यान में रखते हुए बारदाना बाजार ने जो तैयारी की हुई है, उसके मुताबिक चालू रबी सत्र में ठहरी हुई कीमत पर बारदानों की खरीदी किसान कर सकेंगे।

**आस बेहतर मांग की :** रबी सत्र। ग्रीष्मकालीन धान के साथ गेहूं और दलहन, तिलहन फसलों के लिए जाना जाता है। अवसर देता है यह सत्र, बारदानों के बाजार को। खरीफ की अपेक्षा मांग कम ही होती है लेकिन भंडारण जैसी स्थितियां बारदानों की मांग को मजबूत आधार देती है। इसलिए सेकंड हैंड जुट बैग मार्केट अच्छा अवसर इसलिए मान रहा है क्योंकि लगभग सभी फसलें उत्पादन में बढ़त का स्पष्ट संकेत दे रहीं हैं।

**संपर्क बढ़ा रहे :** शहर में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की संख्या अच्छी-खासी है। यहां से सेकंड हैंड बारदानों की मांग लगभग पूरे साल निकलती रहती है लेकिन पड़ोसी बिलासपुर जिले की मांग हमेशा से प्राथमिकता में रही है। इसलिए यह कारोबार क्षेत्र, रबी सत्र की मांग के लिए बिलासपुर जिले के संपर्क में है ताकि 3 माह से ठहरे बाजार को गति मिल सके। इसके अलावा अन्य जिलों से भी संपर्क बढ़ाने के प्रयास हैं।

**16 से 20 रुपए 20 रु प्रति नग :** यह दर उस बारदानें का है, जिसका उपयोग एक बार हो चुका है। कारोबारी मांग में इसे फ्रेश बारदाना के नाम से पहचाना जाता है। जबकि 16 और 18 रुपए उस बारदानें की कीमत बताई जा रही है। जिसका उपयोग क्रमशः दो और तीन बार हो चुका है। शक्कर, सूजी, मैदा और आटा के प्लास्टिक बैग भी खरीदे जाते हैं। इसकी कीमत 9 से 10 रुपए प्रति नग पर स्थिर है। तेजी की धारणा नहीं है क्योंकि बारदानों की उपलब्धता भरपूर मात्रा में है।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल में भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर ओम गंगेश्वर धाम रामाबुटी के तत्वावधान में मंगलवार शाम भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कोड़ेनार पंचायत की महिलाओं के द्वारा पूजा अर्चना पश्चात शोभायात्रा रिंगरोड नम्बर चार से प्रारंभ हो कर बंगाली कैम्प, रामपुर कैम्प, घड़ी चौक से होते हुए बसस्टैंड से श्री राघव मंदिर पहुंची जहां श्री राघव मंदिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ला ने विधिवत शोभायात्रा में शामिल प्रभु श्री राम, माता सीता एवं बजरंगबली की झांकी के रूपों की आरती उतारी। तत्पश्चात शोभायात्रा डीएवी स्कूल से होते शीतला माता मंदिर पहुंची जहां पर महिलाओं ने भव्यस्वागत करते हुए आरती पश्चात शोभायात्रा में शामिल भक्तों को जलपान करवाया। तत्पश्चात शोभायात्रा का समापन गाँधीनगर स्थित हनुमान टेकरी में महाआरती के साथ किया गया । समापन के पश्चात बजरंगी सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने ओम गंगेश्वर धाम रामाबूटी समिति के सदस्यों को तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

## कुदरत का कहर बारिश और ओलावृष्टि से रबी फसलें हुई चौपट



**महासमुंद।** क्षेत्र मे बीते मंगलवार रात मे मौसम अचानक करवट ली और तेज अधंड के साथ बारिश शुरू हो गई । कुछ ही देर मे ओले गिरना शुरू हो गई। ओले से रबी धान फसलो को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसी तरह कोमाखान तहसील के अतर्गत ग्राम पंचायत पतेरापाली (स) आश्रित ग्राम लोंदामुड़ा के किसानो ने बताया की लगभग दो सौ एकड़ रबी फसल धान मंगलवार रात मे तेज हवा बारिश और ओले गिरने से फसलों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा दिया है । फसल पककर तैयार हो रहा था । अचानक कुदरत का कहर बनकर बारिश और ओला वृष्टि से फसल पुरी तरह से चौपट हो गई। किसानो का मेहनत कमाई खड़ी फसल खरहेरा मे तबदील यानी धान पुरी तरह झड़ चुके है । शासन प्रशासन से की किसानो ने की मुआवजे की मांग । ग्राम लोंदामुड़ा के इन किसानो ने की है मुआवजे मांग नारायण नायक मानसिंह पांडे जीवन देवांगन पीलीबाई चन्द्राकर देवचरण पटेल अनिल चन्द्राकर सुनील चन्द्राकर तीलक नायक जनक नायक बाबूराव नायक पंकज अघारिया पटेल श्याम देवांगन सुरेश देवांगन मधुसूधन पटेल रूप नारायण पटेल भूखन देवांगन विजय कुमार भगत देवागंन द्वारिका देवागंन दिवान निषाद बिसाहू देवांगन मोमबाई सतरूपा बंशीलाल आदि ने फसल का मुआयना कर शीघ्र मुआवजे मांग की है ।

# किरन्दुल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को दिया जा रहा हैं प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल धरमपुर कैम्प स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में ग्रीष्मकालीन में भी बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शहनाज़, सहायिका रीना पाल द्वारा विभिन्न तरीकों से शिक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। जिसमें बाल विकास और मनोविज्ञान, बच्चों के लिए गीत और कविताएं, संतुलन आहार की अवधारणा के साथ खाद्य और पोषण की जानकारी एवम अन्य विषयों की शिक्षा दी जा रहीं हैं। साथ ही बच्चों को पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है। बुधवार सुपरवाइजर शांति मिडियामी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया एवम बच्चों से कविता, पढ़ाई से संबंधित प्रश्न पूछा गया।

# प्रतिबंधित माओवादियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जाएगा

## शीघ्र आत्मसमर्पण करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com





बीजापुर जिले में माओवाद के विरूद्ध सघन अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते नक्सली बौखलाहट के कारण आम नागरिकों और बेकसूर और मासूम लोगों को क्षति पहुंचाने में निरंतर प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में जिला कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने नक्सलियों को प्रतिबंधित माओवादी विचार धारा एवं हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण करने की बात कही कलेक्टर ने कहा कि अभी भी समय है विदेशी विचार धारा को छोड़ कर अपने और अपने आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए आत्मसमर्पण करें और नई पुनर्वास नीति के तहत उनको पुनर्वास किया जाएगा। जो लोग पूर्व में आत्मसर्मपण किए हैं आज वे लोग मुख्य धारा में जुड़कर बेहतर जीवन जी रहे हैं और अपने परिवार अपने बच्चों के सुखद भविष्य की ओर अग्रसर हैं। आज जो शिक्षा स्वास्थ्य और विकास से ग्रामीणों को दूर रख कर है वह स्वयं उच्च शिक्षित है लैपटॉप, कम्प्यूटर और उच्च तकनीकी ज्ञान रखते हैं। नक्सलियों के प्रेसनोट में जो किसी शहरी क्षेत्र में बना दिखता है में शुद्ध हिन्दी, बिना किसी व्याकरण एवं वर्तनी त्रुटि के देखा जा सकता है और वही लोग बीजापुर की एक पीढ़ी को शिक्षा से वंचित करने का पाप किया है। यह विकास विरोधी तत्व बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास से ग्रामीणों को दूर रखकर अपने नापाक मसूंबो की पूर्ति के लिए सुनियोजित ढंग से आतंक कर रहे हैं, इसका अंत तय है। जिस तरह उनके द्वारा लगाए आईईडी ब्लास्ट से बीजापुर के बेकसूर और मासूम ग्रामीण आदिवासी तथा पुलिसकर्मी मारे जा रहे हैं वह घोर निंदनीय है इसका खामियाजा उनको भुगतना पड़ेगा और अरबन नक्सलियों के खिलाफ भी कार्रवाई तेज किये जाऐंगे।बीजापुर के भोली-भाली जनता इनके नापाक मंसूबो को समझ चुकी है और विकास की ओर अपना कदम बढ़ा रही है। इसका ताजा उदाहरण दो बार नक्सली बंद के आह्वान को आम जनता ने सिरे से नकार दिया। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा निर्वाचन 2024 में भी लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था अपनी आस्था व्यक्त की है।

# तिल्दा के रेत तस्करों का आतंक फिर चरम सीमा पर एक दो दिन बन्द रहा, अब फिर चालू, राजस्व क्षति

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा के रेत तस्करों के नए कारनामे सुनने को मीडिया कर्मियों को मिल रहा है। तस्करों ने खनिज विभाग से ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की डोंगरीडीह से शाम 6 बजे ड्यूटी समाप्त होते ही कर्मचारियों की पीछा करते हुए कई किलोमीटर तक जाते हैं लाहोद डोटोपार तक पीछा करते हुए जाते हैं जैसे ही लंबी दूरी तय कर कर्मचारियों का टीम तिल्दा के सीमा पार होती है वैसे ही पिछा करने वाले मुख्य तस्कर अपने अन्य साथियों को फोन कर सूचना देकर अवैध खनन करने के हरि झंडी दे देते हैं। फिर होता है रात में रेत तस्करी का अवैध कारोबार। सूत्रों का कहना है कि तिल्दा के रेत तस्कर किसी ठिकाने पर बड़े पैमाने पर रेत भी डंपिंग कर रहे हैं ताकि उन्हें किसी ट्रक हाइवा से परिवहन करवा सके।तस्करों ने रेत चोरी के तरह तरह के हथकंडे अपनाने की जानकारी लगातार मीडिया कर्मियों को प्राप्त हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि रेत तस्करी से जुड़े लोगों का आतंक इतना बढ़ रहा है कि ये लोग सड़कों को बदतर बना रहे हैं। इसके अलावा राजस्व नुकसान पहुंचाने में भी लगें हुए हैं। खनिज निरीक्षक भूपेंद्र भक्त ने कहा कि कल से नए रणनीति के तहत तस्करों को दबोचा जाएगा।

# बीजेपी पार्टी का कार्यकर्ता बताकर मीडिया कर्मियों को बीजेपी मण्डल लवन के ग्रुप में अश्लील गाली-गलौज कर दे रहा है धमकी, गिरफ्तारी मांग तेज

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा के रहने वाले आरोप रामानंद पिता मनक राम डौंडिया अपने आप को बीजेपी कार्यकर्ता बताते हुए लोगों को तो धमकाते फिरते रहता है अब वह मीडिया कर्मियों को सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप बीजेपी मण्डल लवन व्हाट्सएप ग्रुप में खुली तौर पर मीडिया कर्मियों को अश्लील माँ बहन की गाली गलौच, गॉव की गली मोहल्ले में जान सहित मारने पीटने की धमकी सहित घर में घुसकर जान लेवा हमला करने की बात ग्रुप में मेसेज कर धमकी देने का मामला प्रकाश में आया।ये आरोपी पूर्व में 2016 में भी गॉव की एक महिला को घर में घुसकर धमकाया था जिस पर पूर्व में लवन चौकी में इनके विरुद्ध शिकायत, कार्रवाई हुआ था। अब अपने आप को आते जाते बीजेपी पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता बताकर डराने धमकाने का मामला पहले भी आते रहा है। लोग आरोपी की आदतन अपराधी छवि को जानकर उलझना उचित नहीं समझ रहे हैं लेकिन उक्त आरोपी ने मंगलवार रात में बीजेपी लवन मण्डल में जुड़े कुछ मीडिया कर्मियों को गंदी गंदी माँ बहन की अश्लील गाली गलौच, जान सहित मारने पीटने, घर में घुसकर हमला करने कंही भी मिलने पर काम तमाम कर देंगे जैसे डरावनी धमकी ग्रुप में मेसेज करते हुए दिया है। जिसका स्क्रीन शॉट मीडिया कर्मियों के पास सुरक्षित है। थाना प्रभारी एवं रात्रि ड्यूटी प्रभारी पुलिस थाना लवन को सम्पूर्ण घटना से अवगत कराते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की मांग मीडिया कर्मियों ने पुलिस प्रशासन, राज्य सरकार से किये हैं ।एवं ऐसे अपराधिक छवि के व्यक्ति यदि कोई भी पार्टी में जुड़े हुए हैं तो हटाने की भी मांग किये गए हैं।आरोपी द्वारा उक्त घटना में इस्तेमाल किये गए मोबाईल नम्बर 8717942414 है। इसी नम्बर से लगातार बीजेपी मण्डल लवन व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़े मीडिया कर्मियों को लगातार मेसेज पोस्ट करते हुए धमकी दिये गए हैं। प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष योगेश कुमार सिंघम ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग पुलिस प्रशासन, बीजेपी की सरकार एवं आरोपी यदि पार्टी से जुड़ा हुआ है तो उसे हटाया जाए। ऐसे लोगों के चलते ही किसी भी प्रतिष्ठित पार्टी की छवि भी धूमिल हुआ है। पुलिस थाना लवन रात्रि ड्यूटी प्रभारी का कहना है कि कानून हाथ में लेने वाले किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## रवानगी के समय पोलिंग पार्टी के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के चेहरे पर आत्मविश्वास

# अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में मतदान के लिए 9 मतदान दल हेलीकॉप्टर से रवाना

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com





लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांकेर-11 के लिए 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को मतदान सम्पन्न होगा। जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों के लिए आज सुबह 09 मतदान दल के 58 सदस्य अंतागढ़ स्थित हेलीपेड से हेलीकॉप्टर से रवाना हुए। इस दौरान मौके पर उपस्थित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह और एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला ने हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करने वाले मतदान अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए उनकी हौसला-अफजाई की। रवानगी के समय पोलिंग पार्टी के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के चेहरे पर आत्मविश्वास, जोश और उत्साह की छवि स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी, कि वे लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व व महत्वपूर्ण कर्तव्य का हिस्सा बनने जा रहे हैं। ज्ञात हो कि हेलीकॉप्टर से रवाना होने वाले उक्त नौ मतदान दलों कुल 58 अधिकारी-कर्मचारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर ऑफिसर और सुरक्षा सम्मिलित हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में दूसरे चरण के मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साथ ही संवेदनशील मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 727 मतदान केन्द्र हैं, जिनमें 285 संवेदनशील एवं 54 अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्र हैं। शेष मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को 25 अप्रैल को रवाना किया जाएगा।


ARCL

**यूवी एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ("यूवीएआरसीएल")**
**कॉर्पोरेट कार्यालयः 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली – 110 019**

**बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण व सुरक्षा हित अधिनियम के क्रियान्वयन अधिनियम, 2002, जिसे सुरक्षा हित (क्रियान्वयन) नियम 2002 के नियम 6, 7, 8 एवं 9 के अनुसार यह बिक्री सूचना सार्वजनिक की जाती है। निम्नलिखित सम्पत्ति का कब्जा लेने के बाद यूवी एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, (यूवीएआरसीएल), एक एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी जो कि भारतीय रिजर्व बैंक से सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत पंजीकृत, ने अपने सुरक्षित ऋण की वसूली के लिए निम्नलिखित उधारकर्ता के साथ नीचे विस्तारित जमानतदार की सम्पति बेचने के लिए अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्णय लिया गया। **"जो है जैसा है, जहां है वहां है व जैसा है वैसा है"** के आधार पर अधोहस्ताक्षरी इच्छुक क्रेताओं व बोली लगाने वालों से निम्न वर्णित सम्पतियों के खरीद के लिए बन्द लिफाफे में आवेदन आमन्त्रित की जाती है।

| खाता / कर्जदार / बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना के अनुसार दावा राशि | सम्पत्ति / यों का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (10%) | कब्जे की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| उधारकर्ता – **मैसर्स बीएसआर डायग्नोस्टिक लिमिटेड** (पंजीकृत कार्यालयः 15, वाणिज्यिक परिसर, नेहरू नगर (एफ), भिलाई, जिला दुर्ग (सीजी) पिन–462020) और इसके 'गारंटर' | **रु. 66,67,45,675/– (रु. छियासठ करोड सडसठ लाख पैतालीस हजार छः सौ पचहत्तर केवल) दिनांक 30.04.2017 तक और दिनांक 01.05.2017 से उक्त राशि पर संविदात्मक दरों से आगे का ब्याज, आकिस्मक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि, बाद का क्रेडिट घटकार यदि कोई हो** | 1. परिवर्तित रिहायशी प्लॉट नं. ई-2, टाईप ए-1, खसरा नं. 7/35 का हिस्सा, वीआईपी सिटी, कुशा भाऊ ठाकरे वार्ड, वार्ड नं. 26, मौजा सड्डू, रायपुर (सी जी) साथ ही उस पर निर्माण भी, यह सम्पत्ति डॉ. मनमोहन कुमार खंडूजा पुत्र डी.पी खंडूजा के नाम पर है। भूमि क्षेत्रफल 2400 वर्ग. फुट. (40'X60'), प्लिंथ क्षेत्रफल 1006 वर्ग फीट, चौहद्दीः पूरब में - रोड, पश्चिम में - प्लॉट नं. एफ-2, उत्तर में - प्लॉट नं. ई-3, दक्षिण में - प्लॉट नं. ई-1 | **रु. 70,20,000/-** / **रु. 7,02,000/-** | दिनांक 12.02.2024 को भौतिक कब्जा लिया गया |
| | | 2. परिवर्तित रिहायशी-सह-वाणिज्यिक प्लॉट नं. 15, मोती लाल नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, कोसा नगर वार्ड, वार्ड क्रमांक-2, तहसील एवं जिला दुर्ग (सी.जी.) साथ ही उस पर निर्माण, यह सम्पत्ति डॉ. मनमोहन कुमार खंडूजा पुत्र डी.पी खंडूजा के नाम पर है। भूमि क्षेत्रफल 93.75 वर्ग. मी., चौहद्दीः पूरब में - प्लॉट नं. 16. पश्चिम में - खुली भूमि, उत्तर में - रोड़, दक्षिण में - रोड़ | **रु. 1,00,00,000/-** / **रु. 10,00,000/-** | दिनांक 12.02.2024 को भौतिक कब्जा लिया गया |

**संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि और समयः 06.05.2024 से 10.05.2024 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच**
**प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि और स्थानः यूवी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर 13.05.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक**
**निविदाएं खोलने की तिथि और स्थानः कॉर्पोरेट कार्यालय अर्थात यूवी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर 13.05.2024 को शाम 04.00 बजे तक**

**नियम व शर्ते**
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्ते सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.uvarcl.com पर उपलब्ध हैं।
किसी भी प्रश्न के लिए आप कृपया प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक के बीच 9319164656, 9477305326 पर संपर्क कर सकते है या resolutionteam@uvarcl.com, uvarcl@gmail.com पर लिखें।
*यह उक्त वर्णित सम्पति के ऋणी / गारंटर को भी अधिसूचना है कि उनका बताये गये ऋण के पूरा भुगतान न होने की स्थिति मे उक्त वर्णित सम्पति की नीलामी हो रही है।*

दिनांकः 25-04-2024,
स्थानः रायपुर

हस्ता / –
प्राधिकृत अधिकारी,
(यूवी एसेट रिकन्सट्रशन कंपनी लिमिटेड)

# न बाप बड़ा न भैया.. सबसे बड़ा रूपैया.. की तर्ज पर चारों तरफ चल रहा नियम विरूद्ध कार्य

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में विभिन्न स्थलों में अवैध प्लाटिंग चल रही हैं, बिना अनुमति के रिसॉर्ट चल रहे हैं। पूर्व में स्वीकृत निगम क्षेत्रांतर्गत नाली निर्माण चल रहा है, नियम विरूद्ध बिना पार्किंग के बड़े-बड़े काम्प्लेक्स, दुकान, मकान बन रहे हैं। लेकिन इन सब पर रोक लगाने के लिये किसी ने भी बीड़ा नहीं उठाया और लगातार ऐसे कार्य हो रहे हैं। यदि यही कार्य कोई गरीब व्यक्ति द्वारा किया जाता तो उसके लिये विभिन्न नियम-कायदे बताकर उसके निर्माण अथवा कार्य को रोक दिया जाता। अवैधानिक रूप से चलने वाले ऐसे कार्यों पर बंदिश नहीं लगाये जाने को लेकर अब बॉलीवुड की फिल्म सबसे बड़ा रूपया.. का उदाहरण जागरूक नागरिक देते हुए तंज कस रहे हैं। अनेक शिकायतों के बाद जिले के चारों तरफ चल रहे अवैध प्लाटिंग, अवेध विकास, बिना अनुमति स्वीमिंग पुल निर्माण, रिसॉर्ट जैसे कारोबार धड़ल्ले से चल रहे हैं। लेकिन इन पर नकेल कसने वाला जिले में कोई भी अमला मौजूद नहीं है जिससे ऐसे लोग बेखौफ होकर अपने कार्यों को अंजाम देते हुए सीधे चुनौति देने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण श्यामतराई से संबलपुर तक लोक निर्माण विभाग के अधीन ठेकेदार द्वारा कराये जा रहे सड़क निर्माण से भी दिया जा सकता है। अवैध प्लाटिंग को लेकर वर्षों से लगातार मीडिया के द्वारा इस पर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया। दिखावे के लिये पिछले महीने अपर कलेक्टर के द्वारा पांच लोगों के निर्माण कार्य को पूर्व की स्थिति में लाया गया। पंजीयन की कार्यवाही पर रोक लगाया गया। 29 दिन बाद उक्त अधिकारी द्वारा उन तमाम निर्माण कार्यों पर लगाई गई पाबंदी नाटकीय घटनाक्रम के तहत हटा दी गई जबकि एक गरीब व्यक्ति कहीं मकान बना रहा होता तो उसे नोटिस देकर उसके कार्य को रूकवाते और उस पर अतिक्रमण अथवा अनाधिकृत निर्माण की कार्यवाही चलते रहती। इसी तरह राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश जिसके तहत शासकीय भूमि पर बसे गरीबों को उसका पट्टा दिये जाने का निर्देश दिया गया था। उसके तहत अनेक ऐसे धनाड्य व्यक्तियों द्वारा इसका लाभ लेते हुए अपने आसपास की भूमि को कब्जा दर्शाकर अपने नाम पर फ्री-होल्ड कराये जाने का आवेदन दिया गया जिसका निराकरण भी हो गया और उनके नाम पर पट्टा भी बन गया। लेकिन गरीब लोगों का प्रकरण आज भी विचाराधीन है। मध्यम श्रेणी के लोगों का कहना है कि हमने धनाड्य व्यक्तियों के आवेदन के पूर्व आवेदन दिया था। लेकिन ऐसे लोगों ने भेंट




पूजा चढ़ाकर अपना पट्टा बनवा लिया और हम लोगों ने सेवा सत्कार नहीं किया, इस कारण हमारा काम अटका पड़ा है। जागरूक नागरिकों की शिकायतों को नजरअंदाज कर लोक निर्माण विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का श्यामतराई से संबलपुर तक सड़क निर्माण में किये जा रहे नियम विरूद्ध कार्य को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। यह सड़क निर्माण 16 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन है। भूमाफियाओं द्वारा सस्ते दर पर कृषि भूमि को खरीदकर उसे कालोनियों में परिवर्तित कर सर्वसुविधायुक्त कालोनी का नाम देकर ऐसे लोग जो मकान बनाने की इच्छा रखते हैं, उन्हें मूर्ख बनाकर ऐसे बिना परिवर्तित हुए क्षेत्र में उनसे भारी भरकम रकम लेकर उनके नाम पर रजिस्ट्री करा दी गई। लेकिन उन्हें मालूम हुआ कि यहां कोई सुविधा नहीं है, तब उन्होंने रकम वापसी की मांग की। लेकिन संबंधित भूमाफिया द्वारा उनका रकम वापस यह कहकर नहीं किया गया कि हमने आपको जगह बोला था वह आपको सुपुर्द कर दिया गया, इस तरह उनके साथ छल किया गया। जबकि निगम क्षेत्रांतर्गत एवं ग्राम नगर निवेश के क्षेत्र में आने वाले अवैध कालोनियों के निर्माण की प्रक्रिया आज भी जारी है। लेकिन यहां बैठे अधिकारियों के द्वारा कभी भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं की गई। अवैध प्लाटिंग को लेकर दूसरे जिलों में निगम एवं ग्राम नगर निवेश की टीम ने न सिर्फ ऐसे अवैध निर्माणों को तोड़ा बल्कि उनके विरूद्ध एफआईआर तक दर्ज कराई गई है। लेकिन यहां ऐसा अब तक कुछ नहीं किया गया जिसके पीछे बॉलीवुड के फिल्म का गाना न बीवी न बच्चा, न बाप बड़ा न भैया, द होल थिंग इज देट सबसे बड़ा रूपया.. चरितार्थ होती है और जागरूक नागरिक यह मान भी रहे हैं कि शिकायत एवं मीडिया सुर्खियों में रहने वाले ऐसे लोगों पर कोई कार्यवाही अधिकारी इसीलिये नहीं करते। पिछले दिनों होली पर्व पर गंगरेल स्थित रिसॉर्ट में युवकों द्वारा नशे में धुत्त होकर हुल्लड़ मचाया जा रहा था। इस रिसॉर्ट को लेकर पॉयनियर ने पिछले दिनों एक समाचार का प्रकाशन किया था जिसका असर यह रहा कि उक्त रिसॉर्ट में बांध का पानी चोरी करने की घटना प्रकाश में आई और इसे लेकर जल संसाधन विभाग द्वारा उक्त रिसॉर्ट के संचालक को नोटिस भी जारी की गई और शुल्क पटाने का निर्देश दिया गया था। यहां भी इस मामले को लेकर जल संसाधन विभाग की कार्यवाही संदेह के दायरे में है कि अभी तक उनके द्वारा जबसे रिसॉर्ट का निर्माण हुआ है, तबसे हो रही पानी चोरी का शुल्क पटाने का निर्देश न देकर वर्ष 2022-23-24 का ही शुल्क पटाने के लिये नोटिस जारी की गई थी। खबर है कि यह रिसॉर्ट एक आदिवासी की कुछ भूमि पर निर्माण किया गया है। उक्त आदिवासी को अविभाजित मध्यप्रदेश के समय वनभूमि जीविकोपार्जन के लिये आबंटित की गई थी। लेकिन पैसे का लालच देकर उक्त आदिवासी को आबंटित भूमि का कुछ भाग उक्त रिसॉर्ट में मिला लिया गया जिससे एक बात साफ है कि धमतरी जिले में पैसे का बोलबाला है। जो ज्यादा पेसा देगा, उसी के तरफ न्याय होगा और गरीब, मध्यम श्रेणी के लोगों के साथ कोई रियायत नहीं की जायेगी। यह क्रम पूर्ववर्ती सरकार के समय चला, नई सरकार बनने के बाद जागरूक नागरिकों को ऐसा विश्वास था कि सरकार बदलते ही यहां पदस्थ बेलगाम अधिकारियों पर नकेल कसी जायेगी, किंतु अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि पुराने ढर्रे पर ही अब तक कार्य जारी है।

## ओढ़ और आमामोरा मतदान केन्द्र के लिए मतदान दल वायुसेना के हेलीकॉप्टर से हुए रवाना

### दोनों मतदान केन्द्रों में 1 हजार से अधिक मतदाता करेंगे मतदान



पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान दिवस के दो दिन पूर्व संवेदनशील एवं दूरस्थ मतदान केन्द्रों के लिए दो मतदान दलों को बुधवार 24 अप्रैल को ही रवाना कर दिया गया है। जबकि शेष सभी मतदान दलों को गुरूवार 25 अप्रैल को रवाना किया जायेगा। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा की मौजूदगी में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्र आमामोरा-77 एवं ओढ़-78 के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। बुधवार सुबह 11:00 बजे पुलिस परेड ग्राउंड से दोनों मतदान केंद्र के लिए सुरक्षाधिकारी एवं मतदान दल सहित 16 सदस्यों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। जहां सुबह 11:20 बजे मतदान दल सुरक्षित पहुंच गया। इन दोनों मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान सम्पन्न होगा। उल्लेखनीय है कि इन दोनों मतदान केन्द्रों में मतदान कराने के लिए युवा मतदान अधिकारी एवं सुरक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। आमामोरा-77 के मतदान केन्द्र पर कुल 747 मतदाता है, इनमें 375 महिलाएं एवं 372 पुरूष मतदाता शामिल है। इसी प्रकार ओढ़-78 मतदान केन्द्र पर कुल 330 मतदाता है, इनमें 172 महिलाएं एवं 158 पुरूष मतदाता शामिल है। कलेक्टर अग्रवाल ने इससे पूर्व मतदान अधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गुलदस्ता भेंटकर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने की बात कही। साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने जिले में निष्पक्ष, निर्विघ्न व शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी आम मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है।

## मोदी की सभा को जिले के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी और सफल सभा बनाने के लिए जनता व भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओं का आभार : रामू रोहरा

### भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने श्यामतराई में उमड़ा सैलाब, जुटी एक लाख से अधिक की भीड़



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धमतरी जिले के श्यामतराई में आगमन हुआ। इस दौरान भारी भीड़ उनको सुनने उमड़ी। भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने उक्त भव्य कार्यक्रम की सफलता के बाद कहा कि धमतरी जिले के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी और सफल सभा का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर जनता में अपार उत्साह नजर आया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जनता और भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओ का योगदान रहा। इसलिए भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने समस्त कार्यकर्ताओ, मतदाताओं और नेताओ का ह्रदय से आभार जताया है। रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धमतरी आगमन हम सभी जिलेवासियो के लिए गौरव का क्षण रहा। जनता अपने व देश दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता को देखने सुनने उत्साहित रही। भरी दोपहरी और भारी गर्मी के बाद भी जनता का उत्साह कम नहीं हुआ। जहां तक नजर जाती वहां तक लोगो की भीड़ ही भीड़ नजर आई। प्रधानमंत्री ने नगर की आराध्य देवी माँ विंध्यवासिनी और रुद्रेश्वर महादेव को नमन किया। यह जिलेवासियों के लिये विशेष पल रहा। मोदी जी के ओजस्वी वक्तव्य पर सभा में मौजूद भीड़ प्रभावित व प्रसन्न होकर तालियां बजाती रही जिससे पूरा सभा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। मोदी ने एक लाख से अधिक उपस्थित मतदाताओं से भाजपा को वोट देने की अपील की। प्रधानमंत्री के आगमन ने क्षेत्र में भाजपा की जीत सुनिश्चित कर दी है। रामू रोहरा ने आगे कहा कि मतदाताओं को मोदी जी के प्रत्येक गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। धमतरी व प्रदेश की जनता ने पहले भी भाजपा पर विश्वास जताया है और इस बार भी पूरा समर्थन दे रही है। महासमुंद लोकसभा के साथ प्रदेश के सभी 11 सीटों को जीत दर्ज कर देश में मोदी जी मजबूत सरकार बनाने और विकास में बड़ा योगदान देंगे।

## हनुमान लला के जन्मदिवस पर हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



नगर के ह्रदय स्थल बजरंग चौक स्थित प्राचीन सिद्ध दक्षिणमुखी संकटमोचन हनुमान जी के श्री महावीर देव मंदिर में हनुमान लला के जन्मदिवस के अत्यंत पावन अवसर पर प्रातः से ही श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए लंबी कतार देर रात तक लगी रही हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान के दर्शन लाभ एवं प्रसादी ग्रहण किए। मंदिर के सेवक सर्वराकार प. अशोक कुमार तिवारी ने बताया की हनुमान लला के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंदिर में बजरंगबली एवं शिव जी का दुग्धाभिषेक कर हवन आरती एवं कीर्तन किया गया तथा भगवान को छप्पन भोग प्रसादी चढ़ाई गई जिसे भक्तों द्वारा अपनी श्रद्धानुसार लाया गया था फिर उसी का वितरण दर्शनार्थियों में किया गया संध्याकाल आरती के पश्चात् सरगम संगीत समिति के गायकों एवं सगीतज्ञों ने अपने सुमधुर भजन से श्रोताओं का मन मोह लिया उन्होंने संगीत समिति के सदस्यों समस्त श्रद्धालुओं श्रोताओं एवं मंदिर में तन मन धन से सेवा देने वाले भक्तों का आभार व्यक्त किया। मंदिर के पुजारी प. तुलसी मिश्रा ने बताया की हनुमान जी की बड़ी महिमा है सभी का कल्याण करने वाले इस मंदिर में विराजित हनुमान जी अपने दर पर आने वाले सभी भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं इसलिए दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं की आस्था में वृद्धि हो रही है । इस स्थल पर बरसों पहले स्वयंभू हनुमान जी की प्रतिमा प्रकट हुई थी जहां लगभग 1912-13 में स्व.प.महावीर प्रसाद तिवारी द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया जिसका जीर्णोद्धार उनके पुत्र अधिवक्ता समाजसेवी एवं क्षेत्र के कद्दावर नेता पूर्व विधायक स्व. पं.बंशराज तिवारी द्वारा लगभग पचास वर्ष पूर्व 1973-74 में करवाया गया तत्पश्चात मंदिर का भव्य एवं पुनः निर्माण गत वर्ष 2023 में हनुमान जी की कृपा से प.बंशराज के पुत्र प. अशोक कुमार तिवारी एवं परिवार द्वारा किया गया जिसमें हनुमान जी पर अनंत श्रद्धा रखने वाले भक्तों ने भी अपना अंशदान किया आज अशोक तिवारी की पत्नी कमला देवी पुत्रद्वय विवेकआनंद एवं अभिषेक (मिकी) पत्नी बच्चों समेत सपरिवार हनुमान जी की सेवा में रत हैं एवं मंदिर में आए दिन भक्तों के सहयोग से छोटे बड़े धार्मिक आयोजन करते रहते हैं।

## सिपेट के जरिए जिले के कमार और आदिवासी बच्चे बनेगें हुनरमंद

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन द्वारा जिले के आदिवासी और कमार बच्चों को हुनरमंद बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कडी में जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में प्रवेशित विद्यार्थियों और कमार बच्चों को सिपेट के जरिए प्लास्टिक प्रोसेसिंग एवं रिसाइक्लींग प्रशिक्षण प्राप्त करने राजधानी रायपुर भेजा गया है। साथ ही कमार आवासीय विद्यालय नगरी के विद्यार्थियों को संगीत, ड्राईंग,पेटिंग एवं कम्प्यूटर व अन्य विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह के 50 विद्यार्थी एवं कमार आवासीय विद्यालय नगरी के 3 विद्यार्थी इस प्रकार कुल 53 विद्यार्थियों का चयन प्रशिक्षण हेतु किया गया है। कमार आवासीय विद्यालय नगरी के वर्तमान सत्र में प्रवेशित 98 तथा आगामी सत्र 2024-25 में 40 विद्यार्थी इस प्रकार कुल 138 विद्यार्थियों को संगीत, ड्राईंग, पेटिंग एवं कम्प्यूटर व अन्य विधाओं में प्रशिक्षण देने हेतु चयन किया गया है। सिपेट का उद्देश्य प्लास्टिक्स के साथ पेट्रोरसायन के क्षेत्र में शैक्षिक दीर्घकालीन, अल्पकालीन, कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रमों द्वारा विभिन्न कुशलता स्तरों में निपुण पेशेवार प्रदान करने, प्लास्टिक उद्योगों के साथ पेट्रोरसायन उद्योगों को डिज़ाइन, टूलिंग, कैड, कैम, सीएई, प्लास्टिक प्रसंस्करण परीक्षण एवं गुणवत्ता आश्वासन, निरीक्षण सेवाओं के क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी सहयोग एवं परामर्शी सेवाएं प्रदान करने प्लास्टिक्स, सिंथेटिक रबड़, तकनीकी टेक्स्टायल्स, सोल्वेन्ट्स, उर्वरक, फार्मास्युटिकल के साथ पेट्रोरसायन में अनुसंधान और अनुप्रयोग विकास का कार्य किया जाता है। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा अपने योग्यता और तकनीकी निपुणता में तरक्की करने के लिए संकाय को एक अवसर प्रदान करके संकाय के व्यावसायिक कुशलता और सक्षमता के स्तर को बढ़ाने के लिए भी सिपेट द्वारा कार्य किया जाता है।

## मनीष चन्द्राकर का निधन



**महासमुन्द।** मनीष चन्द्राकर 43 वर्षीय पटवारी निवासी महासमुंद ग्राम नवापारा का रात्रि निधन हो गया है वे नुरेन्द्र एवं तारिणी चन्द्राकर के छोटे भाई थे उसका अंतिम संस्कार 24 अप्रैल को ग्राम नवापारा में सुबह 11 बजे किया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ भंडारा

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

सहित क्षेत्र के गांवो के अनेक हनुमान मंदिरों मे मंगलवार 23 अप्रेल को हनुमान जन्मोत्सव व जयंती बड़े ही धुमधाम से मनाया गया। इस दिन हनुमान जी को श्रद्धालुओं ने बंदन चमेली तेल फूल नारियल बुंदी मोतीचूर लडडू इत्यादि अर्पित कर पूजा अर्चन किया। वही पुरोहित के द्वारा वेद मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन एवं हनुमान चालीसा का पाठ भी हुआ इसके पश्चात आरती की गई । इसके बाद प्रसादी मे खीर पुडी एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर रामायण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें बडी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस प्रसंग के



अनुसार वर्ष मे दो बार हनुमान जयंती चैत्र माह के पुर्णिमा और कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष चतुदर्शी तिथि को हनुमान जयंती मनाते है। जन्म से ही हनुमान जी के पास अध्दभूत शक्तियां थी। बचपन मे एक बार बालक हनुमान जी सुबह खेल रहे थे। तब आसमान को देखा सुर्य लाल लाल दिखने लगे तब उसे फ्ल समझ कर निगल लिया था। तब सारी सृष्टि मे अंधकार छा गया और देवताओं की चिंता बढ़ गई । सभी देवताओं ने एकत्रित होकर ब्राम्ह देव के पास पहुंचे। तब ब्राम्ह देव ने सुझाव दिया। सभी देवताओं को हनुमान जी के पास जाने को कहा और अर्जी विनती कर उसे मनाने को कहा गया। इस दौरान इन्द्रदेव क्रोधित होकर बज्र आसमानी बिजली चला दिया जिससे नदान बालक हनुमान बज्र के प्रहार से वे धरा पर गिर गए और बालक होने से प्रहार को सहन नही कर पाये इस कारण वे घायल हो गए। तब पवन ने इन्द्रदेव पर भड़क गए इस नन्हे बालक के ऊपर बज्र का प्रहार किया। इसे मुक्त करने को कहा लेकिन इन्द्रदेव नही किये। इसके तत पश्चात पवनदेव क्रोधित होकर वायु को बंद कर दिया। देवताओं पवन देव जी दया दया प्रभू तो सारी सृष्टि मे हाहाकार मच गया सांस लेना कठिन हो गया। कई जीव जंतु वन प्राणीओं की जान चली गई। तब ब्राम्हदेव एवं सभी देवताओं ने अपने अपने शक्तियों की प्रहार से हनुमान जी को बज्र का वरदान दे दिया ।वे जिवित होकर खडे हो गए। वही दूसरे जन्म चैत्र माह के पुर्णिमा तिथि को जन्मोत्सव इस कारण मनाया जाता है।

## लोकसभा प्रत्याशी मुकेश अग्रवाल कम्प्यूटर छाप की नगर में निकली जन आशीर्वाद यात्रा

### व्यापारीयों ने किया जगह जगह स्वागत, गाजे-बाजे, कीर्तन के साथ निकली यात्रा





पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अंचल के प्रतिष्ठित व्यवसायी व चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल लोकसभा चुनाव के माध्यम से अब राजनीति के क्षेत्र में भी भाग्य आजमा रहे हैं। वहीं द्वितीय चरण के मतदान के लिए चुनावी शोरगुल थम जाएगा। जिसके चलते वे लगातार महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों में अनेक गाँवों व घर-घर जाकर जन संपर्क करते हुए उन्हें अपने भविष्य की योजनाओं से अवगत करा रहे हैं और उन योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अपने पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं। अग्रवाल ने बताया कि व्यवसाय के सिलसिले में उनका अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में जाना होता था, जिसके कारण वे ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और आम जनों की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। इसके अलावा एक व्यवसायी होने के नाते व्यापारियों की समस्याओं को भी दूर करने की चाहत वे रखते हैं। इसे ही ध्यान में रखते हुए उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी का फॉर्म भरा है। यदि वे चुनाव जीतते हैं तो किसानों व आमजनों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी आदि आवश्यक वस्तुएँ निःशुल्क हो, साथ ही रोजगार के अवसर भी अधिक से अधिक बढ़े, इसका वे पूरा प्रयास करेंगे। इसके अलावा व्यवसायियों के हितों के लिए भी वे अपनी आवाज उठायेंगे। अग्रवाल ने कहा कि वे 24 वर्षों से किसानों व व्यापारियों के हित से जुड़े हुए हैं, जिसे देखते हुए उन्हें विश्वास है कि एक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लोकसभा क्षेत्र की जनता उनका साथ जरूर देगी।

## शत प्रतिशत मतदान का संदेश देने छतरी स्वीप रैली का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एक ओर जहां टैक्टर रैली, ऑटो रैली, मशाल रैली, टॉर्च रैली, बाहर गए ग्रामीण को फोन कर आमंत्रित जैसे कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय में छतरी स्वीप रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 3 किलोमीटर मार्ग को कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में




के एल अधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा कड़कड़ती धूप के बीच पैदल चलकर पूरी की गई। रैली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल होकर अधिकारियों का उत्साह बढ़ाया। इस रैली में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत, राजस्व सहित अन्य छात्र, छात्राएं, शिक्षक, आमजन, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक, सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। इसके साथ ही रैली प्रारंभ आने से पूर्व कलेक्टर चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर ने चौहान ने कहा गांव की अपेक्षा शहरों में थोड़ा कम वोटिंग होता। लोग इस दिन के छुट्टी की तरह मान लेते है। हमे लोकतंत्र के इस महापर्व अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए वोट जरूर करना चाहिए. इसी संदेश को लेकर आज हमने छतरी स्वीप रैली निकाली है। उन्होंने महिला, युवाओं और पुरुषों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचने और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागादारी करने की अपील की है। उक्त छतरी रैली जिला मुख्यालय में पंडित चक्रपाणि स्कूल परिसर से प्रारंभ, सीएचएमओ ऑफिस होते हुए मुख्य मार्गो से अंबेडकर चौक से गौरवपथ होते हुए पुनः चक्रपाणि स्कूल में समाप्त हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल उप जिला निर्वाचन अधिकारी, आर आर दुबे, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, सीएमओ भोई, साक्षर भारत सोमेश्वर राव अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रैली में विशेष रूप से गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, शासकीय पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शाश्वत हायर स्कूल के शिक्षको की विशेष योगदान रहा। इन स्कूलों के शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर उत्साह के साथ रैली में हिस्सा लिया।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी के नेतृत्व में किया गया जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शहर मंडल शक्ति केन्द्र पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बुथ क्रमांक 133 में मतदाता परिचय पत्र देकर बृजमोहन अग्रवाल के समर्थन में मोदी को फिर से प्रधान मंत्री बनाने कमल निशान पर वोट करने निवेदन किया गया। जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवम् नगर मंडल प्रभारी नरेश केसरवानी,शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं पार्षद रीटा केसरवानी, शक्ति केन्द्र संयोजक एवं पार्षद सविता साहू, बुथ सचिव सुशील सोनी, बुथ महिला प्रमुख सीमा केसरवानी, पुरुषोत्तम सोनी व्यापार प्रकोष्ठ जिला सायोजक साथ में थे।



# पिछले 5 सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया था: ईश्वर साहू

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



विधायक ईश्वर साहू ने धमतरी में आयोजित संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि एक साल पहले मैं केवल एक मजदूर था, पैसों की कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई पूरी नहीं हो पाई थी। एक धर्म विशेष के लोगों ने मिलकर जब मेरे बेटे भुवनेश्वोर की हत्या् की पूरा साहू समाज हमारे लिए उठ खड़ा हुआ लेकिन कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने मेरे बेटे के जीवन की कीमत केवल 10 लाख रुपए आंकी। मैंने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री रविंद्र चौबे का निवास मेरे पड़ोस के गांव में आता है, बिरनपुर लेकिन वे एक बार भी हम लोगों से मिलने नहीं आ सके। एक विशेष वर्ग के लोगों को उनका संरक्षण प्राप्त था। मैं विधानसभा चुनाव तो क्याम, ग्राम पंचायत का भी चुनाव लड़ने की कल्पना नहीं कर सकता था लेकिन सांप्रदायिक हिंसा में हुई बेटे की मौत के बाद साहू को न्याय नहीं मिलाए तो क्षेत्र की जनता मेरा साथ दिया। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि ताम्रध्वज साहू, समाज के वरिष्ठ नेता के साथ साथ तत्कालीन गृहमंत्री होने के बावजूद मेरे परिवार से मिलने नहीं आए, समाज ऐसे नेता को कभी माफ नहीं कर सकता। ताम्रध्वज साहू को दुर्ग की जनता ने नकार दिया है। दुर्ग की जनता के नकारने के बाद ताम्रध्वज साहू महासमुंद आए हैं। लेकिन यहां की जनता भी उन्हें नकार देगी। पिछली भूपेश सरकार ने जानबूझकर वोट की राजनीति के चलते मेरे बेटे की हत्य के बाद भी उदासीन बने रहे क्योंकि उनको मुसलिम वोटों की चिंता अधिक थी। भाजपा में मुझे टिकट देकर एक मजदूर के संघर्ष में न केवल सहभागी बनी बल्कि चुनाव जीतकर आने के बाद अब इस मामले की सीबीआई जांच करा रही है। आज मै जो कुछ भी हूं उसकी कभी कल्पना नहीं की थी। इसका पूरा श्रेय भाजपा को जाता है। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि भाजपा किसान मजदूर और गरीबो का खयाल रखने वाली पार्टी है। आज किसानो को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से एमएसपी में 21 क्विंटल प्रति एकड के हिसाब से खरीद रही। दो साल का बोनस भी दिया। पिछले 5 सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया था। कानून और व्यवस्था की जिम्मेहदारी ताम्रध्वाज साहू के पास थी लेकिन उनके रहते हुए कानून व्यवस्था रसातल में चली गई थी। ताम्रध्वमज साहू के गृहमंत्री रहते हुए ही धर्मांतरण की लडाई श्मशान घाट तक पहुंच गई। वे केवल बातें करते रहे लेकिन कभी धर्मांतरण रोकने का प्रयास कभी नहीं किया। इसी का परिणाम रहा कि बस्तवर के नारायणपुर में धर्मांतरण को लेकर हिंसक संघर्ष की स्थिति बनी। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि ताम्रध्वधज साहू के कार्यकाल में प्रदेश में अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हुई। माफियाराज को बढ़ावा मिला था, मारपीट हत्या, लूट, महिलाओं से दुष्कर्म की घटना बढ़ गई थी। राजधानी रायपुर में नाबालिक बालिका के साथ 3 लोगों द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नीचे, भीड़भाड़ वाले जय स्तंभ चौक में, राजधानी के हृदय स्थल में हुए सामूहिक बलात्कार की घटना होती है लेकिन शासन और प्रशासन कुछ कर नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा कि सुकमा में आदिवासी नाबालिक छात्रा के साथ बलात्कार, बीजापुर में आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप, जशपुर जिलें में शिक्षिका के साथ गैंगरेप,मंदिर हसौद क्षेत्र में बालिका के साथ गैंगरेप जैसी घटनाओं ने साबित कर दिया था कि कांग्रेस राज में कानून का नहीं जगलराज चल रहा था। गली-गली,गांव-गांव शराब बिक रहे थे। तालाब, मैदान और नाले नदी के किनारे ओपन बार बन गए थे। चौक चौराहा में नशे के समान चरस गांजा अफीम बिक रहा था। और पूरे देश से अपराधी छत्तीसगढ़ में आकर मौज कर रहे थे। मानों अपराधियों का गढ़ बन गया था। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि नक्साली घटनाओं में चुन.चुनकर भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं को मौत के घाट उतारा गया। 2 साल में नक्सलियो ने नारायणपुर जिले में अब तक 4 बीजेपी नेताओं की हत्या की। बीजापुर में भी दो भाजपा नेताओं की हत्याो हुई। विधानसभा चुनाव के दौरान भी नक्सेलियों ने भाजपा के कार्यकर्ताओं की हत्याी की। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार आने के बाद से न केवल प्रदेश में कानून और व्यावस्थान की स्थिति में सुधार आया हैए बल्कि हमारी फोर्स ने उन्हेंश उन्हीं की भाषा में जवाब देना भी शुरू कर दिया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने स्पसष्टे कर दिया है कि नक्ससली बातचीत का रास्तां अपना लें। अगर वे प्रदेश के विकास में बाधा बनेंगे तो उनके साथ सख्तीु से निपटा जाएगा। नक्सबलियों के खिलाफदो बड़ी कार्रवाई भी हो चुकी है जिसमें बडी संख्यो में नक्ससली ढेर हुए है। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन में आपस मे ही लाठियां चलनी शुरू हो गई है। उनके पास न तो सशक्तह नेतृत्वा है और न ही देश को विकास के मार्ग पर तेजी से आगे ले जाने की कोई योजना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह हमारे प्यारे भारत देश को दुनिया की प्रथम तीन बडी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से अग्रसर हैं। यह कहने की बात नहीं कि उनके नेतृत्व में देश सुरक्षित है। उन्होंने हमें 11 सीटों पर जीतकर आने का लक्ष्यह दिया है। इस लक्ष्यी को पूरा करने में कृपया आप सभी सहयोग करें। पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, रायपुर ग्रामीण विधायक एवं महासमुंद लोकसभा प्रभारी मोतीलाल साहू, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना साहू उपस्थित रहे।

## शारीरिक-मानसिक स्वस्थता और मजबूत आत्मबल के लिए योग जरूरी: कलेक्टर

### आयुक्त पहुँचे राजेन्द्र पार्क योग शिविर में,योगा के प्रति दिखा उत्साह,स्वस्थ रहने का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश अनुसार ग्रीष्म ऋतु की छुट्टियों में बच्चों एवं आम जनता को योग प्रभारी द्वारा राजेंद्र पार्क में योगा सिखाया जा रहा है जिसमें बढ़-चढ़कर बच्चे,बुजुर्ग व युवा सहित लोग योगा सीखने आ रहे हैं। सुबह प्रतिदिन 5.30 से 7.30 वजे तक योग क्रिया निःशुल्क सिखाई और बताई जा रही है। जिला योग प्रभारी ने शहर वासियों से अपील की है कि अपने बच्चों को ग्रीष्म ऋतु मे योगा सीखने हेतु भेजें क्योंकि योगा से मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार की बीमारी ठीक होती है और शरीर निरोग रहता है शरीर के निरोग रहने से मन भी निरोग रहता है इसलिए योगा बहुत जरूरी है और सभी लोगों को योगा करना चाहिए। आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजेन्द्र पार्क पहुँचकर योग किया साथ ही शहर की सफाई व अन्य व्यवस्था देखी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्क के अंदर और भी बेहतर व्यवस्था बनाये रखने की बात कही। इस अवसर पर सहायक अभियंता व भवन अधिकारी गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहें।योगा शिविर के अवसर पर आयुक्त ने शारीरिक-मानसिक स्वस्थता और मजबूत आत्मबल के लिए योग को जरूरी बताया है।जिसमें प्रशिक्षक और योगाचार्य ने योग के महत्व व लाभ के बारे में जानकारी दी। निशुल्क राजेन्द्र पार्क में विभिन्न मुद्राओं में योगासन कराये गये।

## कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कुरुद में जनसम्पर्क कर चुनावी सभा ली

पायनियर संवाददाता ◂ कुरुद/धमतरी
www.dailypioneer.com



महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कुरुद में पैदल जनसम्पर्क करने के बाद चुनावी सभा ली जिसमें उन्होंने कांग्रेस की न्याय गारंटी योजना का जिक्र कर इसे सभी वर्गो के खुशहाली के लिए बनाई गई योजना बताते हुए केंद्र में सरकार बनाने आर्शीवाद मांगा। 23 अप्रैल को शाम क्षेत्र के दौरे करने के बाद कुरुद पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने मां चंडी मंदिर के दर्शन कर नगर में पैदल रैली निकाल जनसम्पर्क किया। जिसके बाद पुराना बाजार चौक में आमसभा को सम्बोधित किया। जिसे पहले पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, विधानसभा चुनाव संचालक नीलम चंद्राकार,पूर्व विधायक लेखराम साहू ,नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर आदि ने संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी को जिताने अपील की। ताम्रध्वज साहु ने कहा कि वे यहां आप लोगो के बीच पारिवारिक रिश्ता बना कर अपनापन पाने आएं है। उन्होंने कहा कि वे सिर्फ सांसद बनकर नहीं बल्कि सभी के सुख दुख का साथी बनकर रहेंगे। देश की हर महिला को उसका हक़ और सम्मान मिलेगा, जब लागू होंगी नारी न्याय की पांच गारंटियां ये क्रांतिकारी कदम हर महिला को आत्मनिर्भर बनाएगी, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। मज़बूत होगी देश की महिलाएं ये कांग्रेस पार्टी की पक्की गारंटी है। कार्यक्रम का संचालन नगर पंचायत सभापति डुमेश साहू व आभार ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने किया। इस जन संपर्क रैली व सभा में जिला प्रभारी विनोद तिवारी, जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, मोहन लालवानी, राजकुमारी दीवान, तारिणी चंद्राकर सुमन साहू, भरत नाहर, प्रभात राव मेघा वाले, शारदा साहू जनपद अध्यक्ष, प्रमोद साहू, देवव्रत साहू, जानसिंह यादव, रामेशर साहु , राजू साहू, योगेश चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## स्टार प्रचारक के चुनाव खर्च पार्टी के खाते में होगी दर्ज

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

स्टार प्रचारक के चुनाव खर्च के संबंध में आर. पी. अधिनियम 1951 के नियम 77 के I (I & II) के प्रावधानानुसार प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन पर यदि स्टार प्रचारक की फोटो या अपील के साथ सामान्य पार्टी के प्रचार के लिए विज्ञापन किसी भी उम्मीदवार के संदर्भ के बिना प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किया जाता है, तो ऐसे सामान्य विज्ञापन पर होने वाला खर्च राजनीतिक दल के खाते में दर्ज किया जाएगा। यदि ऐसा नेता किसी निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार होता है, तो ऐसे सामान्य पार्टी प्रचार पर खर्च, भले ही प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उसकी तस्वीर हो, ऐसे नेता के खाते में दर्ज नहीं किया जाएगा। क्योंकि यह अपने निर्वाचन क्षेत्र के संदर्भ के बिना, सामान्य पार्टी प्रचार का है। यदि चुनाव के दौरान किसी विशेष उम्मीदवार के संदर्भ के बिना स्टार प्रचारक की फोटो या अपील वाले पोस्टर, बैनर, झंडे, स्टिकर आदि का उपयोग किया जाता है, तो व्यय राजनीतिक दल के खाते में दर्ज किया जाएगा। यदि नेता किसी निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार होता है, तो उसके निर्वाचन क्षेत्र में वास्तव में उपयोग की जाने वाली ऐसी वस्तुओं पर अनुपातिक व्यय, उसके चुनाव खर्चों में शामिल किया जाएगा। यदि कोई भी परिचारक जिसमें सुरक्षा गार्ड, चिकित्सा परिचर या कोई भी शामिल है पार्टी का कोई अन्य व्यक्ति या सदस्य, जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार नहीं है, राजनीतिक दल के स्टार प्रचारक के साथ अपने वाहन विमान हेलीकॉप्टर आदि में यात्रा करता है, यात्रा व्यय राजनीतिक दल के खाते में दर्ज किया जाएगा।

## मतदान करने के लिए की अपील एवं किया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिला निर्वाचन अधिकारी एवम जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार ग्राम अंजोरा के मतदान केंद्र 33,34 में मतदाता पर्ची वितरण की कारवाही का अवलोकन सहायक रिटर्निंग अधिकारी 63- दुर्ग ग्रामीण मुकेश रावटे एसडीएम दुर्ग एवं उत्तम ध्रुव डिप्टी कलेक्टर द्वारा किया गया।निरीक्षण के साथ साथ कुछ मतदाताओं के घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया गया।मतदान करने के लिए अपील एवं प्रोत्साहित किया गया। मतदान के दिन मतदाता पर्ची के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता कार्ड, आधार कार्ड या फोटोयुक्त कोई भी पहचान पत्र (12 प्रकार) लेकर जा सकते है वोट करने के लिए। घर के सभी व्यस्क सदस्यों को जिनका नाम मतदाता सूची में है उनसे मतदान दिवस को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

## निगम ने की नागरिकों से अपील: गीला, सूखा कचरा अलग-अलग दें,गीला और सूखा कचरा अलग अलग नही देने पर होगी अर्थदंड की कारवाही

- आयुक्त ने किया बोरसी एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण, कचरों के निष्पादन प्रक्रिया में तेजी लाने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत शहर में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शहर में और भी विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। बुधवार सुबह आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वार्ड 52 बोरसी महावीर खेल मैदान के पास जीरो वेस्ट सेंटर में साफ सफाई एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, पीआईयू राहुल, सुपर वाइजर आशीष बघेल मौजूद थे।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर देने हेतु आम नागरिकों से लगातार अपील की जा रही है साथ ही उल्लंघन करने पर जुर्माने की कार्रवाई शुरू किया जाएगा। निगम द्वारा आम नागरिकों के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग - अलग लेने अभियान शुरू किया जाएगा। दुकानदारों व घर के गीला सूखा कचरा लेने में लापरवाही करने पर होगी कार्रवाही। ये लोग आम नागरिकों के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने के कार्य में लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। समझाइश के बाद भी नहीं मानने पर इनके खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर में एकत्रित कर कचरों का पृथक्कीकण के बाद सूखे कचरे से प्राप्त पॉलीथीन को बेलिंग मशीन से बंडल बनाकर निष्पादन हेतु भेजा जा रहा है।इसी तरह गीले कचरो का पृथक्कीकरण के बाद एसएलआरएम सेंटर मे इसे खाद के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।इस कार्य में तेजी आने के बाद अब निगम क्षेत्र में पॉलीथीन के कचरों का ढेर भी अब नजर नहीं आता।गौरतलब है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा संचालित एसएल आरएम सेंटर में संपूर्ण निगम क्षेत्र से भारी मात्रा में निकलने वाले कचरे को वहां एकत्रित करने के बाद सभी तरह के गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग पृथक किया जाता है। गीले कचरों को पृथक करने के बाद जैविक खाद बनाया जाता है, इसी प्रकार लोहा,टीना, प्लास्टिक, कांच, लकड़ी, व कपड़े के सूखे कचरे को पृथक किए जाने के बाद रिसायकल की प्रक्रिया के लिए भेजा जा रहा है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कचरा सेग्रीकेशन कार्य की पूरी जानकारी, कर्मचारियों की संख्या और उनकी उपस्थिति तथा कार्य का निरीक्षण किया।

## एस एल आर एम में कचरा छटाई के नाम पर लीपापोती मेसर्स रविंद्र भगत का भुगतान रोकने आयुक्त ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ रिसाली
www.dailypioneer.com





गीला और सूखा कचरा को अलग अलग कर उसे डिस्पोज करने के एवज में निगम से मोटी रकम लेने के मामले में कार्यवाही शुरू हो गई। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने मेसर्स रविन्द्र भगत के भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिए है। ठेकेदार मानव संसाधन में भी कटौती कर रखा है। शहर के विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर एस एल आर एम में कचरा छटाई करने का दावा करना खोखला साबित हुआ। निगम आयुक्त पिछले 15 दिनों से अलग अलग वार्ड में दौरा कर रही है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से लेकर कचरा डंप करने वाले स्थान पर नजर रख रही थी। मंगलवार को उन्होंने फिर से वार्डो की भ्रमण की , और पाया कि अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड में वही कचरा फेका जा रहा है जो एस एल आर एम सेंटर में एक किनारे छटाई के लिए रखा जाता है। ठेकेदार की इस हरकत को देख आयुक्त ने भुगतान रोकने आदेश दिए है।

**15 कर्मचारी की जगह केवल 5**-लगातार निरीक्षण में आयुक्त ने पाया कि कचरा छटाई कार्य में हर रोज 15 से 20 कर्मचारियों की आवश्यकता है, लेकिन ठेकेदार महज 5 से 6 कर्मचारी से कार्य ले रहा है। पालीथीन जैसे अन्य वस्तु को भी अलग करने खानापूर्ति की जा रही है।

**यहां कचरा छटाई केवल खाना पूर्ति**-मेसर्स रविंद्र भगत निगम क्षेत्र के रूआबांधा, मरोदा, पुरैना और डुंडेरा में बने एस आल एल आर एम सेंटर को ठेके पर लिया है। जहां कचरा पृथक कर गीला से खाद और सूखा को अलग अलग कर विनिष्टि करण का कार्य करना है। यहां केवल खाना पूर्ति किया जा रहा है।

**आयुक्त ने कहा डोर टू डोर में पहले निगरानी**-ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश देने के बाद आयुक्त ने दोपहर एक बजे कर्मचारियों की मीटिंग बुलवाई। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक कर्मचारी शहर को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। डोर टू डोर कलेक्शन की निगरानी करे। ताकि छटाई कार्य बेहतर हो।

### फार्मेट सी–7

(राजनैतिक दलों द्वारा समाचार पत्र, दल के सोशल मीडिया प्लेटफार्म और वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाने हेतु)

अभ्यर्थी के रूप में चयनित किए गए लंबित आपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों से संबंधित सूचना और ऐसे चयन के कारण तथा बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नही चुना गया, से संबंधित विवरण

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.–536 में वर्ष 2018 की अवमानना याचिका (सिविल) सं. 2192 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 13 फरवरी 2020 के आदेश अनुसरण में जारी आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम :– इंडियन नेशनल कांग्रेस
निर्वाचन का नाम :– लोकसभा चुनाव वर्ष–2024
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम :– छत्तीसगढ़
(1) निर्वाचन क्षेत्र का नाम :– लोकसभा क्षेत्र कं.–08 रायपुर
अभ्यर्थी का नाम :– श्री विकास उपाध्याय

| स.क. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | आपराधिक पूर्ववृत | |
| | क | अपराधों की प्रकृति | 1. धारा–147, 149, 341, 427, 506 भा.दं.वि.<br>2. धारा–147, 341 भा.दं.वि. |
| | ख | मामला संख्या | 1. प्रकरण कं. 4861/18, दिनांक 29.11.2022<br>2. प्रकरण कं. 4863/18, दिनांक 27.07.2023 |
| | ग | न्यायालय का नाम | 1. मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, रायपुर<br>2. मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, रायपुर |
| | घ | क्या आरोप विरचित कर दिए गए है या नही(हां/नही) | नही है |
| | ङ | दोषसिद्धि की तिथि, यदि कोई हो | नही है |
| | च | भुगती गई सजा का विवरण, यदि कोई हो | नही है |
| 2 | | अभ्यर्थी के चयन का कारण, चयन अभ्यर्थी की योग्यता, उपलब्धि और उसकी मेरिट को देखते हुए किया जाएगा न कि सिर्फ मतदान में विजय प्राप्त करने की क्षमता (100 शब्द से अधिक न हो) | अभ्यर्थी विगत पांच वर्षों तक छत्तीसगढ़ शासन में संसदीय सचिव के रूप में प्रदेश सहित रायपुर संसदीय क्षेत्र में आम जनता के हित में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यकम एवं योजनाओं को कियान्वयन किया, जो सीधे जनता के साथ जुड़ने का अवसर दिया। साथ ही, अभ्यर्थी में कौशल संचार नेतृत्व, समस्या समाधान जैसे क्षेत्रों में दक्ष है। उम्मीदवार को पार्टी की विचारधारा मान्यताओं और मूल्यों के प्रति कटिबद्ध होने के कारण चुना गया है। |
| 3 | | यह कारण बताएं कि बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप क्यों नही चुना गया (100 शब्द से अधिक न हों) | पार्टी उम्मीद्वार के चयन के लिये आंतरिक विचार विमर्श और बातचीत करती है। क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व जैसे कारक उम्मीद्वार के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उम्मीद्वार की पसंद मतदाता पर निर्भर करती है। उम्मीद्वार के पास कांग्रेस के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक कौशल, अनुभव और समर्पण है। यह उम्मीद्वार निर्वाचित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव और प्रगति लाने की क्षमता रखता है और लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करेगा। |

राज्य सभा या विधानसभा सदस्यों (एमएलए) द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

कार्यालय छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजीव भवन रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

## संपादकीय

# कम मतदान चिन्ता का विषय

कम मतदान चिन्ता का विषय है। सभी पार्टियों को इसकी जिम्मेदारी लेकर यह प्रवृत्ति उलटने का प्रयास करना चाहिए। वर्तमान चुनाव में चिन्ता का प्रमुख कारण खासकर हिंदी पट्टी में कम मतदान है। इस प्रवृत्ति ने राजनीतिक पार्टियों में खतरे की घंटियां बजा दी हैं और उनको इस निष्क्रियता के जमीनी कारणों पर गहराई से विचार करने तथा लोकसभा चुनाव के बाकी चरणों में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने की रणनीति बनाने को मजबूर किया है। हिन्दी हृदय प्रदेश का असाधारण चुनावी महत्व है, लेकिन यहां 19 अप्रैल को मतदान का प्रतिशत निराशाजनक रूप से कम रहा। भारतीय निर्वाचन आयोग के आंकड़ों अनुसान यहां लगभग 62 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 में लोकसभा चुनाव के यहां 69.43 प्रतिशत मतदान हुआ था। लेकिन, यह प्रवृत्ति कोई स्थानीय परिघटना नहीं है क्योंकि 21 राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों के 102 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में मतदान हुआ था। क्या इसका कारण भयानक गरमी या अन्य जरूरी काम थे? यदि इसका संबंध मौसम से है तो बात समझ में आती है, पर यदि इसका कारण राजनीतिक निराशा है तो यह गंभीर चिन्ता का विषय है। इसका कारण अनुपयुक्त ढांचागत संरचनायें, मतदान केन्द्रों पर लंबी-लंबी कतारें तथा मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में कठिनाई जैसी 'लाजिस्टिक' चुनौतियां भी हो सकती हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग-ईसीआई के अनेक प्रयासों के बावजूद बड़ी संख्या में मतदातों ने अपने वोट डालने के लिए बाहर जाना उचित नहीं समझा। गर्मियों में हमारे देश में अनेक चुनाव हुए हैं जहां मतदाताओं की मतदान केन्द्रों पर भीड़ रही। हो सकता है कि मतदाताओं की कम उपस्थिति का कारण राजनीतिक व्यवस्था में खोती हुई दिलचस्पी हो, हालांकि इस बारे में अभी कुछ निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है। अनेक मतदाता राजनीतिक प्रक्रिया से स्वयं को अलग समझ सकते हैं। उनको लगता है कि उनके वोटों का नीति-निर्माण पर समुचित प्रभाव नहीं पड़ता है या उनके सरोकारों पर गौर नहीं किया जाता है।

इस निराशा का कारण अक्सर राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने वादे पूरे न करना हो सकता है। इससे मतदाता स्वयं को ठगा अनुभव करते हैं। परंपरागत रूप से शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत हमेशा कम रहा है, पर अब ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता भी संभवतः मतदान में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेते हैं। कम परिवहन सुविधाओं वाले क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों तक पहुंचना, खासकर वृद्धों तथा दिव्यांगों के लिए बहुत कठिन हो सकता है। मतदान का एक चिन्ताजनक आयाम पहले चरण में नगालैंड के 6 जिलों में शून्य मतदान है। यह अभूतपूर्व तथा आश्चर्यजनक है। इस क्षेत्र की एक संस्था स्थानीय स्तर पर अलग 'प्रशासनिक व्यवस्था' चाहती थी और आश्वासन न मिलने पर उसने मतदाताओं से मतदान बहिष्कार का आह्वान किया था। कारण जो भी हो, कम मतदान देश के लिए शुभ संकेत नहीं है। कुछ चीजें मतदाताओं में निष्क्रियता का कारण बनती हैं। इसमें सामाजिक व आर्थिक आयाम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनसंख्या का एक हिस्सा खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी, निरक्षरता व बेरोजगारी जैसे मुद्दों का सामना करता है और इस कारण चुनाव प्रक्रिया में उसकी सहभागिता प्रभावित होती है। हिन्दी हृदय प्रदेश में 'पहचान की राजनीति' तथा 'ध्रुवीकरण' से भी मतदाताओं में निराशा पैदा हो सकती है। राजनीतिक पार्टियों को ऐसे में मतदाताओं के प्रति अपनी ऐसी प्राथमिकतायें निर्धारित करनी चाहिए जो चुनाव चक्रों से आगे जाती हों। मतदाताओं से संवाद विकसित करना तथा उनमें लगातार संप्रेषण व पारदर्शी प्रशासन से विश्वास पैदा करना भी जरूरी है।

# मायावती का राजनीतिक दांव

**बसपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठाया है। इससे संभवतः वे आने वाले दिनों में राजनीतिक रूप से प्रासंगिक रहेंगी।**



**सिद्धार्थ मिश्रा**
(लेखक, राजनीति विश्लेषक हैं)



बसपा नेता व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने एक बार फिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठाया है। इससे संभवतः वे आने वाले दिनों में राजनीतिक रूप से प्रासंगिक बनी रहना चाहती हैं। मायावती ने यह मुद्दा लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उठाया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया है। 19 अप्रैल को यहां सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबा, रामपुर व पीलीभीत चुनाव क्षेत्रों में मतदान हो गया है। लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। इसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मेरठ व मथुरा के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

इनमें से बुलंदशहर आरक्षित सीट है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की इन सीटों पर बहुजन समाज पार्टी-बसपा नेता तथा उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को 'अलग राज्य' बनाने का पुराना मुद्दा फिर से उठाया है। संभवतः ऐसा कर वे आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में प्रासंगिक बनी रहना चाहती हैं। उन्होंने अपनी इस मांग के लिए संविधान निर्माता डा. बी.आर. अंबेडकर का जन्म दिवस चुना। इस अवसर पर मायावती ने मुजफ्फरनगर में आयोजित एक बड़ी रैली में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य का दर्जा देंगी। उन्होंने केन्द्रीय सत्ता में आने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पीठ गठित करने का वादा भी किया।

मायावती की इस घोषणा से एक बार फिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य का दर्जा देने का मामला सुर्खियों में आ गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग 'हरित प्रदेश' बनाने की कल्पना राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व नेता स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह ने की थी। अजीत सिंह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे कद्दावर नेता तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पुत्र थे। 'हरित प्रदेश' की अवधारणा के समर्थकों का कहना था कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने उत्तर प्रदेश को तीन अलग-अलग राज्यों-पश्चिमी, मध्य व पूर्वी में बांटने की अवधारणा पेश की थी। अंबेडकर का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को छोटे राज्यों में बांट कर प्रशासन को बेहतर बनाना था।

1955 में डा. अंबेडकर ने उत्तर प्रदेश को तीन राज्यों में बांटने की परिकल्पना अपनी पुस्तक 'थाट्स आन लिंग्विस्टिक स्टेट्स', यानी भाषाई आधार पर राज्यों के गठन पर विचार में की थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश को तीन राज्यों में बांट कर पूर्वी उत्तर प्रदेश की राजधानी इलाहाबाद तथा पूर्वी क्षेत्र की राजधानी कानपुर में बनाने की कल्पना भी की थी। बहुजन समाज पार्टी-बसपा ने यही विचार सामने रख कर 2011 में राज्य के विभाजन का प्रस्ताव रखा था। मुख्यमंत्री के रूप में अपने शासनकाल में मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में उत्तर प्रदेश राज्य के पुनर्गठन के बारे में एक प्रस्ताव भी पास कराया था। इस प्रस्ताव के अनुसार उत्तर प्रदेश को चार छोटे राज्यों-पश्चिमी, मध्य, पूर्वी व बुंदेलखंड में बांटा जाना था। इसके पहले वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश के सभी पहाड़ी जिलों को अलग कर अलग 'उत्तराखंड' का गठन किया जा चुका था। लेकिन अनेक राजनीतिक विश्लेषकों के दृष्टिकोण से सुश्री मायावती द्वारा उत्तर प्रदेश के विभाजन का प्रस्ताव डा. अंबेडकर की अवधारणा के उलट चुनावी गणित पर आधारित था। जब सुश्री मायावती ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव सामने रखा था तब उनके दिमाग में इस क्षेत्र में रहने वाली बड़ी संख्या में दलित व मुस्लिम जनसंख्या थी।

मायावती ने अपने इस प्रस्ताव से 'दलित-मुस्लिम' गठजोड़ को मजबूत बनाने का प्रयास किया था। इस गठजोड़ ने 2007 में समाजवादी पार्टी-सपा के मुस्लिम-यादव गठजोड़ को पराजित कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। उस समय बसपा को सवर्ण समाज का भी व्यापक सहयोग मिला था जिससे मायावती के नेतृत्व में बसपा प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल हुई थी।

इस प्रकाशन के लिए इस शताब्दी के आरंभ में रिपोर्टर के तौर पर काम करते हुए हमें यह अच्छी तरह याद है कि उस समय जमीनों पर अपने अधिकार के चलते जाटों तथा उच्च जातियों ने दलितों को चुनाव प्रक्रिया में हाशिये पर धकेल दिया था। उस समय इस समाचार पत्र के संपादक स्वर्गीय डा. चंदन मित्रा ने इस रिपोर्टर की स्टोरी को एक हेडलाइन दी थी-'फेयर पोल्स, फ्री आफ दलित्स'। इसका संकेत इस ओर था कि दलितों की सहभागिता के बिना किसी चुनाव को निष्पक्ष व न्यायोचित कैसे कहा जा सकता है। इस स्थिति में बहुजन समाज पार्टी-बसपा के उभार से व्यापक बदलाव आया था। खासकर 2004 में और उसके बाद लोकसभा चुनावों में बसपा के उभार के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दलित इस प्रक्रिया में न केवल 'शाब्दिक', बल्कि 'भावनात्मक' रूप से सही अर्थों में जुड़े थे। इसी समय प्रदेश की राजनीति में दलित-मुस्लिम गठजोड़ उभरा था जिसने राज्य की चुनावी गणित को काफी सीमा तक बदल दिया था। बहुजन समाज पार्टी-बसपा को देश में अनेक राजनीतिक विश्लेषक दलित आंदोलनों की अग्रणी राजनीतिक शक्ति मानते हैं जिसके चलते दलित समाज के बड़े हिस्से में आत्मविश्वास और गौरव की भावना पैदा हुई है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम जनसंख्या का भी राजनीतिक प्रभाव काफी बढ़ा था। 2011 की जनगणना के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या 71,217,132 थी जिसमें से 72.29 प्रतिशत हिन्दू तथा 39.17 प्रतिशत मुस्लिम थे। इसी प्रकार 'खड़ी बोली क्षेत्र' की जनसंख्या 29,669,035 थी जिसमें 59.19 प्रतिशत हिन्दू तथा 39.17 प्रतिशत मुस्लिम थे। इसी प्रकार 'बृज क्षेत्र' की जनसंख्या 29,754,755 थी जिसमें 82.78 प्रतिशत हिन्दू तथा 16 प्रतिशत मुस्लिम थे। 'खड़ी बोली' या हिन्दी भाषा की एक बोली बोलने वाले जिलों में मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बागपत, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद के कुछ हिस्से, गौतम बुद्ध नगर और बुलंदशहर शामिल हैं। बृज भाषा बोलने वाले जिलों में मथुरा, हाथरस, आगरा, अलीगढ़, एटा, गौतम बुद्ध नगर के कुछ क्षेत्र, बुलंदशहर, इटावा और मैनपुरी शामिल हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में मुस्लिम जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है और जनगणना के आंकड़ों से भी इसकी पुष्टि होती है। जनगणना के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, ज्योतिबा फुले नगर, मेरठ और बरेली के आठ जिलों में मुस्लिम जनसंख्या जहां 1951 की जनगणना में 29.93 प्रतिशत थी, वहीं यह 2011 की जनगणना में बढ़ कर 40.43 प्रतिशत हो गई। मुस्लिम जनसंख्या में इस वृद्धि को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने लगातार 'जनसंख्या नियंत्रण कानून' बनाने की मांग की है।

भाजपा के साथ ही अनेक अन्य हिन्दू समूहों ने भी जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग लंबे समय से की है। देश के कई प्रदेशों, खासकर देश के तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान और वर्तमान बांग्लादेश से सटे पश्चिम बंगाल व असम जैसे प्रदेशों तथा पश्चिमी पाकिस्तान से सटे जम्मू कश्मीर के घाटी क्षेत्र में मुस्लिम जनसंख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। इससे भाजपा तथा अन्य हिन्दू-समर्थक दलों व संगठनों को आशंका है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो भारत में 'जनसंख्या संतुलन' बिगड़ जाएगा। उनको आशंका है कि इससे देश की राजनीति, समाज व अर्थव्यवस्था में 'हिंदू स्पेस' में कमी आएगी।

संक्षेप में कहा जाए तो मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी द्वारा एक बार फिर अलग पश्चिमी उत्तर प्रदेश या 'हरित प्रदेश' की मांग के पीछे बहुत कुछ छिपा है। हालांकि, अलग पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मांग शुरुआत से बेहतर प्रशासन के लिए की जाती रही है, लेकिन जनता के बजाय इसका संबंध राजनीति से अधिक है।

# स्वायत्तता के लिए लद्दाख का संघर्ष

"ऐतिहासिक हाशिए और उपेक्षा की पृष्ठभूमि के खिलाफ, स्वायत्तता की ओर लद्दाख की यात्रा में संघर्ष और अथक प्रयास शामिल है।"


**हरि ओम**
(लेखक, जम्मू विवि में संकायाध्यक्ष रहे हैं)



26 अक्टूबर, 1947 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य के भारत में विलय ने रणनीतिक ट्रांस-हिमालयी लद्दाख क्षेत्र में बौद्ध बहुल लेह जिले को महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक झटका दिया, जो दुनिया की छत के रूप में प्रसिद्ध है। और लामाओं की भूमि। इसी तरह, लद्दाख के करील जिले में मुख्य रूप से बौद्ध जांस्कर तहसील को इन परिणामों का खामियाजा भुगतना पड़ा, और अपने समकक्ष, लेह की तुलना में और भी अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

1979 में शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व में मुस्लिम-बहुल कारगिल जिले की उत्पत्ति का उद्देश्य उनके सह-धर्मवादियों और बौद्धों के बीच कलह को बढ़ावा देना था, जिसका उद्देश्य लद्दाख के लिए स्वायत्तता और केंद्र शासित प्रदेश की स्थिति के लिए बौद्धों की आकांक्षाओं को विफल करना था। इस कदम ने बौद्धों की दुर्दशा को बढ़ा दिया, दो प्राथमिक कारकों के कारण उनके धर्म, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने और जनसांख्यिकीय अखंडता को खतरे में डाल दिया।

सबसे पहले, लगातार कश्मीरी-प्रभुत्व वाले प्रशासनों ने लद्दाख को कश्मीर के उपांग के रूप में देखा, इसकी बौद्ध आबादी की राजनीतिक और आर्थिक आकांक्षाओं की उपेक्षा की। जम्मू प्रांत के समान लद्दाख को भी कश्मीरी शासकों द्वारा एक उपनिवेश के रूप में देखा जाता था, जिससे बौद्धों में हाशिये पर रहने की भावना बनी रहती थी। दूसरे, नई दिल्ली के सत्ता के गलियारों पर कश्मीरी अभिजात वर्ग के हानिकारक प्रभाव ने बौद्धों की आवाज़ को और अधिक हाशिए पर डाल दिया, केंद्रीय अधिकारियों ने लगातार कश्मीरी हितों का पक्ष लिया और लद्दाख की चिंताओं को खारिज कर दिया।



इस प्रणालीगत उपेक्षा के जवाब में, प्रमुख लामा कुशोक बकुला रिनपोछे के कुशल नेतृत्व में, बौद्धों ने सार्थक राजनीतिक प्रतिनिधित्व और स्वायत्तता की मांग करते हुए 1952 में विरोध प्रदर्शन शुरू किया। उनकी उत्कट अपीलों और चेतावनियों के बावजूद, श्रीनगर और नई दिल्ली दोनों ने उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया, जिससे बौद्ध आबादी में निराशा बढ़ गई। अक्टूबर 1989 में असंतोष की पराकाष्ठा भड़क उठी, जिसमें बौद्धों और अधिकारियों के बीच व्यापक विरोध प्रदर्शन और झड़पें हुईं। केंद्र सरकार की मध्यस्थता में 29 अक्टूबर, 1989 के परिणामी त्रिपक्षीय समझौते ने लेह में लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) की स्थापना करके अस्थायी रूप से तनाव को कम किया।

हालांकि, इस प्रस्ताव को फारूक अब्दुल्ला सहित कश्मीरी नेताओं के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने इसे कश्मीरी आधिपत्य के लिए खतरे के रूप में देखा। 1995 में एलएएचडीसी लेह की स्थापना के बावजूद, कश्मीर-केंद्रित अधिकारियों के निरंतर हस्तक्षेप के कारण बौद्ध असंतुष्ट रहे, जिससे परिषद अप्रभावी हो गई। नतीजतन, उन्होंने अपनी शिकायतों को दूर करने के लिए केंद्रीय शासन को एकमात्र सहारा बताते हुए, लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा और अन्य मांगों की वकालत करते हुए अपना आंदोलन तेज कर दिया।

निर्णायक मोड़ 19 जून, 2018 के बाद आया, जब केंद्र सरकार ने बौद्ध समुदाय को खुश करने के लिए कई उपायों की शुरुआत करते हुए, जम्मू और कश्मीर का सीधा नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। इनमें लद्दाख विश्वविद्यालय की स्थापना, लद्दाख को संभागीय दर्जा देना और अंततः केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग करना शामिल है।

इसके अतिरिक्त, लद्दाख के विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन किए गए। इन पहलों ने हाशिए पर मौजूद बौद्ध आबादी की आकांक्षाओं को संबोधित करने में केंद्रीय शासन की प्रभावशीलता को रेखांकित किया। राज्य का दर्जा पाने के बजाय, बौद्धों से एलएएचडीसी लेह को मजबूत करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने और जनसांख्यिकीय चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए मोदी सरकार के साथ सहयोग करने का आग्रह किया जाता है।

2018 और 2023 के बीच की अवधि लद्दाख के लिए एक परिवर्तनकारी चरण का प्रतीक है, जिसमें केंद्रीय हस्तक्षेप ऐतिहासिक अन्याय के निवारण और अपनी बौद्ध आबादी को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल

pioneer.editorial@gmail.com

पर भी भेज सकते है।

# उपलब्ध संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल व समन्वय से शीघ्र रोकथाम, जनहानि, जनसंपत्ति हानि का बचाव

एक कहावत है 'जान है तो जहान है ' लेकिन यह समय की शिला पर उकेरा गया सबसे बड़ा सच भी है। दुनियाभर में जितने भी कर्म किये जाते हैं, उनमें सबसे बड़ा काम वही माना जाता है, जो किसी की जान बचाने के लिए किया गया हो। 05 अप्रैल 2024 को छत्तीसगढ़ की राजधानी, रायपुर के आसमान पर जो काले धुंये का गुबार छाया था, वह सारे शहर में दहशत फैला रहा था कि पता नहीं कितनों की जान और माल पर कितना खतरा मंडरा रहा है? आग के बारे में कहा जाता है कि वह पानी से बुझती है लेकिन तेल की आग पर पानी भी बेअसर होता है, तो सवाल उठता है कि ऐसी आग कैसे बुझेगी ? अब इस आग की विकरालता के साथ जुड़ी अन्य चुनौतियों पर भी गौर करना जरूरी है।

**घनी बस्ती व ऑयल से भरे डिब्बा बन्द :** एक ओर 132 के.वी. क्षमता का विद्युत उपकेंद्र और दूसरी ओर घनी बस्ती। उस घनी बस्ती और भभकती ज्वाला के बीच ऑयल से भरे हुए डिब्बाबंद ड्रम। एक छोटी सी बोतल में भरा पेट्रोल कितना विध्वंसक होता है, यह सब को पता है, तो ऑयल भरा हुआ डिब्बाबंद ड्रम कितना कहर ढा सकता है?



**दूसरों की जान की परवाह करना ही सबसे बड़ा कर्तव्य :** यह सोचकर भी आत्मा कांप उठे। वह पर ऐसा एक नहीं, अनेक ड्रम थे। इन ड्रमों को वहां से हटा देना ही भयानक शक्तिशाली बमों को डिफ्यूज करने जैसा राहतकारी कदम था। थोड़ी ही दूरी पर, खुले मैदान पर पड़े ऑयल भरे ट्रांसफार्मर बमों की तरह फट रहे थे और उससे थोड़ी दूर ऑयल के ड्रमों को हटाने के लिए अपनी जान की बाजी वही लगा सकता है, जो दूसरों की जान की परवाह करता हो और जान बचाने को ही सबसे बड़ा कर्तव्य समझता हो।

**अधिकारियों के फर्ज तो औरो के लिए प्रेरणा :** ऐसे कुछ वीडियोज वायरल हुए हैं, जिसमें एक महिला और कुछ पुरुष अधिकारी स्वयं ऑयल भरे ड्रमों को धकेलकर आग की जद से दूर ले जाते दिख रहे हैं। जैसे कि युद्ध जैसी बमबारी और धमाकों के बीच भी उन्हें सिर्फ एक ही आवाज सुनाई दे रही हो , बचाव, बचाव, बचाव। इनके साहस और जज्बे को सलाम करने के बजाय जो लोग दूरबीन लेकर लापरवाही ढूंढ रहे हैं, उनसे कुछ कहना निरर्थक है ।

**श्रेष्ठतम प्रबंधन ही सर्वश्रेष्ठ रास्ता होता :** जाहिर है कि ऐसे हालातों के बीच वही व्यक्ति काम कर पाता है, जो यह जानता हो कि प्रिवेंटिव मेन्टेनेन्स की अपनी अहमियत तो है ही, लेकिन जब कोई आपदा आ ही गई हो तो उससे निपटने का हर संभव और श्रेष्ठतम प्रबंधन ही सर्वश्रेष्ठ रास्ता होता है ।

**न्यूनतम क्षति के साथ संकट से निजात :** आपदा प्रबंधन का सबसे बड़ा सिद्धांत है, न्यूनतम क्षति के साथ संकट से निजात। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के क्षेत्रीय भंडार के अग्निकांड में जन हानि न होना और आम जनता की निजी संपत्तियों का लेशमात्र भी नुकसान न होना आपदा प्रबंधन की सबसे बड़ी कसौटी थी। इस कसौटी और चुनौती में खरा उतरना बेहद राहतदायी है। शहर के बड़े हिस्से में विद्युत आपूर्ति करने वाले 132 केवी उपकेंद्र, ऑयल के ड्रम, लगभग 100 ट्रांसफार्मर और अन्य कीमती उपकरण आग की भेंट चढ़ने से बच गए, यह निश्चय ही उपलब्धि है लेकिन इतनी भयानक आग में जनहानि नहीं होना अतुलनीय उपलब्धि है और इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की प्रेरणा, उनके संबल की बहुत बड़ी प्रेरणा ने अपना काम किया।

**बेहतर समन्वय से उत्कृष्ट परिणाम :** छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग के सचिव पी.दयानंद की भूमिका भी रेखांकित करने योग्य है। दयानंद ने पहले भी कई बार कहा है कि दुर्घटना न हो, इससे सुखद कुछ हो नहीं सकता लेकिन अगर कुछ अनहोनी घट ही गई हो तो संसाधनों के बेहतर समन्वय और सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन का कोई विकल्प नहीं होता। यही सीख 5 अप्रैल को काम आ गई।

**-उमेश कुमार मिश्र**
(अतिरिक्त महाप्रबंधक-जनसंपर्क, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज)

# एक ही स्कूल के 9 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसदा के 9 खिलाड़ियों का चयन स्कूल गेम फेडरेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता जो की महाराष्ट्र के पुणे शहर में आयोजित है। जिसमे बेमेतरा जिले के एक ही विद्यालय के लगभग 9 खिलाड़ियों को चयन होना एक विशेष उपलब्धि है। स्कूली खेलो द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर इन सभी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए हुवा है।राज्य स्तरीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता जो की जगदलपुर में हूवा जिसमे विद्यालय के 19 वर्ष बालिका ने वंहा प्रथम स्थान प्राप्त किया।ठीक इसी प्रकार 17 वर्ष बालक वर्ग ने द्वितीय स्थान तथा बालिकाओं ने प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया अपने दमदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को अपनी ओर आकर्षित कर इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है।चयनित खिलाड़ी इस प्रकार है। जहां 19 वर्ष बालक में आदित्य वर्मा, अभिषेक माहेश्वरी है वही बालिका वर्ग में दुलेस्वरी धीवर, आरती धीवर, भानु विश्वकर्मा, साक्षी मरकाम है। इसी प्रकार 17 वर्ष बालक में रमजान अली, दीपक यादव है वही बालिका वर्ग में टिकेश्वरी निर्मलकर, गोमती यादव ने प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में लगभग 16 राज्यों की टीम अपना प्रदर्शन करेगी। जिसमे चयनित खिलाड़ी 21अप्रेल को आजाद हिंद एक्सप्रेस से पुणे के लिए रवाना हुये है, आपको बता दे की पूरे जिले में एकमात्र ऐसा स्कूल है। जहां पर रग्बी जैसा खेल का प्रशिक्षण यहां के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव तथा सीनियर खिलाड़ी आकाश वर्मा के द्वारा दिया जाता है। लगभग 10 वर्षो से यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय शालेय स्तर पर चयनित होते रहे है और प्रदेश को पदक भी दिलाया है। चाहे की वह राज्य स्तरीय हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता हो। सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर यहां के संस्था के प्राचार्य दुष्यंत परगनिहा ने खिलाड़ियों के चयन पर उन्हें सुभकामना दी समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ तथा संकुल समन्वय में दीपक आडिल संध्या परगनिहा, मेघनाथ निर्मलकर तथा सरपंच तेजस्वी पवन डहरिया तथा ग्राम के पंकज वर्मा, मानचंद निर्मलकर, वेदकुमार निर्मलकर, अजय निर्मलकर ने खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की तथा स्कूल के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव की इस उपलब्धि के लिए उनकी सराहना की।

# बेमेतरा में 26को गृहमंत्री अमित शाह का आगमन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधान सभा में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे देश के गृह मंत्री अमित शाह बेमेतरा आगमन 26 को होगा अमित शाह का बेमेतरा आगमन स्थल निरक्षण करने पहुँचे दुर्ग लोकसभा सहप्रभारी राजीव अग्रवाल संजय बघेल पूर्व ज़िला अध्यक्ष राजेंद शर्मा नरेंद वर्मा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा हर्ष तिवारी राकेश मोहन शर्मा अजय तिवारी मोटी साहू नीलु राजपूत राजीव चौबे राकेश किचारिया उपस्थित रहे।

# एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने बिरनपुर एवं कुरूलु चौक परपोड़ी नाका चेक पोस्ट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

### तैनात अधिकारियों एवं पुलिस जवानों को हमेश सर्तक व सुरक्षित डयूटी करने तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक दिशा-निर्देश दिये



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आगामी लोकसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए लगातार बाहर से आने-वाले बलों की रुकने की व्यवस्था व चेक पोस्ट एवं मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। जिसके तहत आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने थाना साजा एवं परपोडी क्षेत्रांतर्गत स्थित बडा पुल के पास बिरनपुर एवं कुरूलु चौक परपोडी में स्थैतिक निगरानी टीम नाका/चेक पोस्ट का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के साथ निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

वहां पर तैनात पुलिस जवानों एवं अन्य अधिकारियों को जिलों के सीमाओं में प्रवेश करने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने व हमेशा सतर्क एवं सुरक्षित डयूटी करने के संबंध में हिदायत तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दिये एवं आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान थाना साजा प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू, उप निरीक्षक जयराम गंगवेर, सउनि भलेतिनुस पन्ना सहित अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।

# राम भक्त समिति द्वारा हनुमान जयंती पर भव्य भंडारा का आयोजन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री राम भक्त समिति द्वारा प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी बेमेतरा स्थिति राम मंदिर प्रांगण में प्रातः हनुमान जी के पूजा अर्चना के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे नगर के सभी श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में प्रसादी प्राप्त किए। जिसमे आयोजन समिति पीयूष शर्मा, शिवम दीवान, आकाश सलूजा, गौरव दागा,आयुष साहू, सत्यम शर्मा, ऋत्विक तिवारी, भानुप्रताप साहू, जय मेघवानी, जतिन मेघवानी, बादल जोशी, शिवम साहू, राहुल साहू, मनीष साहू, चेतन सिन्हा, सिद्धांत तिवारी, विनय पटेल, कोमल देवांगन, राहुल साहू, हिमांशु नामदेव, प्रांजल पाटिल, विकास साहू, हिमांशु साहू, हैप्पी महेश्वरी, शुभम साहू, वैभव तिवारी, अतुल मुंद्रा, राहुल डांगरा, लखोटिया, राहुल चांडक, सौम्य साहू, अंजली शर्मा, अपूर्वा सोनी और भी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी बनाने के लिए किया गया सघन जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा कांकेर लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में जिले के डौंडी मंडल अंतर्गत नगर पंचायत डौंडी के अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र बंधिया पारा, वार्ड क्रमांक 9 सुभाष चंद्र बोस वार्ड में भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी बनाने के लिए सघन जनसंपर्क किया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत डौंडी के पार्षद मात्रमदास कोसरे ने बताया कि बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू एवं डौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष झा के मार्गदर्शन में सर्वप्रथम अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व सदस्य एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनिल खोबरागड़े ने समाज के धर्मस्थल जैतखाम में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया। इसके पश्चात नगर पंचायत डौंडी के अध्यक्ष सोमेश सोरी की उपस्थिति में अनुसूचित जाति मोर्चा के सदस्यों ने घर-घर जाकर व्यापक रूप से जन सम्पर्क किया । इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल खोबरागड़े ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः इस देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए हम सभी को संकल्प लेना है एवं कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को भारी मतों से विजयी बना कर इस बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है।

# सामान्य प्रेक्षक शेट्टीनावर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रेक्षकएस. बी. शेट्टीनावर ने जिले के विभिन्न मतदान बूथों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने सबसे पहले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंघौरी का निरिक्षण किया इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपस्थित संबंधित कर्मचारियों को महिला एवं पुरुष मतदाताओं के साथ ही 80 से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या की जानकारी लेते हुए उनके लिए उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्रो में मूलभूत सुविधाओं शौचालय, शुद्ध पेयजल, बिजली, रैम्प की जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात उनके द्वारा कन्या पू.मा.शा.वार्ड क्रं. 16 भैरव बाबा मंदिर बेमेतरा तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंघौरी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा का निरिक्षण किया एवं साथ ही कहा कि यदि आवश्यकता अनुसार इन मतदान केंद्रों में सुविधाओं की और आवश्यकता होती है तो उसकी भी व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय, तहसीलदारपरमानन्द बंजारे सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

# सभी तरह के वाहनों की करें सघन जांच : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 दुर्ग जिला अंतर्गत गठित उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) के दल प्रभारियों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने निगरानी दल में तैनात सभी अधिकारी को पूरे समय चौकन्ना रहकर मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने मार्ग से गुजरने वाली प्रत्येक वाहनों का अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में तैनात टीम को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए, जिससे कार्य करने एवं निर्णय लेने में आसानी होगी। इसमें लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए यह सुनिश्चित करें। उन्होंने जरूरत के मुताबिक ऐसे जगहों पर स्थैतिक निगरानी दलों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर चौधरी ने कहा कि निगरानी दल के सभी सदस्य अपने जिम्मदारियों और दायित्वों को भलीभांति समझ लें। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना हम सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# राजनांदगांव क्षेत्र की महिलाएं मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित हैं : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा/पंडरिया
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने लोकसभा चुनाव के तहत ग्राम कुंडा में आयोजित महतारी वंदन योजना कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं और महिलाओं को संबोधित कर लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने लाभार्थी महिलाओं से भी भेंट किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा के साथ ही सामाजिक न्याय भी मिल रहा है। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण से लेकर हर क्षेत्रों में माताओं-बहनों को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्र व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है। महिलाओं के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता ने महिलाओं को सैन्य, खेल, व्यापार, उद्योग और लोकसभा जैसे सभी क्षेत्रों में प्रोत्साहन मिल रहा है। भावना बोहरा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी और आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रदेश के विकास एवं जनता के अधिकारों के




लिए प्रतिबद्ध होकर उसे संवारने का कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील भाजपा सरकार ने हमेशा ही महिलाओं के उत्थान एवं उन्हें आर्थिक रूप से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो या मातृत्व वंदना योजना के तहत आर्थिक सहयता हो अपने ध्येय और महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य को स्पष्ट किया है। प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ करने के तथा आर्थिक स्वावलम्बन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू किया गया है जिसकी 2 किश्त भी पारदर्शी तरीके से महिलाओं के खाते में सीधे ट्रांसफर की गई। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में 3,000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। पांच वर्षों में कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के विश्वास को तोड़ा, उनसे किये वादे केवल कागजों में ही रहें इसी का परिणाम रहा कि छत्तीसगढ़ की माताओं ने विधनासभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सिरे से नाकारा और प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय लेकर आई एक बार फिर वह अवसर है जब छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनें 26 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनायेंगी। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी जी की गारंटी पर जनता पूर्ण विश्वास जताते हुए 400 पार के लक्ष्य में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते हुए छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा की प्रचंड विजय में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएगी।


## फार्मेट सी–7

(राजनैतिक दलों द्वारा समाचार पत्र, दल के सोशल मीडिया प्लेटफार्म और वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाने हेतु)

अभ्यर्थी के रूप में चयनित किए गए लंबित आपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों से संबंधित सूचना और ऐसे चयन के कारण तथा बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नही चुना गया, से संबंधित विवरण

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.–536 में वर्ष 2018 की अवमानना याचिका (सिविल) सं. 2192 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 13 फरवरी 2020 के आदेश अनुसरण में जारी आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार).

राजनैतिक दल का नाम :– इंडियन नेशनल कांग्रेस
निर्वाचन का नाम :– लोकसभा चुनाव वर्ष–2024
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम :– छत्तीसगढ़
(1) निर्वाचन क्षेत्र का नाम :– लोकसभा क्षेत्र कं.–07 दुर्ग
अभ्यर्थी का नाम :– श्री राजेन्द्र साहू

| स.क. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | आपराधिक पूर्ववृत | |
| | क | अपराधों की प्रकृति | 1. धारा–अज्ञात<br>2. धारा–147, 341 भा.दं.वि. |
| | ख | मामला संख्या | 1. प्रकरण कं. 454/2009, थाना–सुपेला<br>2. प्रकरण कं. आरसीसी/5649/17 |
| | ग | न्यायालय का नाम | 1. थाना–सुपेला, भिलाई अंतर्गत प्रकरण विवेचनाधीन है<br>2. कुमारी दीपा सुचिता तिर्की, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दुर्ग |
| | घ | क्या आरोप विरचित कर दिए गए है या नही(हां/नही) | नही है |
| | ङ | दोषसिद्धि की तिथि, यदि कोई हो | नही है |
| | च | भुगती गई सजा का विवरण, यदि कोई हो | नही है |
| 2 | | अभ्यर्थी के चयन का कारण, चयन अभ्यर्थी की योग्यता, उपलब्धि और उसकी मेरिट को देखते हुए किया जाएगा न कि सिर्फ मतदान में विजय प्राप्त करने की क्षमता (100 शब्द से अधिक न हो) | जिस पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, उससे संबंधित कौशल संचार नेतृत्व, समस्या समाधान जैसे क्षेत्रों में दक्षता भी महत्वपूर्ण है। राजनैतिक प्रणाली के कामकाज का बेहतर ज्ञान मतदाताओं के बीच लोकप्रियता व्यापक स्तर पर लागों से अपील करने और जनता का समर्थन आकर्षित करने की क्षमता, विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के बीच संतुलन बनाए रखने की क्षमता, उम्मीदवार को पार्टी की विचारधारा मान्यताओं और मूल्यों के प्रति कटिबद्ध होने के कारण चुना गया है। |
| 3 | | यह कारण बताएं कि बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप क्यों नही चुना गया (100 शब्द से अधिक न हों) | पार्टी उम्मीदवार के चयन के लिये आंतरिक विचार विमर्श और बातचीत करती है। क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व जैसे कारक उम्मीदवार के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उम्मीदवार की पसंद मतदाता पर निर्भर करती है। उम्मीदवार के पास कांग्रेस के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक कौशल, अनुभव और समर्पण है। यह उम्मीदवार निर्वाचित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव और प्रगति लाने की क्षमता रखता है और लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करेगा। |

राज्य सभा या विधानसभा सदस्यों (एमएलए) द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

# जिले में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली द्वारा जिले में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिनसे प्रेरित होकर ग्राम बांकी में संचालित संस्था होल्हाबाग नवयुवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गांव के लोगों को शतप्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करके के उद्देश्य से सभी सदस्यों द्वारा हांथो में मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखा हुवा तख्ती रख 108 बार सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ सिधेश्वर हनुमान मंदिर में कर गांव में जागरूकता रैली निकाला गया साथ ही उस दौरान उपस्थित लोगों को मतदान शपथ दिला 7 मई को बढ़चढ़ कर मतदान करने प्रेरित किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस भी ग्राम बांकी में हनुमान जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से होल्हाबाग नवयुवा समिति द्वारा मनाया गया। सुबह से लोगों का भीड़ सिधेश्वर हनुमान मंदिर परिसर में लगा रहा। सुबह 10 बजे हनुमान जी को चोला चढ़ा पूजन की प्रक्रिया प्रारंभ हुवा हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ, हवन फिर समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक रामपाल सिंह ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नही बल्कि कर्तव्य भी है जो हमें सविधान प्रदत है, एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में हर एक वोट महत्वपूर्ण होता है। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना केवल शासन प्रशासन का काम नही बल्कि हम सबका भी दायित्व है कि हम अपने आसपास के लोगों को मतदान के महत्व को समझाते हुवे उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि सबकी सहभागिता से हम शतप्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकें। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने कहा कि धर्म ग्रंथों के अनुसार सभी देवताओं में हनुमान जी एक ऐसे देवता है जो इस पृथ्वी पर सशरीर मौजूद हैं। कहा जाता है कि वो सतयुग में भी थे, रामायण काल, महाभारत काल में भी थे और वो कलियुग में भी जीवित हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने भी लिखा है कि- 'चारो जुग परताप तुम्हारा है परसिद्ध जगत उजियारा।' इस चैपाई का अर्थ है कि हनुमानजी इकलौते ऐसे देवता हैं, जो हर युग में किसी न किसी रूप गुणों के साथ संसार के लिए संकटमोचक बनकर मौजूद रहेंगे। संस्था के संयोजक नागेश साहू ने बताया कि श्री हनुमान जी महाराज का जीवन हमें सीख देता है कि मानव को सदा कृतज्ञ भाव से पर सेवा और परमार्थ में निरत रहना चाहिए। दूसरों की संकट की घड़ी में आप संकट निवारक बन सको इससे श्रेष्ठ जीवन की उपलब्धि और क्या हो सकती है।

इस आयोजन को सफल बनाने में संस्थापक रामपाल सिंह, संयोजक नागेश साहू अध्यक्ष पवन निर्मलकर, विकास सिंह, सनत साहू, रिकेश पूरी, मयंक केवर्त, योगेंद्र साहू, भोला पूरी, गोपाल यादव, ब्रजराज पूरी, भोला साहू, पुरुषोत्तम यादव, सुभाष पूरी, मुकेश श्रीवास, लोकेश श्रीवास, अमित गिरी, गप्पू पूरी, रामावतार निषाद सहित समिति के सभी सदस्यों के अलावा समस्त ग्रामवासियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मतदान दलों को 06 मई को होगा सामग्री वितरण, बनाए गए 41 काउंटर

## सामग्री वितरण एवं वापसी दलों को दिया गया प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में सामग्री वितरण एवं वापसी दलों को प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि विधानसभा लोरमी, मुंगेली और बिल्हा के लिए 41 सामग्री वितरण काउंटर बनाए गए हैं। 06 मई को सुबह मतदान दलों को सामग्री वितरण किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके ने सामग्री वितरण एवं वापसी की बारीकियों को गंभीरता से समझने के लिए कहा। इस अवसर पर एसडीएम पथरियाबी.आर. ठाकुर, उपसंचालक पंचायत भूमिका देसाई सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर राघवेंद्र सोनी ने बताया कि टेबल क्रमांक 01 से प्रारूप 17 सी, पीठासीन अधिकारी रिपोर्ट 1,2,3 एवं काला लिफाफा सहित पैकेट 01 एवं 02 प्राप्त किया जाएगा। मास्टर ट्रेनर संजय सोनी ने बताया कि टेबल क्रमांक 02 में सांविधिक एवं असांविधिक लिफाफे जमा किए जाएंगे। मास्टर ट्रेनर जय मंगल सिंह ने बताया कि टेबल नंबर 03 में पैकेट नंबर 05 एवं 06 की सामग्री जमा की जाएगी। मास्टर ट्रेनर के. अहमद और मोहन उपाध्याय ने सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# वनांचल के ग्रामीणों को मतदान करने दिलाई गई शपथ




पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वीप कार्यक्रम के तहत लोरमी विकासखण्ड के वनांचल ग्राम जाकड़बांधा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मतदान करने के लिए छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ दिलाई गई। क्रेड़ा विभाग के अधिकारी सना खान ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को ''शतप्रतिशत मतदान, मुंगेली का अभिमान'' का संदेश दिया गया। साथ ही मतदान करने के लिए 12 प्रकार के पहचान पत्र वोटर आइडी, आधारकार्ड, राशनकार्ड आदि के संबंध में जानकारी दी गई और कोई एक पहचान पत्र के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर बेहतर जनप्रतिनिधि चुनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

बता दें कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार जिले के मैदानी क्षेत्रों सहित वनांचल क्षेत्र के मतदाताओं को 07 मई को मतदान कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने प्रेरित जा रहा है।

# अग्रवाल सभा की नवगठित कार्यकारिणी का संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com






अग्रवाल सभा की नवगठित कार्यकारिणी 2024-26 के पदाधिकारीयो का शपथ ग्रहण समारोह 22 अप्रैल को संपन्न हुआ, इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों का स्वागत अग्रवाल सभा कोरबा द्वारा किया गया, तो वहीं नए अध्यक्ष के रूप में राजेंद्र अग्रवाल (शरद सौरभ), उपाध्यक्ष के रूप में शिव अग्रवाल (मॉडर्न एग्रो), कोषाध्यक्ष के रूप में रमन अग्रवाल (श्री राम) एवं नव नियुक्त निर्वाचित सचिव महोदय ने शपथ ली, तथा इस दौरान अग्रवाल सभा की नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीयो को उपस्थित समाज बंधुओ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी तो वहीं अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल सभा कोरबा के संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा अग्रवाल सभा के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

# खदान प्रभावित 9 गांव के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का किया ऐलान

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में एसईसीएल खदान प्रभावित 9 गांव के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। पिछले 15 वर्षों से समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में भागीदारी नहीं निभाने का निर्णय लिया है। गांवों में हैवी ब्लास्टिंग से समस्याएं निर्मित हो रही है। पेयजल की समस्या गहराई हुई है। मुआवजा, रोजगार, बसाहट के प्रकरण अब भी लंबित हैं। समस्याग्रस्त ग्रामीणों ने इसकी सूचना देते हुए कलेक्टर व जिला निर्वाचन के अधिकारी सहित पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है। एसईसीएल खदान प्रभावित ग्राम पाली, पड़निया, सोनपुरी, जटराज (चंद्रनगर), खैरभवना, रिसदी, खोड़री, चुरैल, अमगांव के ग्रामीणों ने एकमत होते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया है। सभी गांव के ग्रामीणों ने आपस में बैठक कर निर्णय लिया है कि गांवों की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। ऐसे में वे मतदान नहीं करेंगे। सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त गांवों के निकट खदान होने के कारण कई तरह की समस्याएं उन्हें हो रही है। पिछले 15 वर्षों से वे उक्त समस्याओं से जूझते आ रहे हैं। शासन प्रशासन से कई बार गुहार लगाने के बावजूद आज तक समुचित समाधान नहीं होने से वे क्षुब्ध हैं। इस कारण उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया है। जिन 9 गांव के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है वे तीन ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आते हैं। ग्राम पंचायत पाली, खोड़री व खैरभवना के ग्रामीण लामबंद हैं। उनका कहना है कि यहां आबादी चार से पांच हजार है जो लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी नहीं निभाने को लेकर लामबंद हैं।

# 5 मई को अग्रसेन भवन जूनी लाइन बिलासपुर में होगा निशुल्क लीवर जांच शिविर

## फाइब्रोस्कैन मशीन से केवल 3 मिनट में होगी जांच





पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

संभागीय अग्रवाल सभा, बिलासपुर द्वारा आगामी 5 मई को अग्रसेन भवन बिलासपुर में सभी समाज के सदस्यों के लिये फ्रांस की उच्चतम क्वालिटी की मशीन द्वारा लिवर का निःशुल्क परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए बिलासपुर के समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल राजू ने बताया कि लिवर की जांच मात्र 3 मिनट में होगी और समग्र रुप से सम्मानजनक व्यवस्था के अंतर्गत रिपोर्ट दी जायेगी,लिवर की समस्या का आरंभ में पता नहीं चलता और न ही इसके कोई लक्षण दिखाई देते हैं अतः हम निश्चिंत रहते हैं और जांच नहीं की कराते, परन्तु किसी भी कारण से लिवर में कोई भी कमजोरी हो तो वह बाद में अत्यंत विकराल रूप ले लेती है और भारी खर्च और परेशानी के बावजूद जानलेवा भी बन जाती है, अतः सभी नागरिक इस शिविर में अग्रिम पंजीयन कराकर निःशुल्क श्रेष्ठ जांच और विशेषज्ञ डाक्टरों के निःशुल्क परामर्श प्राप्त करें,पूरे संभाग के बंधु इसमें सक्रियता से भाग लें और अधिकतम लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास करें।

# हरेठी स्थित पंचमुखी दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर हुई पूजा अर्चना एवं सार्वजनिक भंडारा





पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर में 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भारी भीड़ रही, शहर के हरेठी स्थित पंचमुखी दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुप्रसिद्ध आचार्य पंडित भोलाशंकर तिवारी ने जहां विधिवत पूजा-अर्चना करवाकर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कवाये, तो वहीं इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन परिवार के जुगमंदर अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल सहित परिवार की महिलाएं भी उपस्थित रही, तथा पंडित हरनारायण पांडेय एवम उनके सुपुत्र ने भी पंचमुखी दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भक्तों को प्रसाद वितरित किया, तथा इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक साज- सजा की गई थी, तथा सवामणी का प्रसाद भी लगाया गया एवं दोपहर समय सार्वजनिक भंडारा प्रसाद का भी आयोजन जिसमें करीब 5000 भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया, तो वहीं हरेठी स्थित पंचमुखी दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर को पूर्ण रूप से प्राकृतिक फूलों से सजाया गया था एवं इसकी सजावट देखकर लोग आकर्षित हो रहे थे एवं इस मंदिर का प्रबंधन बालाजी ट्रेडर्स परिवार द्वारा किया जाता है तथा जुगमंदर अग्रवाल ने इस अवसर पर समस्त हनुमान भक्तों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हनुमान जी के स्मरण मात्र से ही लोगों की सारी समस्याओं का निराकरण होता है,एवं यह मंदिर एक साक्षात उदाहरण है जहां लोग आकर अपनी मन्नतें मांगते हैं एवं उनकी मन्नते पूरी होती है तथा इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन द्वारा हनुमान भक्तों के लिए अग्रसेन चौक से मंदिर परिसर तक आने-जाने के लिए सुबह से देर रात तक निशुल्क वाहन व्यवस्था भी की गई जिसकी लोगों ने प्रशंसा की।

# हनुमान जयंती होर्षोल्लास के साथ मनाया गया भक्तो द्वारा जगह जगह प्रसाद वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com





नगर में हनुमान जयंती का पर्व बडे होर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर नगर के हनुमान मंदिरो में सुबह से ही भक्तो की लंबी कतारे देखी गई, और भक्तो द्वारा जगह जगह प्रसाद वितरण किया गया। नगर के गोल बाजार स्थित बंजगबली मंदिर में होम हवन, एवं सामुहिक हनुमान चालिका पाठ रखा गया था। इसके अलावा पुराना बस स्टैण्ड, बालानी चैक, पडाव चैक, दाउपारा, लोरमी रोड स्थित हनुमान मंदिर में भक्तो द्वारा प्रसाद वितरण किया गया, साथ ही कई स्थानो में हनुमान चालिसा पाठ का आयोजन भी किया गया । नगर मे निकाली गई शोभा यात्रा-हनुमान जयंति के अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गो से गुजरी। इस बीच रथ में विराजमान राम लक्ष्मण जानकी हनुमान को देख लोग भावविभोर हो गये। ग्रामीण अंचलो में भी जन्मोत्सव की धूम - हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर संकट मोचन सेवा समिति किशनपुर (दशरंगपुर) के द्वारा पूजा पाठ कर धूमधाम से गाजे बाजे के साथ हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। उत्सव के दौरान ग्रामीणों के द्वारा सामूहिक रूप से प्रसाद वितरण किया गया। जिसमे सम्मलित भूमेश पांडेय, घनश्याम साहू, दिलीप साहू, रिखीराम साहू, जागेश्वर साहू, राधेश्याम यादव, देवेंद्र साहू, आकेश साहू, धनराज सिंह दीपक साहू लक्ष्मण साहू सहित ग्रामीणों के द्वारा जन्मोत्सव का कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## निर्वाचन व्यय से संबंधित सभी रिकॉर्ड अद्यतन रखने के दिए निर्देश

# अभ्यर्थियों द्वारा प्रचार-प्रसार में किए जाने खर्च की निगरानी सतर्कता से करें : व्यय प्रेक्षक श्रीकांत नामदेव

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्रीकांत नामदेव (आई.आर.एस.) ने चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के खर्च की निगरानी हेतु गठित विभिन्न समितियों की बैठक ली। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार-प्रसार में किए जाने खर्च की निगरानी सतर्कता से करें। निर्वाचन व्यय से संबंधित सभी रिकॉर्ड अद्यतन रखें। वीएसटी दल रैली, जुलूस, सभा आदि का सावधानीपूर्वक वीडियो रिकॉर्ड करते हुए खर्च की गणना के लिए वीवीटी दल को प्रस्तुत करें। ताकि वीवीटी दल प्रचार-प्रसार के दौरान उपयोग किए जाने वाले सामग्रियों का बारीकी से अवलोकन करते हुए निर्धारित व्यय की राशि संबंधित अभ्यर्थी के खाते में जोड़ सके। व्यय प्रेक्षक ने पेड न्यूज, राजनीतिक विज्ञापन, सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोस्टर, बैनर में प्रकाशक और मुद्रक का नाम अवश्य मुद्रित होना चाहिए। आबकारी विभाग अवैध शराब की शिकायत मिलने पर कार्यवाही करें। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप प्रतिदिन समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत होना चाहिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। जिले में शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन के लिए सभी अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। सभी अधिकारी अपनी भूमिका को समझें और निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करते हुए गंभीरतापूर्वक कार्य करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल ने जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, एसडीएम लोरमी गिरधारी लाल यादव, एसडीएम पथरिया भरोसा राम ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित नोडल, सहायक नोडल अधिकारी और सदस्यगण मौजूद रहे।

# सरोज गुप्ता का निधन

**चांपा।** चांपा नगर के केसरवानी समाज के प्रतिष्ठित स्व. जेठूराम केसरवानी गुरुजी (पूर्व प्रधान पाठक, कुरदा) की सुपुत्री, संजय केसरवानी, संतोष केसरवानी (लकड़ी टॉल वाले), सुनीता केसरवानी (पूर्व जनसंपर्क अधिकारी, जांजगीर चांपा) की बड़ी बहन एवं गौरव गुप्ता, सौरभ गुप्ता की माताजी सरोज गुप्ता जी का असामयिक निधन हो गया वे 55 वर्ष की थी। 23 अप्रेल 2024 दिन मंगलवार को शाम को अंतिम यात्रा निवास स्थान गुरुनानक रेसिडेंसी, गौरव पथ चांपा से गैमन पुल के पास हसदो नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम गई जहां हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर उनके रिश्तेदार, केसरवानी समाज के लोग, नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। केसरवानी समाज तथा प्रेस क्लब चांपा ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## सबस्टेशन के ऑपरेटरों ने वेतन और बोनस नहीं मिलने का लगाया आरोप-आंदोलन की दी चेतावनी

**कोरबा।** कोरबा जिले के 33/11 केवी सब स्टेशन के ऑपरेटर 2 माह का वेतन और 6 माह का बोनस नहीं मिलने का आरोप लगा काम बंद हड़ताल पर जा रहे हैं। ऑपरेटर का कहना है कि पिछले माह ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें बिजली अधिकारी ने आश्वासन दिया था कि 28 मार्च तक 2 माह का वेतन ओर 6 माह का बोनस दिया जायेगा। इसके बावजूद ठेकेदार के द्वारा न दो माह का वेतन दिया गया है न 6 माह का बोनस दिया गया है। वेतन और बोनस नहीं मिलने पर उनके परिवार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# रामानुजगंज विधानसभा के कई वरिष्ठ भाजपा नेता नहीं कर पाए प्रधानमंत्री का दर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



सरगुजा लोकसभा चुनाव को लेकर अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करने के लिए आए हुए थे। जिसमें पूरे सरगुजा संभाग से कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के द्वारा शामिल होने हेतु संसाधन जुटाने के लिए सभी इंतजाम किए गए थे लेकिन एक भाजपा पदाधिकारी के द्वारा ऐसी कटु वचन कह दी गई थी कि लोगों को इतना ना गवार गुजरा कि उन्होंने रैली में जाने की चाह ही समाप्त हो गई। पार्टी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन बुधवार 24 अप्रैल 2024 को अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ग्राउंड में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करने के लिए सुबह 9:00 बजे पधारे हुए थे। और उस रैली में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के द्वारा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को शामिल होने के लिए सभी प्रकार के संसाधन उपलब्ध कराए गए थे। लेकिन भाजपा के एक पदाधिकारी के द्वारा ऐसी कटु वचन कह दी गई थी कि लोगों को इतना ना गवार गुजरा कि उन्होंने रैली में जाने की चाह ही समाप्त हो गई। भारतीय जनता पार्टी के अभी तक के इतिहास में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे लोकप्रिय नेता एवं प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी इतना लोकप्रिय नेता शायद ही कोई हो। ऐसा नेता का दीदार करना कौन नहीं चाहेगा। लेकिन सत्ता एवं संगठन में बैठे कुछ ऐसे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हैं जो अपने कथिनी एवं करनी के लिए अच्छे खासे पहचाने जाते हैं जिनके कटु वचनों से आय दिन लोग आहत हो रहे हैं। जिसकी वजह से रामानुजगंज विधानसभा के कई भाजपा नेता शामिल नहीं हो सके। इसका मलाल उनको जीवन भर रहेगा। क्योंकि चुनाव के समय ही ऐसा मौका मिलता है जब राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का दर्शन वरिष्ठ नेताओं को प्राप्त होता है क्योंकि अन्य दिनों में वह कभी भी राष्ट्रीय नेताओं का फेस टू फेस दर्शन नहीं कर पाते यदि कर पाते हैं तो टेलीविजन के ही माध्यम से इसी विषय पर पूरे दिन भर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा लोग अपने-अपने हिसाब से वक्तव्य देते हुए देखे एवं सुने गए।

### एक पदाधिकारी का कटु वचन बना दूरी का कारण

पार्टी सूत्रों ने बताया कि विजय संकल्प शंखनाद रैली में जानें के लिए भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के द्वारा सभी संसाधन जुटाए गए थे और इसके लिए रामानुजगंज विधानसभा के वरिष्ठ एवं कनिष्ट पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ रही थी लेकिन इसी बीच एक पदाधिकारी ने ऐसे कटु वचन कहें कि वरिष्ठ जनों को इतना ना गवार गुजरा कि उन्होंने रैली में जाने की चाह ही समाप्त हो गई। पदाधिकारी ने यह शर्त रख दिया कि गाड़ी का खर्चा उन्हीं को दिया जएगा जो गाड़ी के सामने खड़ा होकर फोटो खींचकर भेजेगा ? यही बात वरिष्ठ जनों को ना गवार गुजरी और उन्होंने जाने से इनकार कर दिया। इस बात की चर्चा सत्ता की गलियारे से लेकर चौक चौराहे एवं चाय चुस्की की दूकानों तक होती रही।

# करणी सेना ने चैत्र पूर्णिमा पर की खारुन गंगा महाआरती

## श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मंगलवार को चैत्र पूर्णिमा की संध्या पर महादेव घाट रायपुर में एक बार फिर करणी सेना एवं खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति ने समिति प्रमुख एवं करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में खारुन गंगा महाआरती संपूर्ण विधि विधान से की गई। बनारस की तर्ज पर प्रत्येक माह की पूर्णिमा को होने वाली यह महाआरती निरंतर क्रम में 18वीं बार की गई। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित इस महाआरती में समस्त श्रद्धालुओं ने एकत्रित होकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं भारत की सभी नदियों को स्वच्छ रखने की सौगंध ली। तत्पश्चात् प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा खारुन गंगा मैया की महाआरती वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। आरती के पश्चात् आगंतुक श्रद्धालुओं ने दीप दान किए एवं समस्त आगंतुकों को प्रसादी का वितरण किया गया। तोमर द्वारा शुरु की गई खारुन गंगा महाआरती की यह परम्परा 18 महीनों की इस यात्रा में देश भर में प्रसिद्ध हो चुकी है साथ ही कई विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी है। तोमर का यह कहना है कि यह आरती सनातनी हिन्दू बहनों भाइयों को एकजुट करने एवं सामान्य जनमानस में पर्यावरण की सफाई के प्रति जागरुकता के प्रसार में महती भूमिका निभा रही है।

# धारदार चाकू दिखाकर लोगों को भयभीत करने वाले एक आरोपी को किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है, जिसके परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में तथा निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे थाना प्रभारी भाटापारा शहर के नेतृत्व में कल्याण सागर वार्ड तालाब के पास भाटापारा में आम लोगों को भयभीत करने के उद्देश्य से, चाकू लेकर घूमने वाले आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 23.04.2024 को सूचना मिला कि कल्याण सागर वार्ड तालाब के पास भाटापारा के पास एक व्यक्ति द्वारा धारदार चाकू लेकर लोगों को डराया जा रहा है, कि सूचना पर थाना भाटापारा शहर का पुलिस बल द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंच आरोपी शिवम साहू उर्फ़ नानू साहू को चाकू के साथ पकड़ा गया। कि आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 208/2024 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- शिवम साहू उर्फ़ नानू साहू पिता अमर साहू उम्र 19 साल निवासी कल्याण सागर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

# लाइफ स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन इंटरव्यू स्किल्स के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विगत दिनों कोलंबिया कॉलेज में बीएड और डीएलएड के छात्राध्यापकों के लिए लाइफ स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन इंटरव्यू स्किल्स के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक महापात्रा कॉलंबिया कॉलेज की भूतपूर्व छात्रा को आमंत्रित किया गया था, जो वर्तमान में कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष महापात्रा ने साक्षात्कार कौशल की विविधताओं को समझाते हुए इस बात पर जोर दिया कि किसी भी लक्ष्य की सफलता इसकी तैयारी पर निर्भर करती है। साक्षात्कार के लिए तैयारी करते समय सम्बंधित संस्थान के बारे में पूरी जानकारी होना महत्वपूर्ण है और अपने आप को सर्वश्रेष्ठ तरीके से प्रस्तुत करना भी महत्वपूर्ण है। व्यक्तिगत जानकारी जैसे कि नाम, माता-पिता का नाम, शिक्षा, रुचि, कमजोरियाँ और शक्तियों की चर्चा करते समय आत्मविश्वास और उत्कृष्ट शारीरिक भाषा भी महत्वपूर्ण है। प्रश्नों के उत्तर स्वाभाविक, सरल और अपने ज्ञान पर आधारित होने चाहिए। कार्यक्रम के अंत में महापात्रा ने कुछ छात्राध्यापकों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए ताकि वे इसके व्यावहारिक पहलू को बेहतर समझ सकें। छात्राध्यापकों ने भी अपने प्रश्नों को प्रशिक्षक से पुछा, जिनका प्रशिक्षक द्वारा समाधान प्रदान किया गया।

# ग्रीष्म कालीन भीड़ के दौरान भी यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की पहल

## पुरी–उधना–पुरी के मध्य 17 फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पुरी-उधना-पुरी के मध्य 17 फेरों के लिये ग्रीष्मकालीन द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । 08471 पुरी-उधना समर स्पेशल पुरी से दिनांक 25 अप्रैल से 27 जून 2024 तक प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को तथा 08472 उधना-पुरी समर स्पेशल उधना से दिनांक 26 अप्रैल से 28 जून 2024 तक प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को चलेगी । इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है 7 08471 पुरी-उधना समर स्पेशल पुरी से प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को 06.30 बजे रवाना होगी तथा बिलासपुर आगमन 16.10 बजे, प्रस्थान 16.25 बजे, रायपुर आगमन 18.55 बजे, प्रस्थान 19.00 बजे, दुर्ग आगमन 20.15 बजे, प्रस्थान 20.20 बजे एवं गोंदिया आगमन 22.35 बजे, प्रस्थान 22.37 बजे तथा दूसरे दिन 14.00 बजे उधना पहुंचेगी 7 इसी प्रकार 08472 उधना-पुरी समर स्पेशल उधना से प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को 17.00 बजे रवाना होगी तथा गोंदिया आगमन दूसरे दिन 08.45 बजे, प्रस्थान 08.47 बजे, दुर्ग आगमन 09.50 बजे, प्रस्थान 09.55 बजे, रायपुर आगमन 11.15 बजे, प्रस्थान 11.20 बजे एवं बिलासपुर आगमन 13.50 बजे, प्रस्थान 13.55 बजे तथा 22.45 बजे पुरी पहुंचेगी 7 इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 04 सामान्य, 08 स्लीपर, 02 एसी-III, 01 एसी -II सहित कुल 17 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# हीन भावना और नकारात्मक सोच से आती है आत्मविश्वास में कमी : बीके अदिति दीदी




## आडिटोरियम में बड़ी संख्या में छात्रगण व फैकल्टी मेम्बर उपस्थित रहे, डीन ने आगे भी ऐसे व्याख्यान आयोजित करने की जरूरत बतलाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा कृषि महाविद्यालय में व्याख्यान आयोजित कर आत्म विश्वास बढ़ाने की कला विषय पर छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। अपने उद्बोधन में राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए हमें अपने माईण्ड को सेट करने की जरूरत है। कान्फिडेन्स एक लेटिन शब्द है जिसका अर्थ होता है ट्रस्ट अर्थात विश्वास। स्वयं पर भरोसा करना ही आत्मविश्वास कहलाता है। उन्होंने छात्रों से जानना चाहा कि क्या हम खुद पर विश्वास करते हैं? उन्होंने कहा कि आत्म विश्वास को बढ़ाने के लिए सबसे पहले स्वयं की पहचान जरूरी है। आत्मा का ज्ञान होने पर ही आत्मविश्वास में वृद्घि हो सकेगी। दूसरे लोग हमारे में बारे में क्या सोचते हैं यह हमें जानने की जरूरत नहीं है। बल्कि हमें अपनी योग्यताओं और विशेषताओं पर पूरा भरोसा होना चाहिए। आत्मविश्वास में कमी होने के कारणों की चर्चा करते हुए उन्होंने बतलाया कि आत्म विश्वास में कमी तीन कारणों से होती है। पहला कारण है हीन भावना, दूसरा है नकारात्मक सोच और तीसरा कारण है - असफलता के लिए स्वयं को दोषी मानना। मैं ही गलत हूँ, मेरे कारण यह असफलता हाथ लगी है आदि। इस तरह की अपराध भावना से हमें नहीं जीना है। हमें ऐसी नकारात्मक सोच को दूर करना होगा। बीती हुयी बातों को भूल जाएं और कभी भी भविष्य में उस गलती को ना दोहराएं। अगले सत्र में ब्रह्माकुमारी दीक्षा दीदी ने बतलाया कि सदैव याद रखें कि हम इस दुनिया में युनिक हैं। हमारे जैसा दूसरा और कोई नहीं हो सकता। इसलिए हमारी किसी से तुलना नहीं हो सकती। अपने लक्ष्य पर हमारी स्पष्ट नजर हो। बीती बातों का चिन्तन कर दुखी न हों और न ही भविष्य की चिन्ता करें। जो हमारे पास है उसका आनन्द लें। वर्तमान में जीना सीखें। उन्होंने अन्त में सभी को कमेन्ट्री करके राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. जी.के. दास, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पी.के. सांगोड़े, डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल, डॉ. सुनील नाग, डॉ. देव प्रकाश पटेल, डॉ. प्रताप टोप्पो, डॉ. एच.के. सिंग, डॉ. रामकुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स ने श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन किशोर जादवानी, वाइस चेयरमैन विजय जादवानी, सचिव हरजीत सिंह हुरा, कोषाध्यक्ष रविंदर सिंह हुरा के साथ-साथ कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोलंबिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कोलंबिया कॉलेज और कोलंबिया कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल, सभी छात्र व शिक्षकगण उपस्थित रहें तथा कोलंबिया ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस द्वारा कॉलेज के मंदिर में हनुमान जी की पूजा व हवन का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिवार आज के शुभ अवसर पर भक्ति भाव से परिपूर्ण होकर हनुमान जी की पूजा व अर्चना में सम्मिलित हुए तथा पूजा संपूर्ण विधि विधान से की गई एवं हनुमान जी से समस्त प्राणियों के मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना किया गया पूजन के पश्चात हवन करके समस्त देवी देवताओं को आहुतियां देकर उनका आहवान किया गया। अंत में आरती कर सभी को महाप्रसाद वितरित किया गया।

## केटीएम कप सीजन 2 की शुरुआत दिल्ली में नॉर्थ जोन क्वालिफायर से

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

केटीएम कप एस2 में 240 से अधिक प्रतिभागियों के साथ कोयंबटूर में रोमांचक शुरुआत के बाद केटीएम इंडिया ने इस 14 अप्रैल को दिल्ली में एक और सफलता का जश्न मनाया। दुनिया के अग्रणी स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल ब्रांड के रूप में प्रसिद्ध केटीएम ने भारत के मोटरस्पोर्ट परिदृश्य के केंद्र गुड़गांव में भारत की सबसे बड़ी रेसिंग चैंपियनशिप केटीएम कप एस2 सेलेक्शन राउंड पूरा किया। दरअसल, इस चैंपियनशिप का नॉर्थ जोन क्वालिफायर गुड़गांव के कार्तोमेनिया में दो दिनों में आयोजित किए गए थे। सीजन 2 के नॉर्थ जोन क्वालिफायर राउंड में प्रो, एमेच्योर और महिला डिवीजनों में हाई-स्पीड बैटल में बेहतरीन राइडर्स ने तीव्र प्रतिस्पर्धा का नजारा पेश किया, जो केटीएम के 'रेडी टू रेस' दर्शन के अनुरूप था। बजाज ऑटो लिमिटेड के अध्यक्ष (प्रोबाइकिंग) सुमीत नारंग ने इस अवसर पर कहा, 'कोयंबटूर में जबरदस्त सफलता के बाद, हम अपनी उपलब्धियों की फेहरिस्त में एक और उपलब्धि शामिल कर रहे हैं। केटीएम कप के सीजन 2 में प्रतिभागी बेहतरीन प्रतिस्पर्धी एवं उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं। आज की रेस शीर्ष स्तर की थी, और मैं ट्रैक पर उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए हर श्रेणी के सभी क्वालिफाइंग राइडर्स को बधाई देता हूं। आज रेस के प्रति देखा गया उत्साहपूर्ण जुड़ाव भारत में मोटरस्पोर्ट में केटीएम की स्थिति की पुष्टि करता है, जो प्रीमियर रेसिंग के लिए एक मानक स्थापित करता है।

# एसकेएफ व्यावसायिक वाहन मैकेनिकों को इनोवेटिव कैंपेन के माध्यम से सशक्त बनाने की ओर अग्रसर



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

परिवहन समाधानों की एक अग्रणी प्रदाता, एसकेएफ इंडिया ने बड़े ही गर्व से एक व्यापक राष्ट्रव्यापी ट्रक एक्टिवेशन अभियान, इंस्टॉल कॉन्फिडेंस, इंस्टॉल एसकेएफ शुरू करने की घोषणा की है, जो विशेष रूप से व्यावसायिक वाहनों के मैकेनिकों के लिए तैयार किया गया है। यह ट्रक 24- 25 अप्रैल को बिलासपुर के मैकेनिक कम्युनिटी को जागरूक करेगा। उसके बाद ट्रक 26 और 27 को भिलाई और रायपुर में आगमन करेगा। इस पहल का पहला उद्देश्य है व्यावसायिक वाहनों के लिए एसकेएफ की पेश की गई सुविधाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना, जो परिवहन क्षेत्र में स्थिरता को मज़बूत बनाते हुए मैकेनिकों के जीवन को सुव्यवस्थित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका दर्शाते हैं। एसकेएफ ऑटोमोटिव इंडिया और दक्षिण पूर्व एशिया के निदेशक अलगेसन थसारी का कहना है: एसकेएफ में, हम उन उद्योगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं, जिस समाज का हम हिस्सा हैं, और जिस ग्रह पर हम सभी निवास करते हैं। एसकेएफ ट्रक एक्टिवेशन अभियान निर्माताओं और मैकेनिकों के बीच की दूरी को मिटाने, सहयोग को बढ़ावा देने और परिवहन उद्योग को निरंतर सेवा देते हुए उनके भीतर सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। इन पहलों के माध्यम से, हम न सिर्फ मैकेनिकों को सशक्त बनाना चाहते हैं, बल्कि एक-दूसरे पर निर्भर समाज की ओर अपनी सामूहिक यात्रा को भी आगे बढ़ाना चाहते हैं। खास तौर पर डिज़ाइन किए गए ट्रक के अंदर, एसकेएफ मैकेनिकों को सीवी के लिए सुविधाएं प्रदर्शित करेगा, उन्हें एसकेएफ मैकेनिक पार्टनरशिप प्रोग्राम पर शिक्षित करेगा जो उन्हें आकर्षक उपहार जीतने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। ट्रक उस ज्ञान के आदान-प्रदान और कौशल वृद्धि के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा, जो मैकेनिकों को अपने पेशे में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए नये-नये रुझानों और जानकारी से सुगठित करेगा। एक रोचक वर्चुअल रियलिटी अनुभव एसकेएफ ट्रक में मैकेनिकों के इंतज़ार में है, जहां उन्हें एक दुनिया का अहसास होगा जहां वे स्यस्न उत्पादों और उनके एप्लिकेशनों की विस्तृत श्रृंखला के बारे में जान सकते हैं।

# बसों के अधिग्रहण होने से परेशान हो रहे यात्री

## बस चालक व परिचालक कर रहे यात्रियों से अभद्र व्यवहार

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव को लेकर 200 मिनी व बड़ी बसों का अधिग्रहण किया गया हैं। चुनाव में 185 मिनी व बड़े बसों की आवश्यकता होगी। वही 15 बसों को रिजर्व में रखा गया है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए मतदान केंद्रों में मतदान सामग्री पहुंचाने के लिए निर्वाचन आयोग ने बसों का अधिग्रहण कर लिया है। मंगलवार से बसों को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया जारी रही। इस वजह से जिले भर की सड़कों पर पर्याप्त बसें नही चलने की वजह से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही जो बसे सड़क और चल रही है, उन बस के चालक परिचालक मनमानी ओर उतर आए हैं। कडंक्टर इसका फायदा उठाते हुए अनाप शनाप किराया वसूल रहे है, तो वही परिचालक यात्रियों से बदतमीज़ी भी कर रहे है। महिला यात्रिओ से हुज्जट कर रहे है। वही जानकारी नहीं होने की वजह से लोग बस के इंतजार में जिला मुख्यालय बालोद बस स्टैंड में घंटो इंतज़ार करते रहे। इस दौरान कोई बस आई भी तो यात्रियों की भीड़ लग जाती।

### 25 और 26 को ज्यादा शादियां

वहीं इन दिनों शादी का सीजन होने व चुनाव का समय होने की वजह से लोग खासे परेशान हैं। लोग गंतव्य तक पहुंचने के लिए निजी वाहन या फिर ट्रेन का सहारा ले रहे हैं। बड़ी सहित मिनी बसें भी दुर्ग, भिलाई, गुंडरदेही, धमधा क्षेत्र की सिटी बसों को भी कब्जे में लिया गया है। मतदान सामग्री वितरण के लिए दुर्ग, बालोद, दल्लीराजहरा, राजनांदगांव, धमतरी मार्ग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली यात्री बसों को भी अधिग्रहण किया गया है। इस वजह से बसें मार्गो पर कम दिखाई नहीं दे रहे हैं। इस वजह से यात्रियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शादी का मुहूर्त होने के कारण लोग गंतव्य तक जाने और परेशान दिख रहें हैं। ऐसे में तीन दिनों तक यात्रियों को यात्रा के लिए निजी वाहनों का ही सहारा लेना पड़ेगा। बता दें कि 26 अप्रैल को मतदान होगा, उस दिन जिले में शादी का मुहूर्त भी है, ऐसे में बसों के चुनाव में अधिग्रहण से शादी के लिए आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जिले में शादी का सीजन भी शुरू हो चुका है। 25, 26 अप्रैल को सबसे ज्यादा शादीयां है। ऐसे में शादी के लिए मेहमानों को आने-जाने के लिए बस मिल पाना संभव नहीं है, क्योंकि पूरी बसें चुनाव कार्य में लगा दिए जा रहे हैं। ऐसे में लोगों को खुद का वाहन मोटरसाइकिल, कार या फिर ट्रेन का ही सहारा होगा।

### कडंक्टर कर रहे यात्रियों से बदतमीज़ी

बसों के अधिग्रहण और सड़कों पर कम बसें चलने की वजह से चालक व कंडक्टर उसका फायदा उठाते हुए निर्धारित किराए से अधिक वसूल रहें है। यात्रियों से बदतमीज़ी भी कर रहे है। जिसकी वजह से कंडक्टर और यात्रियों के बीच में बहस की स्तिथि भी निर्मित हो रही है। कम बसे चलने की वजह से भेड़ बकरियों की तरह सवारी ढो रहे है। क्षमता से अधिक बस में यात्रियों बिठाया जा रहा है। यात्रियों को ठूंस ठूंस में भरा जा रहा है।

### अभद्र व्यव्हार करते हैं कंडक्टर

बुधवार को दुर्ग से भानुप्रतापपुर की ओर चलने वाली पायल कंपनी की बस क्रमांक सीजी 07 एनए 3006 में चढ़ने वाले यात्रियों से कंडक्टर घनश्याम बोकड़े अभद्र व्यवहार करते नज़र आए, बुजुर्ग यात्रियो से सम्मान और विनम्रता तो छोड़िए ऐ बुढ़िया जल्दी उतर, ऐसा कहकर बात करते दिखे। एक महिला यात्री के पास सामान भरा एक बैग था, तो उसे रखने के लिए चार बात उस महिला यात्री को कंडक्टर ने सुना दिया। इतना ही नही उक्त कंडक्टर द्वारा चढ़ना है तो चढ़ो, नही तो उतर जाओ, बस में अगर चढ़ गए तो पैसा लगेगा, सामान लेकर आये तो सामान का ठेका हमने नही लिया, यात्री बिठाने और चढ़ाने का ठेका लिया है, ऐसे शब्दों का प्रयोग यात्रियो से किया गया। अब यात्रा कर रहे यात्रियो कि मज़बूरी होती है गंतव्य तक पहुचना, लेकिन कभी कभी बहस की स्तिथि भी निर्मित हो जाती हैं। खासकर महिलाओं से भी काफी भड़क कर बात करते है।

# विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों और प्राध्यापको ने मतदाता जागरूकता अभियान द्वारा नागरिकों को 7 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर और नारों के माध्यम से महाविद्यालय से जुड़े डूमर तालाब कुकुरबेड़ा बस्ती के नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया। विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने लोकतंत्र की यही पुकार, मत खोना अपना मत अधिकार, जन-जन को जागरूक और शिक्षित बनाना है, सही नेता चुनने के लिए मतदाता को जगाना है, बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता, मतदान करना आपका धर्म है, लोकतंत्र का यह सबसे बड़ा पर्व है, चाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी। पोस्टर पर लिखे ये स्लोगन ने नागरिकों को विचार करने पर मजबूर किया और सभी ने 7 मई को मतदान करने का संकल्प लिया। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि विद्यार्थी मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से अधिकार और कर्तव्यों को समझाने का प्रयास किया है। ऐसे आयोजनों से आज की युवा जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अभियान में हिस्सा लिया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला–महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 349/क/भू.व्यप/अविअ/2024 सरायपाली दिनांक 15/04/2024

आवेदिका मेसर्स मनीषा एग्रोटेक युनिट 02 प्रोपाईटर मनीषा शिंदे पिता मनोज शिंदे निवासी सागरपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम अर्जुण्डा में स्थित भूमि खसरा नंबर 87/2 रकबा 0.0600 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 01-05-2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

# थम गया प्रचार : प्रत्याशियों के पास मतदाताओं तक पहुंचने का आज आखिरी दिन, डोर टू डोर ही कर सकेंगे प्रचार

## कल मतदान : संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 18 लाख 65 हजार 175,15 प्रत्याशी मैदान में

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में बुधवार की देर शाम राजनीतिकप्रचार थम गया। अब उम्मीदवार डोर टू डोर मतदाताओं के बीच पहुंचेंगे। 26 अप्रैल, शुक्रवार को सुबह 7 बजे से 5 बजे तक मतदान का समय निर्धारित है। राजनांदगांव लोकसभा में कुल 15 उम्मीदवार मैदान में है। भाजपा से संतोष पांडेय और कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रत्याशी हैं। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र काफी बड़ा है। सितंबर, 2022 में राजनांदगांव जिले से अलग होकर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई नए जिले के तौर पर अस्तित्व में आए। इस तरह संसदीय क्षेत्र में राजनांदगांव, कवर्धा को मिलाकर कुल 4 जिले हैं। संसदीय क्षेत्र में 2329 मतदान केंद्र हैं जबकि लगभग 2900 गांव इसमें शामिल हैं। यहां मतदाताओं की कुल संख्या 18 लाख 65 हजार 175 है। जिनमें पुरुष 9, 28, 329 और महिलाएं 9, 36, 837 और अन्य 9 हैं। पुरुषों की अपेक्षा यहां 8, 508 महिला मतदाता अधिक हैं। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत राजनांदगांव जिले सहित कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### मतदान 26 को एवं मतगणना 4 जून को

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत द्वितीय चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगा। विधानसभा क्षेत्र पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से होगी। गुरूवार 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा।



26 अप्रैल को मतदान से पूर्व डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान किया गया। निर्वाचन नियमों के तहत डाकमत पत्र का इस्तेमाल करने वालों ने अलग-अलग केंद्रों में मतदान किया।

### कलेक्टर ने मतदान करने अपील की

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने जिले के सभी मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान तिथि शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी मतदाता मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना सहयोग दें। मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है, आप अपने इस कर्तव्य का निर्वहन कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान करें।

**मतदान दिवस को सवेतन अवकाश घोषित :** कारखानों, कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दिवस शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को सवेतन अवकाश घोषित किया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सात दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घण्टे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने कहा है।

**1 जून की शाम तक सर्वेप्रतिबंधित :** एग्जिट पोल के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत शुक्रवार 18 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 7 बजे से शनिवार 1 जून 2024 को शाम 6.30 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण हेतु प्रतिबंध अभिसूचित किया गया है। आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति इस दौरान कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रसार नहीं करेगा।

**मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी शराब दुकान :** मतदान के अवसर पर जिले की सभी देशी व विदेशी मदिरा दुकान, मद्य भण्डारण-भाण्डागार एवं भांग व भांगघोटा दुकान को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक पूर्णतः बंद रखने के लिए शुष्क अवधि घोषित किया है। इसी प्रकार अन्य राज्य के जिले में एवं राजनांदगांव जिले से लगे जिले में होने वाले लोकसभा निर्वाचन के दौरान 3 किलोमीटर की दूरी में राजनांदगांव जिले की मदिरा दुकान को मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**12 वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे वोट :** छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज एवं केंद्र सरकार, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड एवं सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है।

**कब-कब कितने प्रतिशत हुआ मतदान**

| | | |
|---|---|---|
| 2019 | - | 76.20 |
| 2014 | - | 74.04 |
| 2009 | - | 58.86 |
| 2004 | - | 59.02 |

## विभा सिंह का आरोप, पदमा देवी सिंह को देवव्रत की पत्नी बता रहे भूपेश

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खैरागढ़ के पूर्व विधायक दिवंगत देवव्रत सिंह की पत्नी विभा सिंह ने लोकसभा चुनाव के माहौल के बीच कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व तलाकशुदा पत्नी पदमा सिंह को पत्नी के रूप में प्रचारित करने के मामले में कड़ी आपत्ति की है। विभा सिंह का कहना है कि बघेल की इस हरकत से स्व. देवव्रत सिंह की आत्मा को ठेस पहुंच रही है। लोकसभा चुनाव जीतने के लिए बघेल की ओर से खैरागढ़ में पदमादेवी को स्व. देवव्रत सिंह की पत्नी बताया जा रहा है। बुधवार को पत्रकारवार्ता में विभा सिंह ने आरोप लगाया कि साल 2011 में



पदमा देवी 11 करोड़ लेकर देवव्रत सिंह और उनके बच्चों से अलग हो गई थी। उनका आरोप है कि पदमा देवी ने तलाक के बाद उत्तराखंड के नैनीताल अल्मोड़ा के रहने वाले नीतिन पंथ से विवाह कर लिया। वर्तमान में वह उन्हीं के साथ दिल्ली में रहती हैं, परन्तु निजी स्वार्थ के चलते खैरागढ़ की जनता के बीच भूपेश बघेल पदमादेवी को देवव्रत की पत्नी बताकर वोट बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। विभा का आरोप है कि देवव्रत सिंह को कांग्रेस में रहने के दौरान पूर्व सीएम द्वारा अपमानित किया गया। उन्हें कई बार बेईज्जत किया गया। अब उनके नाम का इस्तेमाल कर बघेल और पदमादेवी न सिर्फ देवव्रत की आत्मा को और उनकी भी भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। विभा ने कहा कि उदयपुर (छुईखदान) में देवव्रत के निधन की खबर पर जब वह पहुंची तो उन्हें कई तरह के शंकाए थी, जिसमें दिल्ली जाने से पूर्व देवव्रत की सेहत अच्छी थी। उनके आकस्मिक मृत्यु को लेकर आज भी वह जांच करने की मांग पर अडिग हैं।भूपेश बघेल पर पदमादेवी और कांग्रेस पार्टी के गुंडों को संरक्षण देकर महल में बलवा कराने का भी विभा ने आरोप लगाया है।

## तरुणा साहू आरपीएफ नई की प्रभारी निरीक्षक

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव आरपीएफ की सुरक्षा की जिम्मेदारी निरीक्षक तरूणा साहू को सौंपी गई है। रेल्वे प्रशासन ने एक आदेश जारी कर तरूणा का मंदिर हसौद से राजनांदगांव से तबादला किया है। तरूणा की पंडवानी गायिका के रूप में भी पहचान है। वह सोशल मीडिया में अपने धार्मिक कार्यक्रमों और पंडवानी के अंश को पोस्ट करती हैं। उनके फैनफालोइंग की खासी तादाद है।हाल ही में उन्होंने अयोध्या में मुसरा की एक मंडली के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुति दी थी। तरूणा साहू का धार्मिक कार्यक्रमों में झुकाव रहा है। वह आरपीएफ में अपनी ड्यूटी की बदौलत अच्छे अफसरों में गिनी जाती है। बताया जा रहा है कि वह आज शाम तक पदभार ग्रहण करेंगी। इधर मौजूदा आरपीएफ निरीक्षक प्रशांत अल्दक का डोंगरगढ़ आरपीएफ में स्थानांतरण हुआ है। अल्दक ने भी अपने कार्यकाल में कई अहम मामलों में कार्रवाई की। गांजा तस्करी से लेकर अन्य आपराधिक घटनाओं का उन्होंने खुलासा किया।

## भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को कांग्रेस पचा नहीं पा रही : संतोष पांडे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे अपने चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दौरे में सहसपुर लोहार व डोंगरगाँव क्षेत्र में व्यापक जनसम्पर्क किया एवं चुनावी सभा को संबोधित करते हुए हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र निर्माण की अनुपम घड़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में देश का जो कायाकल्प किया हैं उसे और आगे बढ़ाने के लिए इस चुनाव में उनके नेतृत्व पर मुहर लगाना हम सब के लिए युगधर्म के समान हैं। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने याद दिलाते हुए कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम अपनी जन्मभूमि में टेंट में रह रहे थे, बरसात में टेंट टपकने लगता था, रामलला भीग जाते थे, टेंट बदलने के लिये आवेदन लगाना पड़ता था, किन्तु उन आवेदनों पर कोई विचार नहीं होता था, ले देकर साल में एकाध बार रामलला के वस्त्र बदलने की अनुमति मिलती थी। देश के बहुसंख्यक समाज के साथ हो रहे इस घृणित अत्याचार पर जवाबदार लोग खामोश थे, न्यायलाय में चल रहे रामलला के मुकदमे को लटकाने कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंधवी सहित कांग्रेस ने 40 वकीलों की फौज खड़ी कर रखी थी। भारत की आत्म कहे जाने वाले भगवान श्री राम एवं रामायण को काल्पनिक कहे जाने का हलफनामा दिया जा रहा था, किन्तु मोदी जी ने सत्ता की बागडोर संभालते ही राम मंदिर को लेकर हो रही अदालती कार्यवाही को तीव्र गति से आगे बढ़ाया। मंदिर निर्माण के अवरोधों को दूर किया और न्यायलाय को यह विश्वास दिलाया कि फैसले को लेकर देश में किसी भी तरह कानून एवं व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी।

## आईटीबीपी एवं पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैगमार्च



पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देशन में मोहला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं निर्वाचन कार्य को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लिए आज आईटीबीपी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा जिले के व्यापारियों को आश्वस्त किया गया है कि वे निर्भीक होकर मतदान करें और सुचारू रूप से अपने व्यापार को संचालित करें। कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी ने भरोसा दिलाया हैं कि जिले के सभी व्यापारी निर्भीक होकर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लें। कानून एवं पुलिस उनके साथ हैं। उन्हें किसी भी प्रकार से हताहत होने के आवश्यकता नही है।

## जय श्रीराम जय हनुमान के उदघोष से लहराया भगवा

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर सहित अंचल में हनुमान जन्मोत्सव परंपरानुसार आस्थापूर्वक मनाया गया। पूर्व संध्या धर्म जागरण हेतु युवाओं की बाईक रैली उपरांत सुबह प्रभातफेरी, शोभायात्रा, बाल हनुमान की टोली, श्रीराम नाम संकीर्तन, हनुमान चालीसापाठ एवं हवन अनुष्ठान व महाआरती के पश्चात महाप्रसादी वितरण किया गया। इस दरम्यान जयश्री राम व जय हनुमान के उदघोष से गगन गूंज उठा। नगर में मुख्य आयोजन किलापारा स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित हुआ। पूर्व संध्या युवाओं ने बाईक रैली निकालकर धर्म जागरण किया। जयंती दिवस प्रभातफेरी व शोभायात्रा से नगर में धर्म की बयार बहने लगी। इस दरम्यान युवा



भजन गायकों खिलेश यादव की सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से धर्ममयी वातावरण निर्मित हो गया। वहीं बाल हनुमान, निचेकोहड़ा का रामदरबार व बाल हनुमान की टोली, माटराखुज्जी का गेड़ी नृत्य व मंडावीटोला की आदिवासी नृत्य व महिलाओं द्वारा संकीर्तन आकर्षण के केंद्र थे। दोपहर हनुमान चालीसा व संध्याबेला में हवन अनुष्ठान ऊपरांत रात्रि में भजन संध्या के मध्य महाप्रसादी वितरण संपादित हुआ। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों में रात्रि में रामायण कथा व भजन संध्या की प्रस्तुति भी हुई।

**नगर व समूचा अंचल भगवामय-** नगर के पुलिस थाना, मटियावार्ड एवं पुराना अस्पताल परिसर व बिजली आफिस परिसर स्थित हनुमान मंदिरों में जय हनुमान गुंजायमान हुआ। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के अजुनी, रामपुर, खुज्जी, आसरा व तुमड़ीबोड में भी हनुमान मंदिरों में हवन अनुष्ठान व महाआरती के साथ महाप्रसादी वितरण संपन्न किये गए।

## मुख्यमंत्री के समक्ष अधिवक्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष अधिवक्ताओं ने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताते हुए भाजपा प्रवेश किया। विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विकास तिवारी ने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत भारद्वाज के नेतृत्व में कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मनोज चौधरी ने अपने 25 साथियों के साथ भाजपा प्रवेश किया, जिसमें प्रमुख रूप से राजेश चंदेल, चंद्रशेखर तिवारी, संजीव श्रीवास्तव, हरीलाल पटवा, आशीष श्रीवास, तेनसिंह साहू, सुश्री नंदिनी साहू, विपिन साहू, ललित कश्यप, जितेंद्र वैष्णव, विजेंदर पाठक, नरेंद्र सेन,मनमोहन तिवारी एवं आदित्य भारद्वाज आदि शामिल थे। उमाकांत भारद्वाज ने बताया कि सभी वक्ताओं ने एक स्वर में मोदी की गारंटी एवं विष्णुदेव साय के सुशासन पर भरोसा करते हुए कहा कि देश के भविष्य के लिए फिर एक बार मोदी सरकार बहुत जरूरी है, इसलिए सभी अधिवक्ता इस चुनाव प्रचार में मोदी को जीतने के लिए की जान से लग गये हैं।

## शव से करधन उतारा और बेच दिया, पुलिस ने भागते आरोपी को दबोचा

# झाड़-फूंक के लिए मां से रकम की मांग की थी, न देने पर हत्या कर दी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका पुलिस ने मां के हत्यारे कलियुगी बेटे को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपी शराब का आदि है और उसने अपनी मां से पैसों की मांग की थी। पैसे न देने पर उसने हथौड़े से वार कर मां की हत्या कर दी और शव कुंए में फेंक कर फरार हो गया। पुलिस ने उसे दुर्ग के उतई इलाके से गिरफ्तार किया है।

23 अप्रैल को घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिजेतला में कुंए में शव पाया गया था। मृतिका कांतिबाई साहू (65) की मौत संदिग्ध पाई गई। शव की जांच में भारी वस्तु से सिर, माथे, चेहरे व गर्दन में गंभीर चोंट के निशान मिले।पुलिस ने यहां पहुंच कर छानबीन करते हुए ग्रामीणों से पूछताछ की। इस दौरान मृतिका का बेटा आरोपी टुमन साहू (32) वहां मौजूद नहीं था।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि घटना के बाद से मृतिका का छोटा पुत्र टुमन परिजनों के जानकारी के बिना कहीं फरार है एवं मृतिका का पहना हुआ चांदी का करधन भी गायब है। पुलिस की टीम ने तत्काल आरोपी की पतासाजी शुरु की। पतासाजी के दौरान आरोपी टुमन साहू का लोकेशन दुर्ग जिले के उतई क्षेत्र में




मिला। थाना स्तर से टीम गठित कर आरोपी के लोकेशन दुर्ग जिले के उतई क्षेत्र में पहुंचे जहां आरोपी टुमन साहू बालोद की तरफ भागने का प्रयास कर रहा था।

पुलिस कीपूछताद में आरोपी टुमन द्वारा बताया गया कि उसे बैगा गुनिया के ईलाज हेतु 36,000 रूपये की आवश्यकता थी। आरोपी ने 23 अप्रैल की शाम करीब 07 बजे अपनी मां पैसों की मांग की। कांति बाई ने उसे पैसे शराब पर उड़ाने के लिए डांटते हुए मना कर दिया। इसके बाद टुमन ने मां पर घर के परछी में रखे लोहे के हथौडे से लगातार सिर, माथे व चेहरे पर वार कर हत्या कर दी। मृतिका के पहने हुए चांदी के करधन को निकालकर उसने अपने पास रख लिया। शव को छिपाने के लिए घर के ही कुंए में फेंक कर चांदी के करधन को लेकर मोटर सायकल से फरार होकर गया। उसने धमधा क्षेत्र के गांव पेण्ड्रावन में ज्वेलर्स के पास करधन को बेचा और पैसे लेकर वहां से बालोद तरफ भगने की फिराक में था । आरोपी के कथन के आधार पर घटना प्रयुक्त लोहे का हथौडा, खुन से सना, मोटर सायकल चांदी का करधन व नगदी 40,280 रूपये बरामद कर जप्त किया गया है।आरोपी टुमन साहू को को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया ।

## होटल-लॉज में पुलिस की दबिश बाहरी व्यक्तियों की जांच



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव को लेकर सभी थानों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के लिय विशेष तौर पर शहर के आउटर में 05 स्थितिक पॉइन्ट लगे है और 01 स्थितिक पॉइन्ट डोंगरगढ़ में लगा है जो अन्यत्र जिला व शहर के अंदर आने वाले वाहनों की गहनता से चेकिंग कर रहें हैं। दूसरे जिलों/राज्य से आकर मतदान में गड़बड़ी, उपद्रव करने वालों पर नजर रखने के लिए होटल और ढाबों का चेकिंग अभियान चलाया गया। आदर्श आचार संहिता के तहत लोकसभा क्षेत्र के बाहर का व्यक्ति लोकसभा निर्वाचन के 48 घण्टा पूर्व किसी वैध कारण के बिना जिले में नहीं रहेंगे और चुनाव से संबंधित प्रचार प्रसार नहीं करेंगें। इसे लेकर राजनांदगांव शहर क्षेत्र के कई होटलों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान होटल/लॉज के रजिस्टर को चेक किया गया। बाहर से आकर लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार में भाग लेने वाले सभी बाहरी लोगों को 24 अप्रैल की संध्या06 बजे के पहले वापस जाने को कहा गया है। साथ ही उनके अन्य दस्तावेजों की जांच की गई।

# जिले के जंगलों में 138 हाथी अलग-अलग दल में कर रहे विचरण, ड्रोन कैमरे से हाथियों का वीडियों आया सामने

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




रायगढ़ जिला बीते कई सालों से हाथियों के आतंक से जूझ रहा है। यहां के रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ दोनों वन मंडलों के कई रेंज में हर साल हाथियों की मौजूदगी रहती है जो आए दिन जंगलो से निकलकर रिहायशी इलाकों में दस्तक देकर अपनी मौजूदगी अहसास कराते आ रहे हैं। हाथियों की लगातार बढ़ती संख्या से यहां हाथी और मानव के बीच द्वंद में कभी इंसान तो कभी हाथी की मौत की खबरे अक्सर सामने आते रही हैं। जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों के मूवमेंट पर वन विभाग ड्रोन कैमरे से नजर बनाये हुए है ताकि हाथी प्रभावित गांव के ग्रामीणों को पहले से हाथियों के बारे में बताकर उन्हें सावधान किया जा सके। ड्रोन कैमरे का एक ऐसा वीडियो मिला है जिसमें जंगलों में हाथियों का एक दल विचरण करते हुए दिखाई दे रहा है। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ का रायगढ़ जिला पहाड़ो और घने जंगलों से घिरा हुआ है यहां के जंगलों में हाथी के अलावा अन्य कई प्रकार के वन्यप्राणी विचरण करते हैं। खासकर जंगलों में भोजन और पानी की पर्याप्त मात्रा होने की वजह से हाथियों ने बीते कई सालों से डेरा डाला हुआ है। रायगढ़ जिले के कुदमुरा गांव के जंगल में विचरण करने वाले हाथियों के एक दल का ड्रोन कैमरे का वीडियो भी सामने आया है जिसमें हाथी का दल जंगल में विचरण करते हुए दिखाई दे रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार ड्रोन कैमरे के जरिये जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों पर नजर रखते हुए हाथियों की तरफ जाने पर पूरे गांव में मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को सावधानी बरतने की बात कही जाती है। साथ ही साथ किसी भी हाल में जंगल की तरफनही जाने की सलाह भी दी जाती है ताकि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जनहानि की घटना घटित न हो। एक जानकारी के मुताबिक इन दिनों रायगढ़ जिले के जंगलों में 138 हाथी रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहा है। इस दल में 34 नर हाथी, 64 मादा, 40 बच्चे शामिल है। हाथियों के इस दल में बोरो के खम्हार बीट में सर्वाधिक 32 हाथी, छाल के हाटी बीट में 2 हाथी, धरमजयगढ़ के पोटिया बीट में 12 हाथी, धरमजयगढ़ के कोयलार बीट में 10 हाथी, कापू के कुमरता पूर्व बीट में 11 हाथी के अलावा धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के अलग-अलग बीट में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा के कटंगडीह बीट में सर्वाधिक 13 हाथी है, नवापारा में 8, कांटाझरिया में 4, कमतरा में 3 के अलावा कसडोल एवं तमनार के केराखोल पूर्व में एक-एक हाथी हैं विचरण कर रहे हैं।

# कुत्ते के हमले से कोटरी घायल, इलाज के बाद सुरक्षित जंगल छोड़ा गया, जंगल से भटक कर बस्ती के करीब पहुंचा




पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

बुधवार की सुबह खरसिया रेंज के जोबी परिसर के जंगल से भटकते हुए एक कोटरी जंगल गांव तक पहुंच गया, तभी कुत्तों ने उसे दौड़ाया। ऐसे में वह घायल होकर एक ग्रामीण के घर में घुस गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन अमला को दी और ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़कर उसका इलाज करा कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह करीब साढ़े पांच छह बजे एक कोटरी जोबी परिसर के जंगल से निकलकर गांव के करीब तक पहुंच गया। जिसके बाद कुत्तों ने उस पर हमला करने उसे दौड़ाया। जिससे कोटरी एक ग्रामीण के घर घुस गया, लेकिन उसके पीछे पैर में कुत्तों के हमले से वह मामूली रूप से घायल हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन अमला को दी। जिसके बाद तत्काल वनकर्मी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से उसका इलाज कराया गया। उसकी बेहतर स्थिति को देखते हुए सुरक्षित उसे जंगल में छोड़ा गया है।

**पानी की तालाश में भटकते हैं**

जानकार बताते हैं कि अक्सर गर्मी के दिनों में जंगल में पानी सूखने के कारण भटकते हुए वन्यप्राणी पानी की तलाश में गांव के करीब तक पहुंच जाते हैं। जिसके बाद कुत्तों व शिकारियों का शिकार भी बन जाते हैं। ऐसी कई घटनाएं पूर्व में भी वन मंडल रायगढ़ के अलग अलग रेंज में देखने को मिल चुकी है।

कुत्तों के दौड़ाने व उनके हमले से मामूली कोटरी को चोट आया था। जिसका उपचार कराया गया है। कोटरी कुत्तों से जान बचाने एक घर में घुस गई थी। इलाज के बाद सुरक्षित उसे जंगल में छोड़ा गया है।

**गोकुल प्रसाद यादव**
**रेंजर, वन परिक्षेत्र खरसिया**

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकली यादगार शोभायात्रा, यात्रियों को शीतल जल, बिस्किट, आईसक्रीम की व्यवस्था की

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



शहर के चक्रधर नगर में कौहाकुंडा पहाड़ मन्दिर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समाजसेवी संस्था मॉर्निंग वाकर सोसायटी व श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति ने मिलकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव यादगार मनाया। स्थानीय कमला नेहरू उद्यान हनुमान मंदिर से बाजे गाजे के साथ हनुमानजी की निशान यात्रा सुबह 7 बजे निकल कर पहाड़ मन्दिर स्थित हनुमानजी के मंदिर में समापन किया गया। निशान यात्रा के मार्ग में स्थित लोचन नगर की महिला समिति ने निशान यात्रा का भरपूर जोश के साथ निशान यात्रा का जय जय श्री राम, हनुमानजी की जय नारों व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया यात्रियों को शीतल जल, बिस्किट, आईसक्रीम की व्यवस्था की, जिसकी सभी हनुमानजी के भक्तों ने उदार हृदय से प्रशंसा की। इससे पहले स्वागत के कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ के जाने माने हास्य कलाकार छत्तीसगढ़ कॉमेडी क्लब के प्रदेशाध्यक्ष मनेष कंकरवाल ने संचालन किया। इस बार लोचन नगर महिला समिति से मोना कंकरवाल, उमा अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, विस्मिता मिश्रा, राजश्री मिश्रा, जया तिवारी, सरिता नामदेव, राखी उपाध्याय, रूपा पांडेय, मीना शुक्ला, साक्षी शुक्ला, सरोज सोनी, दीप्ति विश्वकर्मा, कमला प्रजापति, अनिता साहू ने मिलकर मनेष कंकरवाल के संयोजन में कार्यक्रम में भरपूर सहयोग किया।

# मोदी की गारंटी पर पूरे देश की जनता को है पूर्ण विश्वासः रोहरा

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धमतरी जिले के श्यामतराई में आगमन हुआ। इस दौरान भारी भीड उनको सुनने उमडी। भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने उक्त भव्य कार्यक्रम की सफलता के बाद के कहा कि धमतरी जिले के इतिहास में अबतक की सबसे बडी और सफल सभा का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर जनता में अपार उत्साह नजर आया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जनता और भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओ का योगदान रहा। इसलिए भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने समस्त कार्यकर्ताओ, मतदाताओं और वरिष्ठ नेताओ का हृदय से आभार जताया है। रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धमतरी आगमन हम सभी जिले वासियो के लिए गौरव का क्षण रहा। जनता अपने व देश दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता को देखने सुनने उत्साहित रही। भरी दोपहरी और भारी गर्मी के बाद भी जनता का उत्साह कम नहीं हुआण्जंहा तक नजर जाती वंहा तक लोगो की भीड ही भीड नजर आई। प्रधानमंत्री जी ने नगर की आराध्य देवी माँ विंध्यवासिनी और रुद्रेश्वर महादेव को नमन किया। यह जिलेवासियों के विशेष पल रहा। मोदी जी के ओजस्वी वक्तव्य पर सभा में मौजूद भीड प्रभावित व प्रसन्न होकर तालियां बजाती रही जिससे पूरा सभा स्थल तालियों की गडगडाहट से गूंजता रहा। मोदी ने एक लाख से अधिक उपस्थित मतदाताओं से भाजपा को वोट देने की अपील की। प्रधानमंत्री के आगमन ने क्षेत्र में भाजपा की जीत सुनिश्चित कर दी है। रामू रोहरा ने आगे कहा कि मतदाताओं को मोदी जी के प्रत्येक गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। धमतरी व प्रदेश की जनता ने पहले भी भाजपा पर विश्वास जताया है।

# ग्राम छातीबहार के पहाड़ी कोरवाओं को गर्मी में भी मिलता है पर्याप्त पानी

## हैंडपंप लगने से नहीं होती पेयजल की संकट

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा यहां की पहचान है। वनांचल में रहने वाले इन परिवारों को पेयजल के लिए जूझना न पड़े, इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इनके निवास स्थान परिसर में हैंडपंप स्थापित किए गए हैं। कोरबा ब्लॉक के ग्राम छातीबहार में भी पहाड़ी कोरवाओं को पानी उपलब्धता के लिए दो हैंडपंप लगाए गए हैं, जहाँ इन्हें पानी की उपलब्धता निरंतर होती रहती है। ग्राम छातीबहार में 7 घर ही है, जिसमे 14 पहाड़ी कोरवा परिवार निवास करते हैं। वनांचल में रहने वाले इन परिवारों के लिए पीएचई द्वारा 2 हैंडपंप लगाए गए हैं। पीएचई के कार्यपालन अभियंता ए.के. बच्चन ने बताया कि ग्राम छातीबहार में पहले से दो हैंडपंप स्थापित है। यहाँ पानी की कोई समस्या नहीं है। गर्मी के दिनों में भी हैंडपंप से पानी निकलता है और आसपास के पहाड़ी कोरवा पेयजल एवं दैनिक आवश्यकताओं के लिए हैंडपंप का पानी उपयोग करते हैं। ग्राम छातीबहार से ही कुछ दूर नदी भी है, इस छोटी नदी में नहाने एवं कपड़ा इत्यादि धोने के लिए कुछ परिवार आते हैं। ग्राम छातीबहार में पानी की कोई समस्या नहीं है। जिले के कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा भी पीएचई के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने जरूरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने हैंडपंपों को भी चालू रखने तथा खराब होने की स्थिति में तत्काल मरम्मत कराने जैसे निर्देश भी दिए हैं।

# जिले में वॉइस रिकॉर्डिंग से ट्रिपल तलाक का हैरान करने वाला मामला-पुलिस ने दर्ज किया केस

**कोरबा।** जानकारी के अनुसार ऊर्जाधानी कोरबा में ट्रिपल तलाक का एक मामला सामने आया है, जिसे सुनकर और जानकर हर कोई हैरान है। बताया जा रहा हैं की यहां सिविल लाइन के काशीनगर में रहने वाली एक महिला को उसके पति ने वॉइस रिकॉर्डिंग के जरिए ट्रिपल तलाक दिया है। अब इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़ित महिला बीते एक साल से अपने मायके में रह रही है।

पीड़ित महिला का निकाह एक साल पहले ओडिशा कटक निवासी से हुआ था। वह फिलहाल अपनी दस साल की बेटी के साथ मायके में रह रही थी। एक महीने पहले उसने अपनी पत्नी को वॉइस रिकॉर्डिंग भेजकर तीन तलाक दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत कोरबा सिविल लाइन थाने में 19 अप्रैल को की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुस्लिम विवाह पर अधिकार सुरक्षा अधिनियम 2019 की धारा के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस पूरे केस की जांच में जुट गई है।

# विजय संकल्प शंखनाद रैली में कुरूद विस से 7 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता हुए शामिल

■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजय संकल्प शंखनाद रैली के लिए धमतरी आगमन हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




अविस्मरणीय शुभ दिन हनुमान जन्मोत्सव के पुण्य अवसर पर जिला मुख्यालय धमतरी में विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजय संकल्प शंखनाद रैली के लिए आगमन हुआ। महासमुंद लोकसभा एवं कांकेर लोकसभा से भाजपा परिवार के इस महारैली मे लाखों कार्यकर्ताओं ने स्वागत वंदन किये। इसी कड़ी मे कुरूद विधानसभा क्षेत्र से 7000 से अधिक कार्यकर्तागण सम्मिलित होकर मोदी जी के विशाल जनसभा के साक्षी बने। इस महारैली को सफल बनाने मे लगे हज़ारों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और नेताओं के भारी भरकम मेहनत और जज़्बे के कारण जिले के पुण्य भूमि में यशस्वी प्रधानमंत्री जी सफलतम महारैली संपन्न हुआ जिसमें सभी नेतागणों, कार्यकर्ताओं और लाखों के संख्या में उपस्थित आमजनो को उपमुख्यमंत्री साव, मंत्रीगण, विधायकगण, सांसदगण भाजपा के तीनों भाजपा प्रत्याशियों, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष.महामंत्री सहित समस्त अतिथियों, लोकसभा क्षेत्र के समस्त भाजपा पदाधिकारियों का वंदन अभिनंदन करते हुए मोदी जी के सभा के लिए कृतज्ञता व्यक्त किये।

# वन्दे मातरम् मित्र मंडल ने सफाई कर्मियों के साथ हनुमान जयंती मनाई

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




वन्दे मातरम् मित्र मंडल ने सामाजिक समरसता की ओर एक कदम बढ़ाते हुए हेमू नगर स्थित हनुमान मंदिर में सफाई कर्मियों के साथ पूजा अर्चना की,हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती की। हेमू नगर में निवासरत सफाई कर्मचारियों के द्वारा बनाया हुआ भंडारा एवं उनके द्वारा परोसा गया प्रसाद वन्दे मातरम् के सदस्यों ने ग्रहण किया।

इस अवसर पर हेमू नगर के बेरीसाल परिवार ने वन्दे मातरम् मित्र मंडल के सभी सदस्यों को पंगत में बिठाकर पूर्ण भारतीय पद्धति से प्रसाद ग्रहण कराया। इस अवसर पर महेंद्र जैन एस एन तिवारी अरविंद गर्ग प्रकाश लाल श्याम जी भाई पटेल अशोक त्रिपाठी बाल गोविंद अग्रवाल नित्यानंद अग्रवाल पृथ्वी सहगल पार्थो मुखर्जी अशोक शर्मा नवीन दुबे मनहरण वर्मा पी पी सोनी प्रफुल्ल मिश्रा जय सिंह चंदेल अशोक अग्रवाल के के दुबे राजकुमार पांडे दिलीप शुक्ला दिलीप बिनोदिया एमके पटनायक सुनील पांडे अनूप मुखोपाध्याय अनिल प्रसाद राजकुमार वस्त्रकार के सी शर्मा राजेंद्र ग्वाल नरेंद्र सेंगर अशोक शर्मा राजकुमार जायसवाल कमलेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

फार्मेट सी–7

(राजनैतिक दलों द्वारा समाचार पत्र, दल के सोशल मीडिया प्लेटफार्म और वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाने हेतु)

अभ्यर्थी के रूप में चयनित किए गए लंबित आपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों से संबंधित सूचना और ऐसे चयन के कारण तथा बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नही चुना गया, से संबंधित विवरण

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.–536 में वर्ष 2018 की अवमानना याचिका (सिविल) सं. 2192 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 13 फरवरी 2020 के आदेश अनुसरण में जारी आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम :– इंडियन नेशनल कांग्रेस
निर्वाचन का नाम :– लोकसभा चुनाव वर्ष–2024
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम :– छत्तीसगढ़
(1) निर्वाचन क्षेत्र का नाम :– लोकसभा क्षेत्र कं.–05 बिलासपुर
अभ्यर्थी का नाम :– श्री देवेन्द्र सिंह यादव

| स.क. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आपराधिक पूर्ववृत | | |
| | क | अपराधों की प्रकृति | 1. धारा–353, 186, 332, 427, 147 भा.दं.वि.<br>2. धारा–147, 427 भा.दं.वि.<br>3. धारा–147, 148, 188, 353, 332, 186 भा.दं.वि.<br>4. धारा–3, 04 एम.पी.एम.एल.ए. अधिनियम 2002.<br>5. धारा–7, 7ए पी.सी. अधिनियम 1988 एवं 420 120बी भा.दं.वि. |
| | ख | मामला संख्या | 1. प्रकरण कं. 4884/2018<br>2. प्रकरण कं. 2158/2015<br>3. प्रकरण कं 681/2013 (नया नंबर–22283/2013)<br>4. प्रकरण क. 03/2023<br>5. प्रकरण कं. 3/2024 (EOW/ACB Under Investigation) |
| | ग | न्यायालय का नाम | 1. रंजू वैष्णव, सप्तम सिविल जज, श्रेणी–2, रायपुर<br>2. अंकिता कश्यप, सिविल जज, श्रेणी–2, बिलासपुर<br>3. नेहा यती, सिविल जज, श्रेणी–1, रायपुर<br>4. अतुल कुमार श्रीवास्तव, एडीजे, विशेष जज(PMLA) रयपुर<br>5. EOW/ABC, रयपुर (विवेचनाधीन) |
| | घ | क्या आरोप विरचित कर दिए गए है या नही(हां/नही) | नही है |
| | ङ | दोषसिद्धि की तिथि, यदि कोई हो | नही है |
| | च | भुगती गई सजा का विवरण, यदि कोई हो | नही है |
| 2 | अभ्यर्थी के चयन का कारण, चयन अभ्यर्थी की योग्यता, उपलब्धि और उसकी मेरिट को देखते हुए किया जाएगा न कि सिर्फ मतदान में विजय प्राप्त करने की क्षमता (100 शब्द से अधिक न हो) | | जिस पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, उससे संबंधित कौशल संचार नेतृत्व, समस्या समाधान जैसे क्षेत्रों में दक्षता भी महत्वपूर्ण है। राजनैतिक प्रणाली के कामकाज का बेहतर ज्ञान मतदाताओं के बीच लोकप्रियता व्यापक स्तर पर लागों से अपील करने और जनता का समर्थन आकर्षित करने की क्षमता. विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के बीच संतुलन बनाए रखने की क्षमता, उम्मीदवार को पार्टी की विचारधारा नान्यताओं और मूल्यों के प्रति कटिबद्ध होने के कारण चुना गया है। |
| 3 | यह कारण बताएं कि बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप क्यों नही चुना गया (100 शब्द से अधिक न हों) | | पार्टी उम्मीदवार के चयन के लिये आंतरिक विचार विमर्श और बातचीत करती है। क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व जैसे कारक उम्मीदवार के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उम्मीदवार की पसंद मतदाता पर निर्भर करती है। उम्मीदवार के पास कांग्रेस के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक कौशल, अनुभव और समर्पण है। यह उम्मीदवार निर्वाचित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव और प्रगति लाने की क्षमता रखता है और लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करेगा। |

राज्य सभा या विधानसभा सदस्यों (एमएलए) द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

# ऑनलाइन सट्टेबाजी कर रहे पांच अंतरराज्यीय समेत 8 सटोरिये पकड़ाए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



आईपीएल मैच पर लाखों-करोड़ों का दांव लगता है। वहीं रायपुर पुलिस इन सटोरियों के नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। ऐसे ही एक मामले में रायपुर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे का भंडाफोड़ करते हुए पश्चिम बंगाल से कई सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप-मोबाइल सहित कई बैंक के पासबुक व एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं। वहीं कई खातों में लाखों रुपए जमा हैं। मामला गंज थाना का है। दरअसल 22 अप्रैल को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित सत्कार होटल गली पास एक व्यक्ति अपने मोबाईल फोन में आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खेला रहा है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गंज को व्यक्ति को गिरफ्तार करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्ति के पास रखें मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा मोबाईल फोन में आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खेलना पाया गया। व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कुछ मोबाईल नंबरों के धारकों से लाईन लेकर ऑनलाईन सट्टा खेलना बताने के साथ ही मोबाईल नंबर के धारकों को कलकत्ता पश्चिम बंगाल में होना बताया गया। चूंकि एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट रायपुर की टीम थाना माना के प्रकरण में आरोपी पतासाजी हेतु पूर्व से कलकत्ता पश्चिम बंगाल में उपस्थित थी। जिस पर अधिकारियों ने कलकत्ता में कैम्प कर रहीं टीम को सटोरियों पर कार्रवाई करने निर्देशित किया। जिस पर टीम ने न्यू टाउन गोलाबारी 24 परगना स्थित एक फ्लैट में रेड मारी। इस दौरान फ्लैट में 8 व्यक्ति उपस्थित थे, जो लैपटॉप व मोबाईल फोन के माध्यम से सेटअप तैयार कर ऑनलाईन सट्टा संचालित कर रहे थे। सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान रेड्डी अन्ना एप एवं ऑन लाईन माध्यम से सट्टा खिलाना स्वीकार करने के साथ ही इसका मुख्य सरगना समता कालोनी आजाद चौक रायपुर निवासी मोहित सोमानी को होना बताया गया। 8 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 5 लैपटॉप, 36 मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 12,00,000/- रूपये तथा 24 बैंक पास बुक एवं 24 एटीएम कार्ड जप्त किया गया है। सटोरियों के पास 1 दर्जन से अधिक बैंक खाते है, जिनमें सट्टों के पैसों का लेन-देन होता था तथा इन खातों में लाखों रूपये जमा है, के विरुद्ध विधि अनुरूप कार्यवाही की जायेगी। आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 188/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण का मुख्य सरगना मोहित सोमानी फरार है, जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

# विधायक रेणुका को प्रधानमंत्री का दिल्ली बुलावा

## अंबिकापुर के आमसभा में सीएम की कुर्सी पर विधायक रेणुका को बिठाकर की चर्चा



पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबिकापुर के पीजी कालेज में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद रैली के दौरान छत्तीसगढ़ व सरगुजा संभाग और भरतपुर सोनहत विधानसभा के विकास कार्यो को लेकर विस्तृत चर्चा की चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायक रेणुका सिंह को दिल्ली बुलाया। प्रधानमंत्री अंबिकापुर में सरगुजा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंच पर पहुंचे तो विधायक रेणुका सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया तो प्रधानमंत्री ने रेणुका सिंह से उनका हालचाल पूछा। विजय संकल्प। शंखनाद आमसभा के दौरान विधायक रेणुका सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत चर्चा का विषय रही। गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश की पहली विधानसभा भरतपुर सोनहत विधानसभा सीट से विधायक रेणुका सिंह सरगुजा लोकसभा से सांसद रह चुकी है व मोदी सरकार में प्रदेश से इकलौती केंद्रीय मंत्री रही है।

### सीएम की कुर्सी पर बिठाकर की चर्चा

विजय संकल्प शंखनाद रैली को जब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संबोधित कर रहे थे तब मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठे थे इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कुछ दूरी पर बैठी विधायक रेणुका सिंह को नरेंद्र मोदी ने बुलाया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिस कुर्सी पर बैठे थे उसमे बिठाया और लगभग 7 मिनट तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने प्रदेश के विकास कार्यों और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर चर्चा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेणुका सिंह को दिल्ली आने के लिए कहा।

# घर-घर जाकर बंटने लगे मतदाता पर्चे, कम मतदान क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक भी किया जा रहा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर निगम क्षेत्र में कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार मतदाता पर्चे घर-घर जाकर बांटा जा रहा है। साथ ही कम मतदान वाले क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने जागरूकता भी लाई जा रही है। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अपर आयुक्त विनोद पांडे ने निगम क्षेत्रों के अलग-अलग जगहों पर जाकर मतदाता पर्चियां बांटे जाने के कार्य का अवलोकन किया। साथ ही नागरिकों से मतदान करने हेतु प्रेरित भी किया। पांडे ने बताया कि शहर के सभी 10 जोनों के प्रत्येक वार्डों में बूथ लेवल आफिसर के माध्यम से मतदाता पर्चे बाटे जा रहे हैं। इस कार्य में निगम की टीम भी जुटी हुई है। निगम के राजस्व अमले को भी इसमें लगाया गया है। इसी के साथ ही विधानसभा चुनाव चुनावों के समय जिन मतदान केंद्रों में कम मतदान हुआ था, वहां अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए वहां के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य भी किया जा रहा है। मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूकता रैलियां भी निकाली जा रही है।

# श्री बालाजी भगवान मंदिर स्थापना एवं प्राणप्रतिष्ठा का छठवां वार्षिकोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी भगवान मंदिर स्थापना एवं प्राणप्रतिष्ठा का छठवां वार्षिक उत्सव समारोह 28.04.2024, रविवार को अयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन श्री बालाजी भगवान मंदिर परिसर, मोवा, रायपुर में किया गया है।





### कार्यक्रम विवरण का विवरण

सुबह 7 00 बजेः श्री बालाजी भगवान महाअभिषेकम पूजन।
संध्या 7:00 बजे श्री बालाजी भगवान वेंकटेश्वर स्वामी जी की महाआरती एवं प्रसादम।

# बिलासपुर संभाग कलस्टर प्रभारी पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने की चुनाव तैयारी की ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के बिलासपुर संभाग कलस्टर के प्रभारी अमर अग्रवाल जशपुर पहुंचे। अमर अग्रवाल ने बगीचा के यादव भवन में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी के तीनो विधानसभाओं की कोर कमेटियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली। अमर अग्रवाल, अंबिकापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा में शामिल हो कर,वापस बिलासपुर लौटने के क्रम में जशपुर पहुंचे थे। इस बैठक में बिलासपुर संभाग कलस्टर के सह प्रभारी कृष्ण कुमार राय, लोकसभा प्रभारी प्रबोध मिंज, पत्थलगांव की विधायक गोमती साय, लोकसभा सह संयोजक विजय अग्रवाल, जशपुर की विधायक रायमुनि भगत, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रियवंदा सिंह जूदेव भी शामिल थे। समीक्षा बैठक में कलस्टर प्रभारी ने जिले की तीनों विधानसभा सीट जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव में लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही गतिविधियों की पदाधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान होने मतदाताओं तक पहुंचने के लिए पार्टी द्वारा निर्धारित कार्ययोजना चाय पर चर्चा, महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का अभिनंदन, मतदाता पर्ची वितरण के आयोजन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होनें जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को जिन मंडलों में इस कार्य योजना का क्रियान्वयन नहीं हो पाया है,वहां,नए सिरे से तिथि निर्धारित कर, कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक को लोकसभा के सह संयोजक विजय अग्रवाल, लोक सभा प्रभारी प्रबोध मिंज ने भी संबोधित किया। कलस्टर सह प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने अमर अग्रवाल को बताया कि जशपुर के तीनो विधानसभाओं में कार्यकर्ता, पूरे समर्पण से प्रचार में जुटे हुए है। झंडा बैनर लगाने के साथ नुक्कड़ सभा, चाय पर चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर से इसकी मानिटरिंग के साथ आवश्यक सहायता भी उपलब्ध कराया जा रहा है। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अमर अग्रवाल ने विधायक गोमती साय,रायमुनि भगत और प्रियवंदा सिंह से भी चर्चा की। इन्होनें,कलस्टर प्रभारी को आश्वस्त किया कि जशपुर जिले की तीनो विधानसभा सीटो से पार्टी को ऐतेहासिक बढत दिला कर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हाथ मजबूत करेगें।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की तैयारियों की समीक्षा की

**दुर्ग।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई और इसमें दुर्ग लोकसभा सीट के तहत जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र और 3 आंशिक विधानसभा क्षेत्रों की गतिविधियों को शामिल किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सुचारू एवं सफल चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए शुरू से ही प्रभावी तैयारियों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी और परेशानी मुक्त तरीके से कराने के लिए समन्वय से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हर एक नागरिक का मतदान सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि गर्मी का विशेष ध्यान रखते हुए पेयजल, छाँव में बैठक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता पड़ने पर 1000 से अधिक मतदाता वाले केंद्रों में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए।

# रेल्वे स्टेशन, यह रेल नरेन्द्र मोदी सरकार की विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रेल्वे स्टेशन में यात्रियों से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुये कहा कि गर्मी की छुट्टियां चल रही है, शादी-ब्याह का सीजन है, लोग महीनों पहले टिकिट बुक करवा कर रखे है लेकिन ऐन यात्रा के दिन ट्रेनों के रद्द होने का फर्मान जारी हो जाता है। अकेले रायपुर रेलवे स्टेशन में प्रतिदिन हजारों यात्री ट्रेनों के लेट लतीफी और रद्द होने के कारण परेशान है। वर्तमान में एक बार फिर 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। 40 ट्रेने पहले से रद्द है। देश में कोई भी ट्रेन नहीं है जो समय पर गंतव्य के लिये चलती हो घंटो लेट लतीफी भारतीय रेल की पहचान बन गयी है। यह मोदी सरकार की तानाशाही और छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया है पिछले 3 साल से अधिक समय से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 62000 ट्रेनों को बिना किसी ठोस कारण के रद्द किया जाता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने का मतलब यात्री ट्रेनों को बंद करने के षड़यंत्र करने का समर्थन करना होगा। रेलवे को बचाने के लिए आवश्यक है कि देश से मोदी सरकार की विदाई की जाये। देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधाएं इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PHARMACY AND RESEARCH CENTRE, RAIPUR
Affiliated by CSVTU and PCI
Shri Balaji Institute of Pharmacy and Research Centre invites the applications for the following posts.

| | |
|---|---|
| PRINCIPAL | - 01 |
| ASSISTANT PROFESSOR | - 02 |
| LECTURER | - 03 |

In the discipline of Pharmaceutical Sciences
Qualification : Experience and Pay scale as per CSVTU and PCI norms. Interested and eligible candidates can/may send their resume along with the relevant testimonial and passport size photograph within 15 days of this advertisement.
email : sbp.raipurcg@gmail.com, hrsbp.raipur@gmail.com
Shri Balaji Institute of Pharmacy and Research Centre, Mowa Raipur
Contact : 0771-4241057, 98271-18884, 99261-36950

25 April 2024 Pride Of Raipur

भामरा गार्डन
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

CITY SAH Yatri
छत्तीसगढ़ में पहली बार
0/- रूपयें में ई-रिक्शा घर ले जाये
ये स्कीम सीमित समय के लिये कहीं मौका हाथ से निकल ना जाये...
आज ही बुक कराये, पहले आए पहले पाएं
एक बार चार्ज होने पर 80-110 किमी. चलती जाए...
करन मोटर्स
मो.: 9826777050, 9584500013
• स्टेशन रोड, गुरुद्वारा के पास तेलघानी नाका, रायपुर
• हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
50% Discount
Special Discount on ADMISSION FEES
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes
• Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal attention on each students
• Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact:- 07771-4000123

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
www.makazadpharmacy.com

KSR Kisan Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

FINOLEX PIPES
Agriculture, Plumbing & Sanitation.
Auth. Distributers
M.R. Traders
93291-03793, 86460-60607
Opp. Deshbandhu School, Station Raod, Raipur

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403